हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 25.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 240 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

## सांसदों के वेतन और पेंशन में बढ़ोत्तरी

### यह बढ़ोत्तरी 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी रहेगी

- लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों की सैलरी में हुई बढ़ोतरी।
- सांसदों का वेतन 1 लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रति माह हुआ।
- पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 से बढ़कर 31,000 रुपये प्रति माह हुई।



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन को बढ़ा दिया है। सांसदों की सैलरी के अलावा भत्ते और पूर्व संसद सदस्यों की पेंशन में भी बढ़ोत्तरी की गई है। यह बढ़ोतरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोमवार को एक गजट नोटिफिकेशन जारी किया। नोटिफिकेशन के अनुसार, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का वेतन 1 लाख रुपये से बढ़कर 1 लाख 24 हजार रुपये प्रति माह हो गया है। वहीं, दैनिक भत्ता 2,000 रुपये से बढ़कर 2,500 रुपये हो गया है। इसके अलावा पूर्व सांसदों की पेंशन भी 25,000 रुपये से बढ़कर 31,000 रुपये प्रति माह हो गई है। इसके अलावा, पांच साल से अधिक की सेवा के लिए अतिरिक्त पेंशन 2,000 रुपये से बढ़कर 2,500 रुपये हो गई है। यह फैसला संसद के बजट सत्र के बीच में आया है। इससे पहले, सांसदों के वेतन और भत्तों में बदलाव अप्रैल 2018 में किया गया था।

#### 2018 में हुआ था आखिरी बार बदलाव

2018 में सांसदों का मूल वेतन 1 लाख रुपये महीना तय किया गया था। इसका मकसद था कि उनकी सैलरी महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के हिसाब से हो। 2018 के बदलाव के अनुसार, सांसदों को अपने क्षेत्र में ऑफिस चलाने और लोगों से मिलने-जुलने के लिए 70 हजार रुपये का भत्ता मिलता है। इसके अलावा, उन्हें ऑफिस के खर्च के लिए 60 हजार रुपये महीना और संसद सत्र के दौरान हर दिन 2 हजार रुपये का भत्ता मिलता है। अब इन भत्तों में भी बढ़ोत्तरी की जाएगी।
इसके अलावा, सांसदों को हर साल फोन और इंटरनेट इस्तेमाल करने के लिए भी भत्ता मिलता है। वे अपने और अपने परिवार के लिए साल में 34 फ्री डोमेस्टिक फ्लाइट में सफर कर सकते हैं। वे काम के लिए या निजी तौर पर कभी भी फर्स्ट क्लास में ट्रेन से यात्रा कर सकते हैं। सड़क से यात्रा करने पर भी उन्हें ईंधन का खर्च मिलता है। सांसदों को हर साल 50 हजार यूनिट बिजली और 4 हजार किलोलीटर पानी भी मुफ्त मिलता है। सरकार उनके रहने का भी इंतजाम करती है। सांसदों को दिल्ली में 5 साल के लिए बिना किराए के घर मिलता है। उन्हें उनकी सीनियरिटी के हिसाब से हॉस्टल के कमरे, अपार्टमेंट या बंगले मिल सकते हैं। जो सांसद सरकारी घर नहीं लेते, उन्हें हर महीने घर का भत्ता मिलता है।

#### सरकारी गाड़ी और स्टाफ असिस्टेंट

सांसदों को आधिकारिक कार्यों के लिए सरकारी गाड़ी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे अपने संसदीय और क्षेत्रीय कार्यों को आसानी से कर सकें। इसके अलावा, रिसर्च असिस्टेंट और स्टाफ असिस्टेंट की सुविधा भी मिलती है, जो उनके कार्यों को सुचारु रूप से पूरा करने में मदद करता है।

#### मुफ्त मेडिकल सुविधाएं

सांसदों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सभी मेडिकल सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त मिलती हैं। वे केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना के तहत मुफ्त इलाज प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी बीमारी का इलाज भारत में संभव नहीं है, तो विशेष अनुमति के तहत सरकार विदेश में इलाज का पूरा खर्च उठाती है। सांसदों को यह मेडिकल सुविधा पद छोड़ने के बाद भी आजीवन मिलती रहती है। इसके तहत पूर्व सांसद और उनके जीवनसाथी को भी इलाज की सुविधा मिलती है, जिससे वे स्वास्थ्य से जुड़े किसी भी खर्च की चिंता किए बिना चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## ओबीसी आरक्षण के साथ होगा नगर निकाय चुनाव : सुदिव्य सोनू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सोमवार को सदन में निकाय चुनाव का मुद्दा उठा। विधायक सरयू राय ने सवाल पूछा कि सरकार ने उच्च न्यायालय के सामने कहा है कि हम नगर निकाय का चुनाव चार महीना के भीतर करा लेंगे। ये चार महीना की अवधि 16 मई को पूरा हो रहा है। 16 महीने के एक महीने पहले घोषणा होगी तभी तो चुनाव हो पाएगा। जो रफ्तार दिखाई पड़ रही है सरकार की उसमें ट्रिपल टेस्ट संभव नहीं हो पाएगा तब तक। तो क्या सरकार उच्च न्यायलय का निर्णय मानकर बिना ट्रिपल टेस्ट के भी चुनाव कराएगी या ट्रिपल टेस्ट कराकर ही चुनाव कराना है तो उच्च न्यायलय से और समय मांगेगी।
इसपर दीपक बिरुआ ने कहा कि 21 जिलों का सर्वेक्षण का काम पूरा हो गया है और 3 जिलों का बाकी है। कोर्ट और सरकार का मामला है 16 मई में अभी वक्त है इसलिए हमलोग उम्मीद करते हैं कि सरकार जल्द इस काम को पूरा कर लेगी। दीपक बिरुआ के बाद मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि 21 जिलों में हमलोगों ने ट्रिपल टेस्ट का सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया है। 3 जिलों में काम बाकी है। सरकार खुद संकल्पित है कि ओबीसी को उसका आरक्षण मिले। सरकार न्यायदेशों का सम्मान भी करती है। यदि हाईकोर्ट का कोई आदेश आता है तो भी सरकार हाईकोर्ट से यह गुहार लगाएगी कि चुकी ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मामला है तो निश्चत रूप से कुछ समय हमे देते हुए ट्रिपल टेस्ट कराकर ही ओबीसी आरक्षण के उपरांत ही नगर निकाय के चुनाव कराने का आदेश दे।
इसपर नवीन जायसवाल ने कहा कि हमलोगों ने इसी सरकार में देखा है कि मुखिया जिला परिषद के चुनाव में बिना ओबीसी को आरक्षण दिए चुनाव हो गया। क्या सरकार ओबीसी को आरक्षण देते हुए 16 मई के पहले हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार चुनाव कराएगी की नहीं। इसपर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि परिस्थितियों के कारण मुखिया का चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के हुआ था। परिस्थितियां जब अनुकूल ना हो और चुनाव ना हो तो केंद्र ग्रांट रोकती है। मुखिया के चुनाव के समय भी यही परिस्थितियां थी। आज नगर निकाय चुनाव के समय भी यही परिस्थितियां है। कि सरकार ने बड़ा पैसा रोक रखा है। आज पिछड़ों के आरक्षण पर नवीन जी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। मै स्पष्ट शब्दों में यह कहता हूं कि भाजपा के शासन में 27 फीसद आरक्षण को घटाकर 14 फीसद किसी ने किया है तो उस पार्टी के भागीदार नवीन जी हैं। सुदिव्य सोनू ने कहा कि सरयू राय जानना चाह रहे है कि कंटेप्ट पर सरकार का रूख क्या होगा। तो बता दें कि 16 तारीख की तिथि तक चुंकी कुछ समय अभी हमारे पास बचा हुआ है शेष तीन जिलों का अगर ट्रिपल टेस्ट आ जाता है और हम आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए निकाय चुनाव के उन सीटों को आरक्षित करने में कामयाब होते है तो हम निश्चित समयअवधि में हम चुनाव कराएंगे। यदि इसके बाद भी किसी कारणवश ये परिस्थितियां निर्मित हुई तो हम कोर्ट से आग्रह करेंगे कि कोर्ट हमें कुछ समय और दे।

### एक नजर

#### पटना में झोपड़ी में लगी आग, 2 बच्चों की जिंदा जलने से मौत

**पटना :** पटना के गौरीचक इलाके में देर रात एक झोपड़ी में आग लग गई। आग में जिंदा जलने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चे घायल हैं। मृतकों की पहचान सन्नी कुमार और आदित्य कुमार के तौर पर हुई है। घटना जनकपुर मोड़ के पास की है। पीड़ित सुधीर नट और विजेंद्र नट ने बताया हमलोग यहां पर झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ कई सालों से रह रहे हैं। देर रात हमलोग सभी सो रहे थे। इस दौरान झोपड़ी में आग लग गई। चंद मिनटों में आग की लपटें चारों ओर फैल गई। आसपास की 2 झोपड़ियों को भी अपने चपेट में लिया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान आग की चपेट में आने से 2 बच्चों की मौत हो गई। मामले की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

#### एससी ने छात्रों की आत्महत्या से निबटने के लिए राष्ट्रीय टास्क फोर्स का किया गठन

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के चल रहे मुद्दे को स्वीकार किया और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से निपटने तथा ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया। शिक्षण संस्थानों में आत्महत्याओं के एक परेशान करने वाले पैटर्न पर प्रकाश डालते हुए, न्यायालय ने छात्रों को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले अंतर्निहित कारकों को संबोधित करने के लिए एक मजबूत, अधिक व्यापक और उत्तरदायी प्रणाली की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। परिसरों में छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और छात्रों को आत्महत्या करने जैसे चरम कदम उठाने से रोकने के लिए मौजूदा कानूनी और संस्थागत ढांचे की अपर्याप्तता और अप्रभावीता की गंभीर याद दिलाती हैं।

## मुख्यमंत्री आवास में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार हुए शामिल




- मुख्यमंत्री ने राज्य की उन्नति, प्रेम-भाईचारा, खुशहाली, बरकत और रहमत की दुआ की।
- मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान की दी दिली मुबारकबाद।
- दावत-ए-इफ्तार में सभी धर्मों के लोग हुए शामिल।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से माह-ए-रमजान के मुबारक मौके पर आज मुख्यमंत्री आवास में दावत -ए- इफ्तार का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान की दिली मुबारकबाद दी। मौके पर सभी धर्म के लोगों ने एक साथ रोजा इफ्तारी की। दावत -ए- इफ्तार में मुख्यमंत्री के साथ सभी ने राज्य की उन्नति, सुख- समृद्धि, विकास और अमन- चैन के साथ- साथ प्रेम-भाईचारा, खुशहाली, बरकत और रहमत की दुआ की। दावत- ए -इफ्तार में मंत्री दीपक बिरुवा, चमरा लिण्डा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन अंसारी, दीपिका पाण्डेय, सुदिव्य कुमार के अलावे कई विधायकगण, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए।

## प्राइवेट स्कूल की मनमानी पर ढाई लाख का जुर्माना लगा सकती है कमेटी : रामदास सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र में प्राइवेट स्कूल की मनमानी और री-एडमिशन के नाम पर फीस में बढ़ोतरी का मामला उठा। सोमवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा की झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल में री-एडमिशन के नाम पर हर साल 10 से 20 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी जाती है। इतना ही नहीं किताबों में भी कमीशन वसूलने का काम होता है। स्कूल की ओर से किसी खास दुकान से ही किताब और ड्रेस खरीदने के लिए कहा जाता है। रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल गरीब का खून चूसने का काम कर रहे हैं।
इस सवाल का सदन में जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि प्राइवेट स्कूल की मनमानी रोकने के लिए शुल्क समिति का गठन स्कूल में किया जाता है जिसमें परिजन के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकों को भी कमिटी में रखा जाता है। इसके अलावा जिला में भी कमेटी बनाई जाती है। जिला कमेटी में उपायुक्त, सांसद और विधायक रहते हैं। मंत्री ने कहा कि कमेटी चाहे तो स्कूल प्रबंधन पर ढाई लाख तक का जुर्माना लगा सकती है। विधानसभा में सूचना के माध्यम से विधायक सीपी सिंह ने डोरंडा पुलिस से जुड़ा एक मामला उठाया। सीपी सिंह ने सदन में बताया कि रांची विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों को डोरंडा थाना की पुलिस तीन दिन तक थाने में रखी। उसके बाद थाना प्रभारी एक दारोगा के माध्यम से पैसे की मांग की। सीपी सिंह ने बताया कि दोनों लड़के का दोष सिर्फ इतना था कि नदी के उस पार उनका घर बन रहा है। निमार्णाधीन घर में दोनों हर दिन पानी पटाने जाते थे। इस दौरान बगल के घर में चोरी हुई तो शक के आधार पर दोनों युवकों को पकड़कर 72 घंटे तक थाना में रखा गया। सीपी सिंह ने कहा कि मैं भी लॉ का स्नातक हूं। मुझे पता है कि पुलिस पूछताछ के लिए किसी को भी थाना बुला सकती है। लेकिन 72 घंटे तक थाना में नहीं बैठा सकती है।

#### जल्द होगी 4919 पदों पर पुलिस की भर्ती : मंत्री

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र के 17 वें दिन सोमवार को सदन में राज्य में पुलिस बल की कमी और आठ घंटे से अधिक ड्यूटी लेने का मामला उठा। बाघमारा से भाजपा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने तारांकित प्रश्न के जरिये सदन के माध्यम से सरकार को बताया कि राज्य में पुलिस बल की काफी कमी है। इसके कारण अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। साथ ही पुलिसकर्मियों से 24 घंटे काम लिया जा रहा है। शत्रुघ्न महतो महतो ने जल्द से जल्द पुलिस की भर्ती और नियम के हिसाब से सेवा लेने की मांग की। सदन की कार्यवाही 11.6 बजे हुई। सदन में जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री योगेन्द्र महतो ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के हिसाब से पुलिस बल की संख्या कम नहीं बल्कि ज्यादा है। साथ ही 4919 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही नियुक्ति करके पुलिस कर्मियों की और कमी जो महसूस हो रही है उसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## सीबीआई ने किया एनएचएआइ के जीएम सहित राम कृपाल कंस्ट्रक्शन के 4 लोगों को गिरफ्तार, 1.18 करोड़ नकद जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सीबीआई दिल्ली ने घूसखोरी के मामले में चर्चित कंपनी राम कृपाल कंस्ट्रक्शन की तीन लोगों सहित एनएचएआइ के जेनरल मैनेजर को 15 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी का जेनरल मैनेजर सरेश महापात्रा, एनएचआइ के जेनरल मैनेजर रामप्रीत पासवान को घूस की रकम दे रहा था। सीबीआई ने घूस की रकम का आदान- प्रदान होते ही यह गिरफ्तारी की। एनएचएआई का अधिकारी पटना स्थित आपने आवास के पास घूस की रकम ले रहा था।
गिरफ्तार अभियुक्तों में रामप्रीत पासवान, जीएम एनएचआइए, पटना, बरूण कुमार सिंह, राम




कृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन, चेतन शर्मा, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन का कर्मचारी, सुरेश महापात्रा, जेनरल मैनेजर, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन हैं। दरअसल सीबीआई को इस बात की जानकारी मिली थी कि एनएचआइए के जेनरल मैनेजर एक निजी कंपनी से घूस लेने वाले हैं। इस सूचना की सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि निजी कंपनी के लोगों ने घूस की रकम की व्यवस्था करने के बाद एनएचएआई के अधिकारी से संपर्क किया था।
संबंधित अधिकारी से घूस की रकम लेने के लिए निजी कंपनी के लोगों को पटना में बुलाया था। सीबीआई अधिकारियों का दल सूचना एकत्रित करने के बाद घात लगाये बैठा था। घूस की रकम का आदान-प्रदान होते ही सीबीआई अधिकारियों के दल ने एएचएआई के जेनरल मैनेजर और निजी कंपनी के तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके बाद बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में मामले से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापा मारकर एक करोड़ 18 लाख 85 हजार रुपये नकद जब्त किया। घूसखोरी के इस मामले में सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें 12 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। अभियुक्तों में छह पब्लिक सर्वेंट हैं।

**सीबीआई ने इन 12 लोगों को अभियुक्त बनाया है**

- वाई. बी. सिंह, चीफ जेनरल मैनेजर एनएचएआइ, पटना
- रामप्रीत पासवान, जीएम एनएचएआई, पटना
- कुमार सौरभ, डीजीएम, एनएचएआई, पूर्णिया
- ललित कुमार, प्रोजेक्ट डॉरेक्टर, एनएचएआई, मुजफ्फरपुर
- अंशुल ठाकुर, साईट इंजीनियर, एनएचएआई, मुजफ्फरपुर
- हेमेन मेहदी, एजीएम, एनएचएआई, पटना
- बरुण कुमार, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन का कर्मचारी
- सुरेश महापात्रा, जीएम, रामकृपाल कंस्ट्रक्शन
- अमर नाथ झा, जेनरल मैनेजर राम कृपाल कंस्ट्रक्शन
- चेतन शर्मा, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन का कर्मचारी
- सत्य नारायण सिंह, पप्पु, ठेकेदार, मुजफ्फरपुर
- राम कृपाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

## साहिबगंज में रहस्यमयी बीमारी ने ली 10 दिनों में पांच बच्चों की जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के मंडरो प्रखंड की बसहा पंचायत अंतर्गत नगरभिठ्ठा पहाड़ पर 10 दिनों में पांच मासूम बच्चों की मौत हो गयी है। इसके पीछे अज्ञात बीमारी को कारण बताया जा रहा है। इससे पूरे गांव में दहशत है। रविवार को भी सोमरा पहाड़िया की दो वर्षीया बच्ची सजनी पहाड़िन की मौत हो गयी। इसके बाद पहाड़ी रीति-रिवाजों के अनुसार उसका अंतिम संस्कार गांव के मशानी घाट पर किया गया। इन बच्चों की मौत के बाद धर्मा पहाड़िया, छोटा मैसा पहाड़िया, सामु पहाड़िया, चांदु पहाड़िया और केलु पहाड़िया जैसे कई परिवार के सदस्य मातम में डूबे हुए हैं।

#### पहले आंख पीली पड़ती है फिर होता हे तेज बुखार

ग्राम प्रधान मैसा पहाड़िया ने बताया कि ऐसी बीमारी गांव में पहले कभी नहीं देखी गयी थी। ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित बच्चों की सबसे पहले आंखें पीली पड़ने लगती हैं। फिर उन्हें सर्दी, खांसी, तेज बुखार और सिरदर्द की शिकायत होती है। इनमें से कुछ बच्चों की हालत इतनी गंभीर हो गयी कि उन्हें बचाया नहीं जा सका।
इधर बीमारी की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल मेडिकल टीम को गांव भेजा है। डॉक्टरों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच शुरू की। मेडिकल टीम ने गांव के सभी लोगों का ब्लड सैंपल कलेक्ट किया, जिसे जांच के लिए धनबाद भेजा जायेगा। मंडरो में पहाड़ पर अज्ञात बीमारी से बच्चों की मौत की सूचना एमओआइसी से मिली है। एमपीडब्ल्यू और स्वास्थ्य कर्मी को स्वास्थ्य जांच करने के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि क्या बीमारी है? स्वास्थ्य विभाग नजर बनाये हुए हैं।

# डीजीएम हत्याकांड में शामिल शूटर सहित चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

▸ दहशत बना कर बड़कागांव क्षेत्र में अवैध वसूली करना था अपराधियों का मंशा : डीआईजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के कटकमदाग थाना के फतहा चौक पर बीते 8 मार्च को एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव की अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दिया गया जिसके बाद ईलाज के लिए आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग लाया गया जहां ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मामले के बाबत कटकमदाग थाना कांड संख्या 47 / 25 धारा 103 (1)/3(5) बीएन एस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत दो अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। तदुपरांत हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कांड का उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय हजारीबाग के नेतृत्व में एक एस आई टी टीम का गठन किया उपरोक्त एसआईटी टीम के द्वारा गहराई से अनुसंधान करते हुए इस कांड के शामिल शूटर तथा रेकी करने वालों लोगों की पहचान स्थापित करते हुए सत्यापन का गिरफ्तारिक कर ली गई तथा कांड का पूर्ण रूप से उद्भेदन भी कर लिया गया। इस मामले के उद्भेदन के बाद पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव कुमार महथा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता किया प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि बड़कागांव केरेडारी कोयला क्षेत्र में कार्य कर रही कंपनी एन टी पी सी, बी जी आर, ऋत्विक सैनिक में डर का माहौल पैदा कर लेवी वसूलने के उद्देश्य इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है आगे उन्होंने बताया कि इस तरह की घटना को अंजाम देने के लिए संगठन के लोगों को मासिक रकम दिया जाता



था एवं मोबाइल के विशेष ऐप का प्रयोग करने हेतु कहा जाता था । आरोपियों ने 27 फरवरी को संगठन के कहने पर मिंटू कुमार पासवान उर्फ छोटा छतरी, राहुल कुमार मुंडा, मनोज माली के साथ प्लान तैयार किया संगठन के माध्यम से चतरा निवासी अजय यादव के पास से हथियार गोली उपलब्ध कराया। चतरा से लाने के लिए शूटर पिंटू पासवान और मनोज माली को भेज कर हथियार एवं गोली मंगवाया गया। आगे उन्होंने बताया कि इस घटना को अंजाम देने में अमन साहू गैंग की भी संलिप्तता है। हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआईजी संजीव कुमार ने स्पष्ट किया है की पुलिस सभी को सुरक्षा देने के लिए वचनबद्ध है। कोई भी अपराधी क्षेत्र में सक्रिय होगा या फिर दहशत बनाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी और उसे सही ठिकाने पर भेजेगी। बताते चलें की गली कांड की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों में मिंटू कुमार पासवान उर्फ छोटा छतरी पिता परमेश्वर पासवान ग्राम लोहार टोला मोहल्ला थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग, राहुल मुंडा छोटका उर्फ मिरिंडा पिता कुलेश्वर मुंडा को पूरनापानी थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग, मनोज माली पिता कामेश्वर माली साकिन जोरदाग माली टोला थाना केरेडारी जिला हजारीबाग, अजय यादव पिता स्वर्गीय टहल यादव ग्राम हुरनाली पितिज थाना इटखोरी जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 7.65 बोर का पिस्टल मैगजीन सहित 7.65 बोर्ड का जिंदा करतूद्दीन पीस घटना में प्रयुक्त बिना नंबर का लाल रंग का पल्सर मोटरसाइकिल मनोज माली के पास एक घटना में रखी करने एवं हथियार लाने में प्रयुक्त लाल कला पल्सर 5 मोबाइल राहुल मुंडा के पास एक घटना के समय में प्रयुक्त पहने हेलमेट, लाल काला रंग का जैकेट जूता टी-शर्ट जींस समेत एनर्जी बरामद किया गया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना से दहला चौपारण, सीएचओ व एएनएम रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण थाना क्षेत्र में दुर्घटनाओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी दो अलग-अलग सड़क हादसे में कई घायल हो गए। पहली घटना दनुवा घाटी के हथिया बाबा मंदिर के आगे सरिया लदा एक ट्रेलर सड़क के किनारे रेलिंग से टकरा गया। जिससे चालक व उपचालक ट्रेलर के अंदर ही दब गया। जिसे चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश व चौपारण थाने की पुलिस ने लोगों के मदद से गाड़ी में फंसे चालक व उपचालक बाहर नीकाला। दोनों सुरक्षित पाए गए। वहीं दूसरी घटना चौपारण के सामुदायिक अस्पताल के सामने घटी। घटना में सामुदायिक अस्पताल अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चयकला के सीएचओ हबीब खान और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के करमा में कार्यरत एएनएम खुशबू प्रवीण गम्भीर रूप से घायल हो गई। सामुदायिक अस्पताल में उचित ब्यवस्था नहीं होने के कारण दुर्घटना में घायल सीएचओ व ए एनएम दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि दोनों एक ही स्कूटी से सामुदायिक अस्पताल आ रहे थे। इसी बीच एक ट्रेलर स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया। जिसे दोनों सड़क के किनारे गिर गए। जिन्हें तुरन्त अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं धक्का मार कर भाग रहे ट्रेलर को कुछ लोगों द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया और चौपारण पुलिस को सौंप दिया। इधर दोनों घटना के बाद चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सक्रिय दिखे और घायलों को हर सम्भव मदद करते दिखे।

## झारखंड राज्य माध्यमिक भोजन प्राधिकरण के द्वारा कुकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (+2 जिला स्कूल, हजारीबाग) में सोमवार को किया गया। यह कार्यक्रम निदेशक झारखंड राज्य माध्यमिक भोजन प्राधिकरण रांची के आदेशानुसार उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के कुल 21 जिले से आए हुए रसोईया ने विभिन्न व्यंजन बनाकर अनेको नवाचा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जामताड़ा से सोयाबीन कोफ्ता, कद्दू कोफ्ता, शकरकंद का लड्डू, गढ़वा से सांवा कोदो का लड्डू, पेठा का भुजिया, दुमका से मकई का खीर, पूर्वी सिंहभूम से नीम युक्त



आलू का चोखा तथा पपीता इमली एवं बेर की चटनी,बोकारो से तिल लड्डू लाल कुदरुस का हलवा एवं चटनी, तीसी चावल एवं मक्का का हलवा, चतरा से मडुवा का आलू पराठा गुमला से महुआ का आचार चावल का कसांर गोंदली हलवा कुदरूस का आचार, लातेहार पनीर अंडा काबुली चना का मिक्स सब्जी कोडरमा से चावल एवं मडुआ का छिलका खूंटी से मडुआ का मोमो फुटकल का आचार हजारीबाग से चावल का दूधौरी एवं ब्राह्मी साग की सब्जी धनबाद से सहजन का पकौड़ी लोहरदगा से घोंघी रोटी फुटकल का साग गोंडली का बर्फी माडुआ का फुचका रांची से गोंदली का खीर चावल के मांड से कांदा सुप ,कटई का सुप, चकोड सुप, फुटकल सुप, रामगढ़ से डुमर सब्जी बेर का मीठा आचार कच्चू पत्ता का पकोड़ा सिमडेगा ने मडुवा का लॉन्गलता एवं नीमकी इत्यादि अनेको स्वादिस्ट व्यंजन इस प्रतियोगिता में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

## सरकार की लापरवाही से जनता को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी को लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए। वित्त विभाग द्वारा दिए गए जवाबों से स्पष्ट हुआ कि सरकार की वित्तीय नीतियां न केवल अव्यवस्थित हैं, बल्कि बजट का समुचित उपयोग भी नहीं किया जा रहा है।

**योजनाओं के लिए आवंटित बजट का बड़ा हिस्सा अब तक खर्च नहीं**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से पूछा कि क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार ने योजनाओं के लिए 63.25% राशि ही खर्च की है, जबकि वर्ष समाप्त होने में मात्र 20 दिन शेष हैं? उन्होंने सवाल किया कि सरकार को शेष 37% राशि खर्च करने में क्या दिक्कत हो रही है और क्या इससे योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर नहीं पड़ेगा? सरकार द्वारा दिए गए जवाब में यह स्वीकार किया गया कि अब तक 69.94% बजट का ही उपयोग हुआ है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में महज 20.47%, आउटडोर खेल विभाग में 7.54%, परिवहन विभाग में 6.36%, नगर विकास विभाग में 33.84% और खाद्य आपूर्ति विभाग में 38.73% ही खर्च किया गया है। प्रसाद ने कहा, यदि महत्वपूर्ण विभागों में बजट का बड़ा हिस्सा अब तक खर्च नहीं हुआ है, तो इसका मतलब है कि राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित है। अगर विभागों की यह स्थिति है, तो आम जनता को इन योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा?

**केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता का उपयोग नहीं कर पाई राज्य सरकार**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने केंद्र सरकार द्वारा झारखंड को दी गई वित्तीय सहायता राशि पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार द्वारा झारखंड को 5,255.14 करोड़ रुपये की विशेष सहायता दी गई थी, लेकिन अब तक 4,580.62 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाए हैं? सरकार के जवाब में इसे स्वीकार किया गया कि केंद्र द्वारा झारखंड को दीर्घकालिक ऋण के रूप में यह सहायता दी गई थी, लेकिन अब तक यह पूरी राशि उपयोग में नहीं लाई जा सकी है। प्रसाद ने कहा कि जब केंद्र सरकार राज्य के विकास के लिए धन आवंटित कर रही है।

## मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम योजना के तहत बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र के जरजरा संकुल अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय उरीमारी में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि उरीमारी पंचायत की मुखिया कमला देवी के हाथों साइकिल का वितरण किया गया।मुखिया कमला देवी ने कहा कि सरकार की यह काफी काफी महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ राज्य के आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले तमाम बच्चों को मिल रहा है।बच्चे साइकिल मिलने पर बहुत खुश है। बच्चे साइकिल से आगे की पढ़ाई के लिए स समय विद्यालय पहुंचेगे। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुखिया कमला देवी, एसएमसी अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली, शिक्षिका संगीता कुमारी, जल सहिया व छात्राएं उपस्थित थे।

## विश्व यक्ष्मा दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा सूचना भवन में यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय रहीं। यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैंसी सहाय, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता , सिविल सर्जन सरयू प्रसाद सिंह व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन सरयू प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे जिले में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाकर कई मरीजों को चिन्हित कर उनका इलाज किया जा रहा है। पूरा जिला टीबी मुक्त हो इसके लिए अभी भी हमें काफी मेहनत करने की जरूरत है। कई कमियां




हैं जिन्हें दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त के मार्गदर्शन में यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर हम सभी ने बेहतर कार्य किया है और हम सभी को उम्मीद है कि उपायुक्त का मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा पूरा जिला टीबी मुक्त हों इसके लिए हमें एक अच्छी सोच के साथ काम करनी होगी। सभी चिकित्सा पदाधिकारियों, कर्मियों को प्रेरित करने की जरूरत है। समय समय पर पूरे जिले में पंचायत स्तर पर टीबी उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि हजारीबाग जिला टीबी मुक्त हो इसके लिए कई कार्यक्रम चलाई जा रही है। पिछले दो तीन वर्षों से काफी प्रयास किया जा रहा है, जिसका परिणाम काफी हद तक सकारात्मक रहा है। सभी चिकित्सक, सीएचओ, सहिया व अन्य कर्मियों का कार्य सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि टीवी के मरीज बेहतर खानपान और अच्छे रहन सहन से टीबी को मात दे सकते हैं। सभी को गलत धारणाएं, मिथ्य आदि जैसे नकारात्मक चीजों को नजरअंदाज करके चलना है। आपको सही इलाज करवाने, खानपान में न्यूट्रिशंस आदि शामिल करने व स्वस्थ्य रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई लोगों ने मरीजों को गोद लेकर उन्हें न्यूट्रिशंस बास्केट उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान की थी। डीएमएफटी फंड से एक्सरे मशीन खरीदकर सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कार्रवाई जा रही है।

### हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी : उपायुक्त

**हजारीबाग** : रामनवमी को लेकर रामनवमी महासमिति के नए अध्यक्ष बसंत यादव ने आज उपायुक्त नैंसी सहाय से उपायुक्त कार्यालय कक्ष में बुके व शॉल देकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार,सदर एसडीएम बैजनाथ कामती,पूर्व महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव व अमरदीप यादव मौजूद थे। इस अवसर पर आगामी रामनवमी 2025 के सफल आयोजन को लेकर तमाम पदाधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारीबाग में रामनवमी शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूर्व के अनुभवो को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक बिंदुओं पर विचार कर हर आवश्यक कदम उठाएं जाएंगे। पर्व के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर कई चरणों में विभिन्न शांति समिति के सदस्यों, महासमिति के सदस्यों आदि विचार विमर्श किए जाएंगे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**बरही** : झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत सोमवार को बरही प्रखंड के नगर भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और योजना से जुड़ी त्रुटियों को सुधारने एवं लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया। शिविर में भारी भीड़ होने के कारण लाभार्थियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाओं के पहुंचने से प्रक्रिया धीमी हो गई, जिससे कई लाभार्थी समय पर अपने कार्य पूरे नहीं करवा सके। शिविर में उपस्थित बीडीओ जयपाल महतो ने महिलाओं को जानकारी दिया कि योजना का लाभ पाने के लिए बैंक खातों का ई-केवाईसी, एनपीसीआई और आधार सीडिंग अनिवार्य है। उन्होंने लाभार्थियों से समय रहते इन आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने की अपील की, ताकि उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता समय पर प्राप्त हो सके। सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। हालांकि, दस्तावेजों की त्रुटियों के कारण कई लाभार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने जल्द से जल्द सभी दस्तावेज अपडेट कराने की अपील की है, ताकि योग्य और आहर्ता रखने वाली महिला इस योजना से वंचित न रहे।

### हजारीबाग की रामनवमी की परंपरा को रखेंगे अछुन्न : बसंत यादव

**हजारीबाग** : हजारीबाग के बड़ा अखाड़ा चौक पर सोमवार को रामनवमी महासमिति के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महंत विजयानंद दास के नेतृत्व में पूजा-पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न की गई। उद्घाटन समारोह की शुरूआत गौ माता के प्रवेश से हुई, जिसके बाद श्री कृष्णा गढ़ अखाड़ा कोलघट्टी के अध्यक्ष छवि गोप ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माहौल में भक्तिमयता और उल्लास की झलक देखने को मिली। रामनवमी महासमिति के कार्यालय का उद्घाटन न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम था, बल्कि यह हजारीबाग की सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखने का एक प्रयास भी है।


## NOTICE



I **Akash Kumar Pandey** S/o Premnath Pandey by faith-Hindu, resident of village Bhusai, P.O. + P.S. Ichak District Hazaribag (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare by affidavit no. 732 Dated 01/03/2025 as follows :-
**1.** That my Aadhar Card No. 3264 1966 7864 stands in the name of **Akash Kumar Pandey** which is correct.
**2.** That my Bank account stands in the name of **Akash Kumar** in place of **Akash Kumar Pandey**.
**3.** That **Akash Kumar Pandey** and **Akash Kumar** is the same person and one person.


## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग जवाहर बाल मंच का जिला स्तरीय बैठक संपन्न




**हजारीबाग** : कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग जिला अंतर्गत जवाहर बाल मंच हजारीबाग में अहम बैठक रखा गया जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर जवाहर बाल मंच झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक अनवर और जवाहर बाल मंच के प्रदेश संयोजक राजकुमार यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग के जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष रिंकु कुमार ने की ओर मंच का संचालन सेवा दल के जिला अध्यक्ष गुडु सिंह और धन्यवाद ज्ञापन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हजारीबाग जिला के अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव जी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जवाहर बाल मंच के प्रदेश अध्यक्ष तारिक अनवर जी ने कहा कि हमारा संगठन 7 से लेकर 18 साल तक के बच्चों के लिए वेलफेयर का काम करता है हमारा मकसद है कि बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को उजागर करना उन्हें इतिहास के सही जानकारी देना बच्चों के उनके करियर गाइडलाइन की जानकारी देना बच्चों के बीच में कल्चरल प्रोग्राम आसान प्रतियोगिता ड्राइंग कंपटीशन आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे कई कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर राष्ट्रीय स्तर तक उन्हें पहचान दिलाना यह हमारा मकसद है क्योंकि आज मौजूदा स्थिति में बच्चों के अंदर जो प्रतिभा है वह मोहल्ले और गली तक की सीमित रह जाती है उन्हें अवसर नहीं मिलता कि वह अपनी प्रतिभा को उचित प्लेटफार्म पर जाकर उसे उजागर कर सके आने वाले अप्रैल माह में इसी कार्यक्रम के तहत बच्चों का स्टेट कैंप का आयोजन रामगढ़ जिले में तीन दिवसीय किया जा रहा है इसमें करीबन 300 की संख्या में बच्चे एवं प्रतिभागी हिस्सा लेंगे इसमें तरह-तरह के कल्चरल प्रोग्राम भाषण प्रतियोगिता ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया जाना है जिसमें बच्चों के बीच में आउटडोर गेम की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी यह कार्यक्रम 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक रामगढ़ जिले में होगा जो राज्य स्तरीय झारखंड के तमाम जिलों से बच्चे हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी मिथलेश दुबे, संजय तिवारी, ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, परवेज अहमद, चंद्रेशकर आजाद, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गायनी मेहता, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी,राजेश यादव अनिक भुइया, मो मुस्ताक, अरविंद कुमार, अंकित कुमार,अमर सिंह यादव, बहादुर सागर, डॉ भैया असीम,सदरूल होदा, देवनारायण सिंह के अलावा इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर उपस्थित जवाहर बाल मंच जिला के पदाधिकारी मो शहजाद,सोनू,मो निसार, नीरज कुमार पासवान, सोमू कुमार पासवान,अनिकेत कुमार,गोलू यादव, मोजीम, चंदन कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष निसार खान आदि उपस्थित रहे ।

### बड़कागांव थाना परिसर में रामनवमी को लेकर हुई बैठक



**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना परिसर में आगामी रामनवमी के अवसर पर डीजे संचालक एवं मालिकों के साथ रामनवमी त्यौहार एवं जुलूस में गाना बजाने के शर्तो को लेकर माननीय उच्च न्यायालय झारखंड रांची के न्याय आदेश के आलोक में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार एवं संचालन थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने किया। मौके पर उपस्थित एसडीपीओ पवन कुमार ने साउंड मालिकों को कहा कि माननीय उच्च न्यायालय झारखंड रांची के द्वारा डीजे साउंड पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई है, इसलिए आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक के अलावा दर्जनों डीजे साउंड मलिक उपस्थित थें।

### 10 वोट से जीतकर बड़कागांव रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने विवेक सोनी



**बड़कागांव** : बड़कागांव चैती (बासंती) दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार रात को रामनवमी महासमिति की अध्यक्ष का चुनाव किया गया । अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने किया वहीं संचालन राजू कुमार सोनी ने किया। इस चुनाव में अध्यक्ष के दावेदार के रूप में विवेक सोनी एवं बिंदु दांगी चुनाव मैदान में उतरे। 13 अखाड़े के अध्यक्ष सचिव ने मतदान में हिस्सा लिया। समितियो के 26 वोटरों ने वोट डाला। जिसमें विवेक सोनी ने बिंदु दांगी को भारी वोटों के अंतर से हरा दिया। चुनाव में 18 वोट विवेक सोनी को मिला वही महज 8 वोट बिंदु दांगी को प्राप्त हुआ। विवेक सोनी ने 10 वोटों की भारी अंतर से चुनाव जीतकर, लगातार दूसरी बार बड़का गांव रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष चुने गए। नए रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी को पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर अभिनंदन किया। मौके पर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू , विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम बड़कागांव मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, सांसद विधानसभा मीडिया प्रभारी उमेश दांगी, शशि कुमार मेहता, संदीप कुशवाहा, मां बासंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनी,अनु विश्वकर्मा, झमन महतो ,प्रवीण कुमार, सुरेंद्र कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### सांसद से दिल्ली में मिला झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन

**बरही** : झारखंड रेल यूजर्स ऐसोसिएशन के उप सचिव रितिक राज ने दिल्ली में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से मुलाकात कर झारखंड की रेलवे सेवाओं से जुड़ी विभिन्न मांगों पर चर्चा की। एसोसिएशन ने झारखंड के प्रमुख शहरों रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग सहित झारखंड के अन्य शहरों में रेल सुवधाओं को बढ़ाने और सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रांची राजधानी एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने और पटना-रांची वंदे भारत (22349/50) एक्सप्रेस का रांची से सुबह संचालन करने की मांग की ताकि यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। इसके अलावा रांची से इंदौर, देहरादून और श्री माता वैष्णो देवी कटरा वाया हजारीबाग टाउन, बरही के लिए नई ट्रेनों की आवश्यकता पर बल दिया तथा 18629/30 रांची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस को एक दिन वाया लोहरदगा-डाल्टनगंज मार्ग से चलाने की मांग की गई। साथ ही, धनबाद से बेंगलुरु, तिरूवनंतपुरम और बक्सर के लिए सीधी रेल सेवा, अगरतला-देवघर एक्सप्रेस का धनबाद तक विस्तार, 03397/98 धनबाद नाशिक रोड का मुंबई तक विस्तार, हावड़ा से बरही होते हुए हजारीबाग टाउन एक्सप्रेस ट्रेन (वाया न्यू गिरिडीह) और साहेबगंज से रांची इंटरसटी ट्रेन के संचालन की मांग भी रखी गई। सांसद दीपक प्रकाश ने इन सभी मांगों को गंभीरता से सुना और रेलवे मंत्रालय से इस पर उचित कारवाई का आश्वासन दिया।

# केंद्र सरकार देश भर में लगाए गोकशी पर प्रतिबंध : मंत्री सुदिव्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भाजपा विधायक सीपी सिंह के एक सवाल पर कहा कि केंद्र सरकार को पूरे देश में गोकशी पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि राज्य की पूर्ववर्ती रघुवर दास की सरकार ने गौ हत्याा को लेकर कानून बनाया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इससे सीख लेते हुए इसे देश भर में लागू कर देना चाहिए। मंत्री सुदिव्य कुमान ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र में भोजनावकाश के बाद हुए वाद-विवाद पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गोकशी करने वाली कंपनियां इस काम के लिए केंद्र को शायद झारखंड से अधिक पैसा दिल्ली समेत अन्य राज्यों को देती है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में राजधानी रांची में सरकारी जमीन पर लोग गोहत्या कर रहे हैं और उसकी ब्रिकी रांची के हाटलों में की जा रही है और



बाहर भी आपूर्ति की जा रही है। विधायक ने कहा कि रांची में सरकार गौ हत्या को सरकार बंद कराए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में पूर्व मंत्री मेनका गांधी रांची आई थीं उस समय भी इस मामले पर काफी हंगामा हुआ था। लोगों की भीड़ उग्र हो गई और सभी को भागना पड़ा था।

**ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पर हंगामा**

सदन में निकाय चुनाव में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पर काफी हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मामले में एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। इस मामले में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार को इस मामले पर हाई कोर्ट ने रोका था। वहीं इस पर विपक्ष के विधायक नवीन जायसवाल ने राज्य में अब तक निकाय चुनाव नहीं कराने और ट्रिपल टेस्ट का काम पूरा नहीं करने का सरकार पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट का काम अब भी तीन जिलों में बाकी है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को खत्म नहीं करने की मांग की।

**नमामि गंगे योजना में नदियों को जोड़ने में केंद्र करे सहयोग**

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विपक्ष से नमामि गंगे योजना में राज्य की अन्य नदियों को जोड़ने का सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से केवल दामोदर नदी को जोड़ा गया है, जबकि राज्य की अन्य नदियां बराकर, उसरी, कोयल और शंख नदियों को जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमारी सरकार केंद्र सरकार से सहयोग मांगेगी, जिसमें विपक्ष के भी समर्थन की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि यह योजना बड़े खर्च की है। इसलिए अकेले राज्य सरकार के बूते की बात नहीं है। इस मामले को जदयू के विधायक सरयू राय ने उठाया था। उन्होंने सरकार से ऐसी नदियों को साफ करने की मांग की थी जिनके पानी में शहरों की नालियों का गंदा पानी गिरता है।

**नियामक आयोग तय करेगा बिजली दर**

मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से बिजली महंगा करने के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग मुहर लगाएगा तो ही बिजली महंगी होगी।

## ट्रेनी आईएएस का डीजीपी ने चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर किया मार्गदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पुलिस मुख्यालय आए ट्रेनी आईएएस को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सेवा के दौरान आनेवाली चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर जानकारी दिए। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में ट्रेनी आईएएस लोकेश वारंगे, आदित्य पाण्डेय, कुमार रजत, अर्नव मिश्रा और अभिनव प्रभाश डीजीपी ने स्वागत किया और पुलिस विभाग के कार्यों के बारे में संक्षिप्त रूप से चर्चा किया। डीजीपी ने ट्रेनी अधिकारियों को अपने संबोधन में प्रशासनिक समन्वय, पुलिस कार्यप्रणाली, नक्सल, साईबर क्राईम, पुलिस आसूचना तंत्र, महिला उत्पीडन, आपदा प्रबंधन, कानून,विधि व्यवस्था प्रबंधन और आन्तरिक सुरक्षा के बारे में संक्षिप्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने परीक्ष्यमान अधिकारियो को सेवा के दौरान आनेवाली चुनौतियों तथा उनके प्रभावी समाधान के विषयों में मागदर्शन दिया। साथ ही सभागार में उपस्थित सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी ट्रेनी आईएएस के साथ अपने-अपने विभागों के कार्यों के संबंध में संक्षिप्त रूप से जानकारी साझा किया गया। इस अवसर पर झारखंड पुलिस के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## रीति-रिवाज के साथ फांसी में सरना झंडा बदला गया, सैकड़ों धर्मावलंबी हुए शामिल

**रांची :** झारखंड की राजधानी में प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव की तैयारियां हर्षोल्लास के साथ शुरू हो चुकी हैं। सरहुल के आगमन से पहले फांसी टुंगरी पहाड़ी मंदिर पर पारंपरिक सरना झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों सरना धर्मावलंबियों ने इसमें हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस क्रम में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के अगुवाई में भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी पूजा स्थल पर एकत्र हुए। पहाड़ की चोटी पर पाहन ने विधिवत पूजा की और मानव कल्याण, जीव-जंतुओं, नदियों, पहाड़ों और प्रकृति की समृद्धि व शांति की कामना की। अजय तिर्की ने कहा कि फांसी टुंगरी पूर्वजों का पवित्र पूजा स्थल है।



यहां पहले स्व बुधवा पाहन अनुष्ठान किया करते थे। उन्होंने सरना धर्म कोड की मांग करते हुए कहा कि इससे आदिवासी समाज को उनकी धार्मिक पहचान मिलेगी।

**सरहुल पर्व में नशा पान से दूर रहने की अपील**

प्रदेश सरना धर्मगुरु राजेश लिंडा ने समाज से सरहुल पर्व के दौरान नशा-पान से दूर रहने और अपने आंगन में सरना झंडा स्थापित करने की अपील की। वहीं, महासचिव रूपचंद तिर्की ने आदिवासी समाज से अपनी संस्कृति, रीति-रिवाज और पारंपरिक पूजा-पद्धति को अपनाने पर जोर दिया।

**सामूहिक रूप से सरना प्रार्थना करने का संदेश**

इस अवसर पर वक्ताओं ने आदिवासी युवाओं को शिक्षा और व्यापार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी। सरना समिति के महासचिव ने प्रत्येक गुरुवार को सरना पूजा स्थलों पर सामूहिक प्रार्थना करने की परंपरा को बनाये रखने का संदेश दिया।

फांसी टुंगरी सदियों से सरना धर्म की महत्वपूर्ण पूजा स्थल रही है राजीव पड़हा सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष नीरज मुंडा ने कहा कि फांसी टुंगरी सदियों से सरना धर्म की महत्वपूर्ण पूजा स्थल रही है।

## पिछड़ा वर्ग का हक छीनकर मुस्लिम समाज को आरक्षण दे रही कांग्रेस : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास पिछड़ा विरोधी है। आज भी कांग्रेस पार्टी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। कभी पिछड़ा वर्ग आयोग को यही कांग्रेस पार्टी ने संवैधानिक मान्यता नहीं दी थी। उन्होंने कहा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में इस कदर अंधी हो गई है कि उसने ओबीसी समुदाय के आरक्षण में सेंध लगाकर सरकारी ठेकों में मुस्लिम



समुदाय को चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर दिया है। उन्होंने कहा कि जो राहुल गांधी संविधान की 'लाल किताब' लेकर पूरे देश में घूमते हैं और ओबीसी समुदाय के प्रति घड़ियाली आंसू बहाते हैं, उनके नेतृत्व में यह निर्णय न केवल अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है, बल्कि ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर एक खुला हमला भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ओबीसी कोटे से चार प्रतिशत आरक्षण काटकर 'कैटेगरी-क्क बी के तहत मुस्लिम ठेकेदारों को दे दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से पूछा कि क्या कांग्रेस का यही तथाकथित सामाजिक न्याय है, जिसमें बहुसंख्यक वंचित वर्गों के अधिकारों को छीनकर तुष्टिकरण की राजनीति की जाती है।

## राजस्व शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उप प्रशासक की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित कर संग्रहण लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उप प्रशासक ने राजस्व शाखा की टीम को कर संग्रहण में तेजी लाने और लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करने और कर वसूली प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए रणनीति अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक प्रशासक, कर संग्रहकर्ता, राजस्व निरीक्षक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कर संग्रहण में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की और उन्हें दूर करने के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। उप प्रशासक ने टीम को निर्देश दिया कि वे सभी करदाताओं को समय पर नोटिस जारी करें, कर भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाएं और बकाया कर वसूली के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने राजस्व शाखा की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया, जिससे वित्तीय लक्ष्यों को सुचारू रूप से प्राप्त किया जा सके।

# रांची के अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर जमीन की समस्याएं नहीं सुनते अधिकारी : राजेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार द्वारा जमीन रिकॉर्ड को ऑनलाइन की प्रक्रिया शुरू की गई थी ताकि पारदर्शिता बनी रहे और जनता को आसानी हो। लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। रांची जिला के विभिन्न अंचल कार्यालयों में जमीन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। बल्कि समस्या लेकर आने वाले लोगों के साथ समाधान के नाम पर टालमटोल किया जाता है। आलम ये है कि अंचल कार्यलय आने वाले लोग खासे परेशान हो



रहे हैं। ऑनलाइन रिकॉर्ड में भारी गड़बड़ियां की गई हैं। रैयतों के नाम में गलतियां, रकवा में फेरबदल के अलावा अन्य त्रुटियां हैं। जिससे लोगों को खाली परेशानी हो रही है। जब ग्रामीण या आम लोग समस्याओं के समाधान के लिए अंचल कार्यालय जाते हैं, तो उन्हें बार-बार दौड़ाया जाता है। अधिकारियों और कर्मचारियों का रवैया ऐसा है कि बिना दलालों की मदद और पैसे दिए कोई काम नहीं होता है। रांची में जमीन खरीदने और बेचने के बाद दाखिल-खारिज की प्रक्रिया भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। लोग नियमानुसार आवेदन जमा कर रहे हैं, फिर भी महीनों तक फाइल दबा दी जाती है। दलालों द्वारा कहा जाता है कि बिना पैसा दिए दाखिल-खारिज नहीं होगा। सरकार के निदेर्शानुसार गावों में स्थित सरकारी जमीनों का उपयोग ग्रामीणों की भलाई और सरकारी योजनाओं के लिए होना चाहिए। लेकिन भू-माफिया जमीन पर कब्जा कर ले रहे हैं। अंचल अधिकारियों की मिलीभगत से ये जमीनें अवैध रूप से बेची जा रही हैं। शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए आवासीय, आय और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन रहा है। इसे लेकर मेवा लकड़ा, सुषमा उरांव, मंगलदानी मिंज, शनिचरवा मुंडा, होड़ो उरांव समेत सैकड़ों लोगों ने अंचल कार्यालयों की मनमानी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

## एक नजर

### रातू रोड से कचहरी तक लगा लंबा जाम

**रांची :** कचहरी चौक के पास पुल निर्माण कार्य हो रहा है। वहीं बीच सड़क पर बड़ा गड्ढा खोद दिया गया। इस वजह से प्रशासन ने बैरिंगकेडिग लगा दिया है। वाहनों के डायवर्सन के लिए बोर्ड लगा दिया गया है। इस वजह से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। दोपहिया और चारपहिया वाहन जाम में फंसे नजर आते हैं। सबसे अधिक दिक्कत उन लोगों को हुई, जिन्हें ऑफिस, स्कूल या जरूरी काम से निकलना था। हरमू रोड व मेन रोड रोड पर भी इसका असर दिखा रातू रोड से कचहरी तक वाहनों की लंबी लाइन धीरे-धीर आगे बढती गई। जिससे ट्रैफिक पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। हरमु रोड और मेन रोड तक इसका असर दिखा, जहां लोग घंटों जाम में फंसे रहे। लोगों का कहना है कि सडक और पुल निर्माण कार्य जरूरी है, लेकिन इसके चलते जो ट्रैफिक समस्या हो रही है, उसका प्रशासन को जल्द से जल्द समाधान निकालना चाहिए।

### सीबीआई ने 65 कछुओं के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार



**रांची :** सीबीआई दिल्ली ने 65 कछुओं के साथ दो लोगों के गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद फरमान और शिवम भंडारी का नाम शामिल है। जब्त कछुओं को दिल्ली चिड़िया घर से हवाले कर दिया गया है। गिरफ्तार किये गये लोगों के पास से जब्त किये गये कछुओं में 50 छतरी वाला कछुआ और तालाब में पाया जाने वाला 15 कछुआ शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ वाइल्ड लाईफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### सदन में सीपी सिंह और स्वास्थ्य मंत्री में दिखी जुबानी जंग



**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन विधायक सीपी सिंह और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बीच जुबानी जंग देखने को मिली। सीपी सिंह ने सरकार को बबुआ कहा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सीपी सिंह को ललकारते हुए कहा कि उन्हें घमंड हो गया है और घमंड उतार देंगे। कोई लहजा बदल दे तो रास्ता भी बदल देंगे। इस टिप्पणी से नाराज होकर सीपी सिंह ने स्पीकर से कहा कि उन्हें बोलने का अधिकार है और उन्हें सदन में बैठने के लिए नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इतनी टोका-टोकी अच्छी नहीं है और सदन का समय जाया होता है। सीपी सिंह ने मुख्यमंत्री पर भी कटाक्ष किया और कहा कि मुख्यमंत्री मूंछ ऐंठ रहे हैं और उन्हें ऐंठना भी चाहिए।

### रांची में नवसाक्षरों की साक्षरता और संख्यात्मक परीक्षा संपन्न

**रांची :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन परीक्षा का आयोजन रांची जिला में रविवार को किया गया। यह परीक्षा जिले के 2000 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई, जिसमें करीब 20,000 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षण संस्थान द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को शिक्षित करना और उन्हें प्रमाणित साक्षर बनाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का झारखंड विधानसभा के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन



**रांची :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने झारखंड विधानसभा के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डी. राजा के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शन में राज्यभर से हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर कूच किया। जनता से किए गए वादे पूरे करे हेमंत सरकार प्रदर्शनकारियों ने झारखंड सरकार पर जनता से किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। महासचिव डी. राजा ने कहा कि झारखंड धीरे-धीरे कॉरपोरेट घरानों के लिए एक हब बनता जा रहा है। जल, जंगल और जमीन की लूट को रोकने में सरकार विफल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की भरमार है, लेकिन इसका दोहन केवल बड़े उद्योगपतियों के लाभ के लिए किया जा रहा है। भूमि बैंक रद्द करने और जल, जंगल, जमीन की रसीद चालू करने की मांग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि सरकार को तत्काल भूमि बैंक को रद्द करना चाहिए और लोगों को उनकी जमीन की रसीद उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने सरकार पर झारखंड के संसाधनों की लूट का आरोप लगाते हुए कहा कि कई जिलों में लोग अपनी जमीन बचाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। अंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग दलित अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार ने झारखंड विधानसभा में बाबा भीमराव अंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। उन्होंने अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन की भी मांग उठाई।

### भाजपा प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल



**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड में शिक्षा के स्तर में निरंतर गिरावट और सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में कमी को लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में लगभग नौ लाख छात्रों की संख्या घटने से राज्य के भविष्य पर गहरा संकट आ खड़ा हुआ है। यू-डायस रिपोर्ट का किया जिक्र यू-डायस रिपोर्ट के अनुसार, 2021-2022 में जहां 79,70,050 बच्चे नामांकित थे, वहीं 2022-23 में यह घटकर 72,09,261 और 2023-24 में केवल 70,97,545 रह गए हैं। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें शिक्षकों की कमी, स्कूलों में सुविधाओं का अभाव और शिक्षा के लिए बजट में की गई कटौती प्रमुख कारण हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी राफिया नाज ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। राज्य के 7,642 स्कूलों में से कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरे स्कूल की पढ़ाई चल रही है। इन स्कूलों में 3.78 लाख छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनका शैक्षिक भविष्य केवल एक शिक्षक की मेहनत पर निर्भर है।

### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आरएसएस के सभी शाखाओं पर होंगे कार्यक्रम




**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड के प्रान्त कार्यवाह संजय कुमार ने बताया कि बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आरएसएस के सभी शाखाओं पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वह उक्त बातें कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र में सोमवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से कही। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बैठक आयोजित करता है। यह संघ की सर्वोच्च बड़ी बैठक होती है। इस बैठक में प्रत्येक प्रांत से चयनित प्रतिनिधि, विविध संगठन के अखिल भारतीय अधिकारी भाग लेते हैं। इस बैठक में झारखंड के 33 कार्यकर्ता गये थे। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रांत का भी इस प्रतिनिधि सभा में वृत्त रखा गया, जिसमें 879 स्थानों में कुल शाखा, मिलन एवं संघ मंडली सहित 1411 हैं। इस वर्ष संघ शिक्षा वर्ग 24 मई 2025 से 09 जून 2025 प्रातः तक सरस्वती वि?द्या मंदिर कुम्हारटोली, हजारीबाग में सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रांत में 24 जिलों में संघ का काम चल रहा है। 258 खंड है। 142 में शाखा है। 89 नगर है। 1264 मंडल है, वहां 55 प्रतिशत काम है। 847 बस्ती में 70 प्रतिशत काम है। प्रेस वार्ता में प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि सभा बैठक में एक प्रस्ताव एवं एक संकल्प पारित किया गया। पहला बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एकजुटता खड़े रहने का आह्वान किया गया। साथ ही संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में संकल्प (विश्व शांति और सामूहिक समृद्धि के लिए समर्थ और संगठित हिंदू समाज का निर्माण पारित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि सभा में सरकार्यवाह का वक्तव्य भारत की महान महिला स्वतंत्रता सेनानी महारानी अबक्का के जन्म की 500वीं वर्षगांठ पर किया गया।

### राज्यपाल ने पुलिस, कक्षपाल, होमगार्ड, उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली 2025 को दी स्वीकृति



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पुलिस, कक्षपाल, होमगार्ड, उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली 2025 को स्वीकृति दे दी है। इसके बाद गृह विभाग ने संबंधित गजट भी जारी कर दिया है। इस फैसले के बाद झारखंड में पुलिस, कक्षपाल, उत्पाद सिपाही और होमगार्ड के पदों पर सीधी नियुक्ति होगी। इसके लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की अनुशंसा पर नियुक्ति परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों ने इस फैसले का स्वागत किया है, लेकिन उन्होंने जल्द से जल्द परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। उनका कहना है कि उनकी उम्र सीमा भी खत्म हो रही है, इसलिए परीक्षा जल्द से जल्द होनी चाहिए।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ अन्याय करना बंद करे प्रबंधन : रणधीर

**बोकारो** : राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ की बैठक स्थानीय कार्यालय सेक्टर 9 में हुई बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने कहा कि बोकारो प्रबंधन अनावश्यक रूप से सेवानिवृत्ति कर्मियों को परेशान कर रही है उनका सारा पैसा ग्रेच्युटी का रिटेंशन मनी के रूप में बोकारो प्रबंधन रखे हुए हैं न्यायालय के भी आदेश को नहीं मानकर अपने संपदा न्यायालय से इविक्शन ऑर्डर पास कर बुजुर्ग अभिभावकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है आने वाले समय में संघ के द्वारा बोकारो प्रबंधन की संकुचित विचारधारा के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा आवश्यकता पड़ी तो सीईओ आवास के समक्ष आत्मदाह भी किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से जैन तिवारी, केपी सिंह, ओलातली ,राम जी सव, अर्जुन राव ,आदि के अलावे सैकड़ों की संख्या में रिटेंशन धारी मौजूद थे।

### अलुवारा में मारुति नंदन महायज्ञ पुर्णाहुति के साथ संपन्न

**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखंड पंचायत बाटबिनोर के अलुवारा–माचाटांड़ स्थित हरिहरधाम में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 108 मारूति नंदन महायज्ञ सोमवार को पुणार्हुति केसाथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर अलुवारा–माचाटांड़, व आसपास गाँव के हजरों श्रदालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।।श्रदालुओं ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर पुजा अर्चना किया। आचार्य शत्रुघ्न पाण्डेय, शचीन शास्त्री,विशाल शास्त्री, रामबल्भ शास्त्री, विवेक हरेकृष्ण, मुख्य यजमान पंकज दुवे व बेला देवी ने श्रदालुओं को संकल्प कराया तथा महायज्ञ को संपन्न कराया।इस अनुष्ठान में आचार्य शत्रुघ्न पांडेय, कथा वाचक योगी शंभु नाथ महाराज द्वारा श्री राम पुराण कथा प्रवचन किया एंव पंकज कुमार दुवे व ओमप्रकाश दुवे दल द्वारा भक्ति जागरण किया गया। कलाकार द्वारा एक से बढ़कर एक हिंदी, खोरठा,बांग्ला, भोजपुरी भक्ति गीत प्रस्तुति कर श्रदालुओं को भाव बिभोर कर दिया। इस अवसर परभांडरा का आयोजन किया गया। महाप्रसाद खिर–खिचड़ी का वितरण किया गया । यज्ञ कमिटी ने श्रदालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया।

### सांसद ढुल्लू महतो ने इस्पात मंत्री से की मुलाकात



**धनबाद** : माननीय सांसद ढुल्लू महतो ने सोमवार को केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मिलकर बोकारो स्टील प्लांट में हो रही धांधली और जन समस्याओं को पत्र के माध्यम से उनका ध्यान आकर्षण किया। मौके पर सेल चेयरमैन उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि ठेका मजदूरों के शोषण से मुक्ति के लिए ठेका दरों के आर्थिक परेशानी को दूर करना होगा। ठेकेदारों को सर्विस चार्ज बढ़ाना होगा, पुराने रेट और लेस पर टेंडर बंद करना होगा । ग्लोबल कंपनियां को हाई रेट पर टेंडर की जगह लोकल ठेकेदार को काम देना होगा। क्योंकि कोई ग्लोबल कंपनी स्वय काम नहीं करती तो, कमीशन लेकर लोकल से काम करवाती है। उन्होंने विस्थापित अप्रेंटिस के संबंध भी बातें किया , जिसमे स्टील मिनिस्टर ने सेल चेयरमैन को तुरंत करवाई की आदेश दिया । उन्होंने बताया कि बोकारो स्टील प्लांट के पास हजारों सी टाइप डी टाइप और ईयर टाइप क्वार्टर खाली पड़े हैं जिससे क्वार्टर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं इन्हें यदि प्लीज या लाइसेंस पर पूर्व कर्मचारी को दिया जाए।

# फ्लैट के निबंधन में प्लाट वार रकवा अंकित होना जरूरी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने राजस्व संबंधित मामलों का सोमवार शाम समीक्षा किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, राजस्व शाखा प्रभारी वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अवर निबंधन चास एवं बेरमो को निर्देशित किया कि फ्लैट के निबंधन क्रम में दस्तावेजों में प्लाट वार रकवा संख्या अंकित होना जरूरी है। इसे सुनिश्चित करेंगे, इसके बाद ही निबंधन का कार्य पूरा करेंगे। साथ ही वैसे प्लाट का निबंधन जिसमें प्लाट संख्या शून्य अंकित है, संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा सुधार के बाद निबंधन की कार्रवाई करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने 18 फरवरी से 04 मार्च तक आयोजित राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। जिसमें अपर समाहर्ता ने बताया कि कुल 5050 आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसमें 3554 आवेदनों को निष्पादित कर लिया गया है। उपायुक्त ने शेष आवेदनों को भी जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों को दाखिल - खारिज के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने रद्द आवेदनों को स्पष्ट कारण के साथ रद्द करने को कहा। बेवजह झ छोटी कारणों से किसी आवेदन को रद्द नहीं करेंगे। उन्होंने उत्तराधिकार/बंटवारा नामा के आधार पर निबंधन हेतु 50 50 रुपये के निबंधन शुल्क निर्धारित होने की बात कहीं। पार्टिशन म्यूटेशन के लंबित 75 मामलों को निष्पादित करने को कहा। साथ ही, प्रत्येक माह 50 50 आवेदनों उत्तराधिकार/बांटवारा नामा का प्राप्त कर अंचलाधिकारी निष्पादित करेंगे। उपायुक्त ने डीसीएलआर के समक्ष अंचल कार्यालय से खारिज मामलों के अपील को लेकर आयोजित विशेष राजस्व शिविर के कुल 650 आवेदनों को संबंधित डीसीएलआर को सुनवाई कर निष्पादन का निर्देश दिया। विभिन्न अंचल न्यायालयों में लंबित मामलों की भी सुनवाई करने, निष्पादित मामलों के आर्डर को आनलाइन अपलोड करने एवं नियमित रूप से अंचलाधिकारियों को अपने न्यायालय में निर्धारित दिन को मामलों की सुनवाई का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। अंचल अधिकारी/अंचल निरीक्षकों को दोहरे जमाबंदी के मामलों को चिन्हित कर सुनवाई को कहा। मौके पर राजस्व विभाग के संजय कुमार, सुभाष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## ओएनजीसी के कार्यकारी निदेशक आदित्य ने वार्षिक एथलेटिक मीट का किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : ओएनजीसी बोकारो द्वारा वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 का आयोजन गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर 5 के खेल परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम के खेल समन्वयक सह अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अनूप मिंज द्वारा समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस वार्षिक एथलेटिक मीट के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर ओएनजीसी ,बोकारो के कार्यकारी निदेशक ,परिसंपत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुश्री रचना जौहरी एवं नवनियुक्त परिसंपत्ति प्रबंधक श्री टी आर उन्नीकृष्णन नैयर की गरिमामई उपस्थिति में वार्षिक एथलेटिक मीट सह खेल खुद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें कई तरह के इंडोर एवं आउटडोर खेल का आयोजन ओएनजीसी के कार्मिकों एवं पारिवारिक सदस्यों हेतु किया गया, एवं विजेताओं को मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। आदित्य जौहरी ने इस अवसर पर कहा कि शारीरिक शिथिलता को तोड़ने एवं मानसिक स्फूर्ति बने रहने हेतु इस तरह के कार्यक्रम जरूरी होते रहने चाहिए। की इस अवसर पर प्रमुख वेधन सेवाएं प्रमुख बलबीर सिंह, उपतलदल प्रमुख आलोक दास, अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। इस समस्त कार्यक्रम का आयोजन ओएनजीसी, बोकारो के खेल समन्वयक अनूप मिंज द्वारा किया गया।

## श्रम सुधार कानून पूर्णतया श्रमिक विरोधी है : ए एम परेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बैंक ऑफ इंडिया ईम्पलईज यूनियन, झारखंड स्टेट के 8वें त्रैवार्षिक सम्मेलन 22-23 मार्च 2025 के दुसरे दिन रविवार को सर्वप्रथम बैंक ऑफ इंडिया बोकारो स्टील सिटी शाखा, सेक्टर 4 से जुलूस के साथ सभी प्रतिभागी प्रतिनिधि एवं पर्यवेक्षकगण सभा स्थल शैलेश सभागार एनआईपीएम हॉल, सेक्टर 5 पहुंचे। तदोपरांत प्रतिनिधि सत्र प्रारंभ हुआ। सत्रारंभ में सर्वप्रथम फेडरेशन ऑफ बैंक आफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के अखिल भारतीय अध्यक्ष ए एम परेरा ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम सुधार के नाम पर भारत सरकार श्रमिकों के संघर्ष से श्रमिकों के हितार्थ बने कानूनों को 4 लेबर कोड में समाहित कर श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात करने का प्रयास कर रही है। हम सरकार के श्रमिक विरोधी प्रयासों का अंतिम दम तक विरोध करेंगे। सत्र को फेडरेशन के उपाध्यक्ष बीकर बहादुर ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों ने भी महासचिव के प्रतिवेदन पर अपनी बातों को एवं अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। प्रतिनिधियों द्वारा रखी गई बातों एवं समस्याओं के संदर्भ में महासचिव दिनेश झा लल्लन ने विस्तार से वर्तमान विषम परिस्थितियों की चर्चा करते हुए कहा कि आज अधिकांश समस्याओं का मूलभूत कारण बैंक की शाखाओं एवं कार्यालयों में कर्मचारियों की अत्यधिक कमी का होना है। जब तक समुचित संख्या में लिपिक एवं अधीनस्थ संवर्ग में कर्मचारियों की बहाली नहीं होती है तब तक ना ही कर्मचारियों को तनावपूर्ण कार्य स्थल से मुक्ति मिलेगी और ना ही उनकी अनेकों व्यक्तिगत समस्याओं से उन्हें निजात मिलेगा और ना ही संतोषजनक ग्राहक सेवा संभव हो सकेगा।

## 5वां फ्रेंडशिप पिकलबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : झारखंड पिकलबॉल के उपाध्यक्ष बी.सुधीर ने बताया कि बीएन क्लब, रामनगरी, आशियाना रोड, पटना में 5वें फ्रेंडशिप पिकलबॉल टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय टूनार्मेंट में बिहार और झारखंड के लगभग 100 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूनार्मेंट का उद्घाटन और बीएन क्लब में बने नए कोर्ट का लोकार्पण धनबाद के अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल खिलाड़ी सोनू कुमार विश्वकर्मा ने किया। टूनार्मेंट में अब तक खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और रोमांचक मैच देखने को मिले।30 प्लस मेंस डबल्स श्रेणी में झारखंड के गौरव कुमार और चंद्रदेव प्रजापति की जोड़ी ने दमदार खेल दिखाते हुए बिहार के आनंद सिंह और अभय कुमार की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गजेन्द्र शर्मा और चंदन पंडित ने कड़ा मुकाबला करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। 30 प्लस मेंस सिंगल्स श्रेणी में चंद्रदेव प्रजापति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का ताज पहना, जबकि चंदन पंडित उपविजेता रहे।

**महिला वर्ग में भी झारखंड की खिलाड़ियों ने किया कमालः**

सुचेता वर्मा ने महिला ओपन कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। प्रसिद्ध और सुचेता वर्मा की जोड़ी ने महिला डबल्स ओपन कैटेगरी में जबरदस्त खेल दिखाते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया। झारखंड पिकलबॉल के विकल्प सचिव ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा इस टूनार्मेंट में कई नए और युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने पूरे जोश और उमंग के साथ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। यह दिखाता है कि पिकलबॉल खेल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और भविष्य में और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभरकर आएंगे।इस टूनार्मेंट के सफल आयोजन में बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के मुख्य प्रबंधक संतोष कुमार, बिहार पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार, बीएन क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, बिहार पिकलबॉल संघ के सचिव रंजन गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आनंद सिंह और पशुपालन विभाग बिहार के पदाधिकारी शशिकांत कुमार का विशेष योगदान रहा।

## सनातनी अपने बच्चों को शास्त्र और शस्त्र दोनों की दें शिक्षा : श्री हरिदास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : राधा कृष्ण सेवा ट्रस्ट एवं श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वावधान में श्री हरिदास जी महाराज आज की कथा के दौरान पूज्य महाराज श्री ने बताया कि मोबाइल का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए, क्योंकि इसका अत्यधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बच्चे मोबाइल में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं, जिससे उनका मानसिक विकास बाधित हो रहा है। आजकल के बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताते हैं और विशेष रूप से रील्स देखने में रुचि रखते हैं। यह आदत उनके मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत हानिकारक है। सनातनी अपने बच्चों को शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा दें। शास्त्र से तात्पर्य है धर्म, संस्कृति और ज्ञान की शिक्षा, जिससे बच्चे अपने मूल्यों और परंपराओं को समझ सकें। वहीं, शस्त्र का अर्थ है आत्मरक्षा और साहस की भावना विकसित करना। अपने धर्म और समाज की रक्षा के लिए दोनों ही आवश्यक हैं। भगवान की भक्ति से जीवन के सभी कार्य सफल हो जाते हैं। जब मनुष्य निष्कपट भाव से ईश्वर की आराधना करता है, तो उसकी सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं और जीवन में सफलता प्राप्त होती है। यदि मनुष्य अधर्म के मार्ग पर चलता है, तो उसे जीवन में अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता है और उसका नैतिक एवं आध्यात्मिक पतन हो जाता है। इसलिए धर्म के अनुरूप जीवन जीना ही सच्ची सफलता और शांति का मार्ग है।

# मे आई हेल्प यू फाउंडेशन के सम्मान समारोह में 29 व्यक्तियों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : मे आई हेल्प यू फाउंडेशन, बोकारो ने नया मोड़ के बिरसा आश्रम में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 29 व्यक्तियों को उनके अतुलनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के आयोजक कर्ता बिट्टू अभिजीत कुमार ने बताया कि यह सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी अलग-अलग कार्यशैली से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों की मदद करने का अद्वितीय कार्य किया है। फाउंडेशन का उद्देश्य ऐसे लोगों को पहचान देना है, जो अपने कार्य से समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। समारोह में उपस्थित मेहमानों और सामाजिक कार्यकताओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए, आगे भी ऐसे प्रयासों के समर्थन का आश्वासन दिया। सम्मानित व्यक्तियों में अनवरी बानो, पुर्णिमा सिंह, प्रगति शंकर, डॉ० गीता गंगोत्री, ज्योतिर्मय डे राणा, सभ्यता, अन्नु सिंह, प्रीति प्रसाद नरेश कुमार विश्वकर्मा, प्रीति रंजन, प्रशात द्विवेदी, रमण सिन्हा, अंजनी कुमार सिन्हा एवं आरती सिन्हा, शशि भूषण पाण्डेय, दिलीप कुमार, अरविन्द कुमार, सर्वेन्दु शेखर कर, प्राचार्य, डीएवी, सेक्टर-4, बोकारो, मनोज कुमार स्विच, संजय शर्मा, जय नन्दन तिवारी, कुमार अमरदीप, चित्तरंजन तिवारी, सुरज कुमार, हरिश महतो अनिल कुमार के नाम शामिल है। यह समारोह उन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था, जिन्होंने समाज में अपने योगदान से सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम में टीम के सदस्य लक्ष्मण प्रसाद, नीतू देवी, किरण किशोर, अभिनाश, रूपा राज, मंजू पांडेय, महेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### निरसा में एसजेएएस ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**धनबाद** : निरसा में एस.जे.ए.एस ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित में 65 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत दिवस के अवसर पर एस.जे.ए.एस ब्लड बैंक धनबाद, द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर निरसा मध्य पंचायत की मुखिया रीता देवी के आवासीय कार्यालय के पास निरसा इंस्पेक्टर ऑफिस के पीछे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें 65 यूनिट रक्तदान हुआ। यह आयोजन मुस्कान एक प्रयास संस्था की संस्थापक सह प्रेसिडेंट ललिता चौहान के नेतृत्व में किया गया, जो धनबाद जिले में समाजिक कार्यों में अपना सराहनीय योगदान दे रही हैं। रक्तदान शिविर में एसजेएएस ब्लड बैंक के सुदीप पांडे और उनकी टीम ने भी भाग लिया, जिनके नेतृत्व में रक्त संग्रहण कार्य किया गया। कार्यक्रम में ज़िला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह समेत कई सम्मानित लोग उपस्थित थे। एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सीईओ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है, जिससे दिल का दौरा और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। वहीं, एस.जे.ए.एस ब्लड बैंक के सुदीप पांडे ने कहा रक्तदान न केवल दूसरों की जान बचाता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि ललिता सिंह ने 50 बार रक्तदान किया है, जबकि गोपाल भट्टाचार्य ने 89 बार रक्तदान किया है, जो सराहनीय है। एस.जे.ए.एस ब्लड बैंक ने सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और मुस्कान एक प्रयास संस्था की पूरी टीम को रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। एसजेएएस ब्लड बैंक अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए कई जरूरतमंद मरीजों को रक्त ससमय उपलब्ध कराकर समाज में अनुठी मिशाल पेश किया है। सैकड़ो से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित, कैंसर पीड़ित एवं अन्य जरूरतमंदों को बिना रक्तदान किए रक्त उपलब्ध करवाया गया है। थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा है। हर मरीजों को रक्त की उपलब्धता में ब्लड सेंटर के मदद से सहुलियत प्रदान हो रहा है। ससमय रक्त उपलब्ध होने से मरीजों को एक नई जिंदगी मिल रही है।

### विशाल महतो ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों से किया सम्मानित




**कतरास (धनबाद)** : कांग्रेस पार्टी के कतरास कार्यालय में युवा कांग्रेस के संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी रखने वाले लोगो को युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल महतो ने विभिन्न पदों से सम्मानित कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी जिसमे अजय महतो को युवा कांग्रेस का प्रखंड अध्यक्ष, बिनोद रवानी को बाघमारा विधानसभ उपाध्यक्ष, दिलीप पांडे को विधानसभा महासचिव और मनोज कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विशाल महतो, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो,नगर अध्यक्ष रंजीत पांडेय, अजय पासवान, विकास महतो,भोलू केशरी, दयाल महतो,योगेंद्र महतो, सोनू महतो, गणेश महतो, विवेक महतो, कमलेश पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति को संगठित होकर सामाजिक और राजनीतिक सुधार के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही, कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करने के लिए सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया।

### बोकारो में सिटी वूमेंस जूडो लीग का हुआ आयोजन




**बोकारो** : एम जी एम स्कूल बोकारो में बोकारो सिटी वूमेंस जूडो लीग का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया,मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स के तत्वाधान में बोकारो जूडो संघ के द्वारा कराया गया इस जूडो लीग का उद्घाटन श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य शैलजा कुमारी, एम जी एम स्कूल के प्राचार्य फादर डॉक्टर जोशी वर्गीस उप प्राचार्य रेखा बनर्जी हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी तथा डीएवी 6 की प्राचार्य अनुराधा सिंह बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि ने किया झारखंड के अलग–अलग जिलों से 150 खिलाड़ियों ने लिया खिलाड़ियों का जोश मैच के दौरान देखते ही बन रहा था सभी खिलाड़ियों ने अपने उम्दा प्रदर्शन किया खिलाड़ियों के बीच 36 स्वर्ण पदक 36 रजत मेडल तथा 60 कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के बीच वितरित की गई जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम है दुर्गा टंडन, जय श्री, साक्षी सिंह सोलंकी, संवि,साक्षी सिंह सोलन, संजू कुमार, दीपक रंजन,आयुष कुमार ठाकुर, जेब नाज, साक्षी श्रीवास्तव, पूजा कुमारी, पायल सिंह, सूरज कुमार सराहनीय योगदान रहा।

### मां राजराजेश्वरी महालक्ष्मी महायज्ञ के सातवें दिन वैदिक कथा का हुआ पाठ



**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर 4 एफ में चल रहे माँ राजराजेश्वरी महालक्ष्मी महायज्ञ के सातवें दिन वैदिक कथा के अंतर्गत राजा निमि और वशिष्ठ ऋषि की कथा का पाठ किया गया। कथा के दौरान बताया गया कि राजा निमि और वशिष्ठ ने एक–दूसरे को शाप दिया, जिसके फलस्वरूप निमि को अपने शरीर का त्याग करना पड़ा। वशिष्ठ जी इस घटना से चिंतित होकर अपने पिता ब्रह्मा जी के पास गए, जहां उन्हें मित्रावरुण के तेज में विलीन होकर पुनर्जन्म प्राप्त करने का आशीर्वाद मिला। व्यासपीठ पर विराजमान डॉ. अनिल मंडप, मुखकांत सिपाही नितिन तिवारी, विरमलेश जी एवं अन्य विद्वानों ने कथा वाचन किया। जैसे ही व्यासपीठ पर डॉ. ओम जी का आगमन हुआ, श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक श्वेता सिंह द्वारा शाल और चुनरी ओढ़ाकर व्यासपीठ के सम्माननीय वक्ताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति द्वारा उपस्थित भक्तों को चुनरी और प्रसाद वितरित किया गया।

## एक नजर

### कुएं से मिला युवक का शव

**लातेहार :** पुलिस ने जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम के निकट स्थित लुकिया जंगल से सोमवार को संदेहास्पद स्थिति में एक युवक का शव कुएं से बरामद किया है। मृतक की पहचान पिंदरकोम गांव निवासी चंद्र देव यादव (20) के रूप में हुई। मामले की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार चंद्रदेव यादव रविवार दोपहर से अपने घर से लापता था सोमवार को जब महुआ चुनने वाले लोग जंगल में महुआ चुने गए हुए थे तो कुछ लोगों ने कुंआ के पास युवक का शर्ट एवं चप्पल पड़ा हुआ देखा। वही कुएं में ग्रामीणों ने देखा तो वहां युवक का शव दिखा। बाद में इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस के आने के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाला गया। घटनास्थल से पुलिस को 5-6 की संख्या में फेविविक बरामद हुआ है। फेवीविक युवक के आंख और नाक में डाला हुआ था वही माथे में भी कई जगह गंभीर चोट के निशान थे। इधर मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या की गई है। वही इस संबंध में पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद काफी कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

### स्कॉर्पियो लूट कर भाग रहे तीन लुटेरे गिरफ्तार

**पलामू :** पुलिस ने स्कॉर्पियो लूट की वारदात में शामिल तीन अपराधी पकड़े गए हैं। पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के धोबीडीह गांव के पास यह घटना हुई थी। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात श्रेया स्टोन के मालिक रामाशीष सिंह की स्कॉर्पियो उनका ड्राइवर छतरपुर से महुअरी ले जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने स्कॉर्पियो को ओवरटेक कर उसके सामने बाइक गिरा दी। स्कॉर्पियो रुकते ही बदमाशों ने चालक से चाबी और मोबाइल छीन लिया। चालक और रसोइया ने पास के एक घर में मदद मांगी, लेकिन बदमाशों ने खुद को टीपीसी नक्सली बताते हुए घर जलाने की धमकी दी। डर के मारे घर का व्यक्ति अंदर चला गया। इसके बाद बदमाश स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए। घटना के बाद चालक ने रामाशीष सिंह को सूचना दी। उन्होंने पुलिस को जानकारी देकर अपने लोगों के साथ घटनास्थल की ओर निकले। रास्ते में उन्हें दो संदिग्ध मिले, जिन्हें पकड़ लिया गया। आगे बढ़ने पर सिलदाग गांव स्थित बांकी नदी के पास से लूटी गई स्कॉर्पियो पलटी मिली। वहां से भाग रहे एक और बदमाश को भी पकड़ लिया गया।

# शिक्षा शेरनी की दूध जो जितना अधिक पियेगा, वह उतना ही दहाड़ेगा : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इस दूध को जितना अधिक पियेगा, वह उतना ही दहाड़ेगा। विधायक सोमवार को तोरपा प्रखंड के डोड़मा स्थित निर्मला हाई स्कूल में आयोजित भारत स्काउट गाइड के छह दिवसीय आवासीय शिविर के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व निर्मला उच्च विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुदीप गुड़िया ने कहा कि सभी विद्यार्थी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य बनाएं और अपने स्कूल के साथ तोरपा का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि सभी को कुछ न कुछ बनकर दिखाना है। वर्तमान में झारखंड सरकार भी शिक्षा के विकास पर काफी गंभीर है। सभी मूलभूत सुविधाएं बच्चे-बच्चियों के लिए उपलब्ध करा रही है। विधायक ने कहा कि स्कूल प्रबंधन या बच्चों को शिक्षा या सुविधा में कोई भी दिक्कत हो, आप मुझसे संपर्क करें, मैं आपकी हर परेशानी को दूर करने का प्रयास करूंगा। मुझे शिक्षा के क्षेत्र में अपने विधानसभा को आगे बढ़ाना है और अपने विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाना है। यहां के सभी बच्चे-बच्चियों को शिक्षित करना है। कार्यक्रम में अमित कुमार अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी खूंटी, फादर फिलिप कुल्लू, निर्मला उच्च विद्यालय के सचिव एवं डोड़मा के पल्ली पुरोहित फादर अनिल सोरेंग, प्रधानाध्यापक फादर जोसेफ टोप्पो, सिस्टर मासेला, जुबली टोपनो, साकिर अंसारी, प्रधान आयुक्त खूंटी भारत स्काउट गाइड हरेंद्र प्रजापति, प्रधान आयुक्त सरायकेला भारत स्काउट गाइड सुनीता एक्का, गाइडर निर्मला उच्च विद्यालय मगदली टोपनो, गाइडर संत अन्ना उच्च विद्यालय तोरपा सावित्री डोडराय आदि उपस्थित थे।



# विधायक भूषण तिर्की ने सदन में उठाया गुमला में नरसिंग कॉलेज बनाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला विधानसभा के विधायक भूषण तिर्की ने शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। उन्होंने बताया कि गुमला जिला पिछड़ा और जनजातीय बहुल आबादी वाला जिला है, जिसकी सीमा छत्तीसगढ़ राज्य से लगती है। यहां किसी भी तरह के उद्योग नहीं हैं, जिसके कारण अधिकांश लोग खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। उन्होंने बताया कि जिले में एक भी सरकारी नर्सिंग कॉलेज नहीं है, जिसके कारण प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज का सहारा लेना पड़ता है। इन कॉलेजों में ट्रेनिंग फीस अधिक होने के कारण गरीब युवक-युवतियों को नर्सिंग की ट्रेनिंग नहीं मिल पाती है। इस समस्या के समाधान के लिए विधायक भूषण तिर्की ने सरकार से मांग की है कि गुमला जिले में एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जाए। इससे गरीब युवक-युवतियों को निःशुल्क नर्सिंग की ट्रेनिंग मिल सकेगी। बताते चले कि कि विधायक भूषण तिर्की ने शून्य काल के दौरान सदन में विधानसभा क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है। उन्होंने डोका पाठ और बसना पाठ क्षेत्र की खराब सड़क के मुद्दे को उठाते हुए सरकार से पथ निर्माण की मांग की थी। गुमला सदर अस्पताल में बर्न अस्पताल की मांग की। डुमरी में अस्पताल निर्माण की मांग। हाथी के हमले से मृत के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा दिलाने की मांग जैसे क्षेत्र के कई मुख्य मांगों को सदन में रखने का रखा।




# आजसू पार्टी ने डोल मेला में लगाया स्वास्थ्य शिविर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** नामकोम प्रखंड अंतर्गत सीलवे नवीं डोल मेला में आजसू पार्टी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लगाया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी सह केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने फीता काट कर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर कहा नवीं डोल मेला हमारी संस्कृति परंपरा की धरोहर है जिसे बनाए रखने की जरूरत है इसे ग्रामीणों में भक्ति भावना का संचार होता है और भक्तों की आस्था बढ़ती है जहां कृष्ण भगवान और राधा रानी को झूला झुलाया जाता है हर साल की भांति इस वर्ष भी आजसू पार्टी के बैनर तले स्वास्थ्य सेवा शिविर लगाकर चना गुड़ शरबत का वितरण किया गया एवं मेला में आए लोगों की द्वारिका हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क बीमारियों की जाँच भी किया गया और आजसू पार्टी के बेहतर कार्य करने वालों को द्वारिका हॉस्पिटल द्वारा सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य राजू नायक, बीरेंद्र भोगता, प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, मानव कुमार,सावित्री देवी, राखी देवी, गोवर्धन महतो, पिंटू नायक, अजय नायक, किशोर नायक, दूधेश्वर प्रामाणिक, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर मिले प्रधानमंत्री और अबुआ आवास योजना का लाभ : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना की समीक्षा डीसी चंदन कुमार ने की। सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर इन दोनों योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने आवास योजना के तहत अपना आवेदन दिया है, उसकी सूची में सबसे पहले जरूरतमंदों को चिन्हित किया जाना चाहिए। सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इसके बाद डीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के तहत लंबित स्वीकृत योजनाओं की जानकारी ली गई। साथ ही लंबित आवासों को स्वीकृति देने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश डीसी की ओर से दिए गए। डीसी की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के तहत अयोग्य के लाभुकों को चिन्हित कर प्राथमिकता के अनुसार लाभ देने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत फेज 2.0 में योग्य परिवारों को जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसमें कम प्रगति रहने के कारण अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को सर्वे में जोड़ने का निर्देश दिया गया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान डीसी ने पीएम जनमन योजना के तहत योग्य लाभुकों को चिन्हित कर आवास योजना से लाभान्वित करने को कहा। बैठक के दौरान डीडीसी रोबिन टोप्पो, परियोजना पदाधिकारी, ग्रामीण विकास शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



# रामनवमी जुलूस में ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी, सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो इसके लिए पुलिस अभी से ही अलर्ट हो गई है। रामगढ़ थाने में सोमवार को रामनवमी महासमिति, सभी अखाड़ों के पदाधिकारी के साथ रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बैठक की। इस दौरान उन्होंने जुलूस को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि तय रास्ते पर ही जुलूस निकाला जाएगा। सभी जगह पर दंडाधिकारी और पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। इसके बावजूद ड्रोन कैमरे से जुलूस की निगरानी होगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि नई सराय बस्ती, सौदागर मोहल्ला, गोलपार, पुर्नी मंडप में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सिरका, हेसला, अरगड्डा सहित अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए रामगढ़ थाना क्षेत्र के 32 अखाड़ों ने भी तैयारी शुरू कर दी है। सभी अखाड़ों के पदाधिकारी ने बैठक में हिस्सा लिया और अपने कार्यक्रम के बारे में बताया। रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रामगढ़ में एक अप्रैल को मंगला जुलूस भव्य तरीके से निकाला जाएगा। इसके अलावा रामनवमी का जुलूस पांच एवं छह अप्रैल को निकलेगा। दोनों दिनों तक अलग-अलग अखाड़े के लोग सड़क पर उतरेंगे। इस दौरान कमेटी तो अलर्ट रहेगी ही, पुलिस फोर्स की भी व्यवस्था रहे तो बेहतर होगा। सात अप्रैल को चैती दुर्गा पूजा संपन्न होगा और मूर्ति का विसर्जन होगा। इस जुलूस में भी लोग सड़क पर उतरेंगे। महासमिति के द्वारा यह बताया गया कि सौदागर मोहल्ला में जर्जर विद्युत तार काफी नीचे से गुजरे हैं। जुलूस के दौरान दुर्घटना होने की संभावना है। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि जर्जर तारों को हटाया जाएगा। जुलूस के रास्ते पर पड़े पत्थरों को हटवाने का निर्देश दिया गया है। सौदागर मोहल्ला में रास्ते पर लगी गाड़ियों को हटवाने के लिए भी आदेश जारी हुआ है। कलश स्थापना से रामनवमी तक खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने की बात भी कही गई। रामगढ़ थाने में हुई बैठक के दौरान महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा, सुरेंद्र महतो, राजू कैथ, प्रवीण कुमार सोनू, किशोर जाजू, आकाश यादव, तेजपाल महतो, मनीष मिश्रा, प्रभात अग्रवाल, सौरभ कुमार, संतराज पासवान, विजय पाठक, चंदन यादव, आनंद बेरलिया, अलख बिहारी सिंह, महावीर बेदिया, अर्जुन पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### एसबीयू में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय द्वारा इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 25-29 मार्च तक होगा। कार्यक्रम का आयोजन एसबीयू के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स द्वारा विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ प्रमुख इंद्रजीत यादव होंगे। इस अवसर पर रश्मि ग्रुप, कोलकाता के झारखंड प्रमुख, कॉरपोरेट अफेयर्स राजीव कुमार गुप्ता, प्यूरेश डेली फूड्स प्रा. लि. के निदेशक एवं सह संस्थापक मनीष पीयूष, आदित्य बाई- इनोवेशन प्रा. लि. के निदेशक पार्थो प्रतिम चटर्जी एवं आईआईएमएस, कोलकाता के प्राचार्य सुदीप्तो भट्टाचार्य, एमएसएमई-डीएफओ के असिस्टेंट डायरेक्टर गौरव कुमार का भी संबोधन होगा। यह जानकारी कॉमर्स विभाग के डीन सह कार्यक्रम के संयोजक डॉ संदीप कुमार ने दी। कार्यक्रम में एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं कुलसचिव श्रीधर डांडीन का भी संक्षिप्त संबोधन होगा। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

### गोंदली पोखर महावीर मंडल अध्यक्ष बने ज्योतिष महतो व उपाध्यक्ष विक्की सोनी



**अनगड़ा :** महावीर मंडल गोंदली पोखर की एक बैठक मंदिर प्रांगण रखी गई बैठक में बेड़वारी विलदाग सालहन हेसल तुरुप लुपंग गांव के समाज सेवी प्रबुद्ध जन शामिल हुवे और सभी के सर्व सहमी से महावीर मंडल का गठन किया गया। अध्यक्ष ज्योतिष महतो उपाध्यक्ष विक्की सोनी अगमलाल महतो सिमलिया राजेन्द्र महतो झटनी टुंगरी रामशाय मुंडा सालहन रामेश्वर महतो हेसल नरेश साहू बेड़वारी राजकिशोर प्रामाणिक सालहन महासचिव राजेन्द्र मुंडा विलदाग राम पोदो राजू कुमार महतो वीरेंद्र सिंह भोगता उप सचिव सुप्रेस महतो जगर नाथ महतो संगठन मंत्री रंजीत केशरी जलेश्वर महतो प्रचार मंत्री शिव संकर केसरी को बनाया गया। बैठक सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा कि जिस तरह पूर्व में इस पर्व को मनाते आ रहे हैं उसी तरह इस वर्ष भी शांति पूर्ण रूप से सफल बनाएंगे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** जिले के झुमरी तिलैया स्थित शिव वाटिका में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 अंतर्गत ग्राम एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल की गुणवत्ता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहां कि जल की गुणवत्ता जांच समय-समय पर करने की आवश्यकता है इससे स्वच्छ जीवन यापन कर सकेंगे जिले को स्वच्छ रखना हम सब लोगों की जिम्मेवारी है तथा समय-समय पर इसके लिए जन जागरूकता किया जा रहा है ताकि लोग स्वच्छता के गंभीर हो इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट रीसायकल यूनिट हेतु डीएमएफटी फंड द्वारा जिले के चंद्रोडीह में प्लांट का निर्माण किया जा रहा है जिसमें कचरा सैग्रीगेट करने से संबंधित महिला पुरुषों को प्रशिक्षण को द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्लास्टिक सेग्रीगेशन करने से संबंधित पैंटीस फाउंडेशन एजेंसी द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंड में स्थानीय लोग को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जा रहा है। वही कार्यक्रम को संयुक्त रूप से अन्य जिले के अधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन की जिला समन्वयक सुमन गुप्ता, दीपन दिगल, पैंटीस फाउंडेशन एजेंसी के कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिंह, अंकित कुमार, एचआर रीमा बोस,राखी कुमारी, प्रेरणा देवी के अलावा सैकड़ो के तादाद में महिला पुरुष उपस्थित रहे।


**कार्यालय अभिहित अधिकारी–सह– अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ (खाद्य सुरक्षा शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**खाद्य कारोबारकर्त्ता हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

1. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत् कोई भी व्यक्ति कोई खाद्य कारोबार अनुज्ञाप्ति (Fodd Safety Licesnse) के अधीन ही प्रारंभ करेगा या उसे चलाएगा अन्यथा नही, तथा छोटे कारोबारकर्त्ता अपने कारोबार को पंजीकृत कराएँगे।
2. फूड लाइसेंस / रजिस्ट्रेशन, FoSTaC Training Certificate, एवं Food Safety Display Board प्रतिष्ठानों के सहज दृश्य स्थल पर रखें।
3. खाद्य पदार्थों के विनिर्मित लेबल पर FSSAI License/ Registration, पैकिंग डेट, एक्सपाइरी डेट, बैच नम्बर, न्यूट्रीशियन वैल्यू, इन्टीग्रेडिएंट लिस्ट, वेज–नॉनवेज लोगो पूरा पता आदि प्रदर्शित करेंगे।
4. पके हुए खाद्य पदार्थ एवं मिठाईयों के मिडिया एवं खाद्य पदार्थों की प्रकृति वाला एक नोटिस बोर्ड प्रदर्शित करेंगे।
5. खाद्य पदार्थों के तैयार करने के क्रम में परमिटेड फूड एडीटीव्स (जैसे– कलर, स्वीटनर, फ्लेवर आदि) का ही इस्तेमाल करेंगे। तलने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले खाद्य तेल का इस्तेमाल तीन बार से अधिक नहीं करें।
6. तैयार खाद्य पदार्थों को अखबार, प्लास्टिक या प्रिंटेड कागज आदि में नहीं सर्व करेंगे। पैकेजिंग के लिए फूड ग्रेड पैकिंग मेटेरियल का ही इस्तेमाल करेंगे।
7. जिस खाद्य पदार्थों की प्रोसेसिंग के लिए पानी का इस्तेमाल होता है वह पानी का जाँच रिपोर्ट रखेंगे।
8. प्रतिष्ठानों के सभी Food Handlers का Annual Medical Fitness चेकअप कराना अनिवार्य है।
9. खाद्य पदार्थों को तैयार करते समय Food Handlers द्वारा ग्लवस, मास्क, हेयर नेट, एप्रन आदि का इस्तेमाल करना अनिवार्य है।
10. कच्चे, पके हुए वेज नान–वेज खाद्य पदार्थों का भण्डारण उचित तापमान पर अलग–अलग करना अनिवार्य है।
11. खाद्य कारोबारियों को अपने प्रतिष्ठान के आस–पास साफ–सफाई, शुध्द पेयजल के साथ ढक्कन लगा डस्टबिन रखना अनिवार्य है।
12. प्रतिष्ठानों में धुम्रपान / तम्बाकु / मदिरा का सेवन करना एवं संक्रामक बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित है।
13. स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवं अन्य कारोबारी बिक्री के लिए तैयार खाद्य पदार्थों को ढ़क कर ही रखेंगे।
14. उक्त सभी बिन्दुओं का पालन किया जाना अनिवार्य है। उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की सकती है।
15. जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन हमेशा आपके साथ है। इसका सहयोग एवं समर्थन प्राप्त किया जाय।

ह0/–
खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी
रामगढ़

ह0/–
अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 349123 (District) 24-25 (D)



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ (जिला खेल शाखा)**

दूरभाष : 06553–261555(O) Email Id- dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड राँची के अन्तर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची एवं जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी के ज्ञापांक 105 / खेल दिनांक 22.03.2025 एवं जिला खेल पदाधिकारी, गिरिडीह ज्ञापांक 170 / जि0खे0 दिनांक 24.03.2025 के आलोक में विभागन्तर्गत नियंत्रणाधीन खूँटी एवं गिरीडीह जिले में संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों (हॉकी एवं फुटबॉल) में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या का नाम | प्रतिभा चयन का स्थल | वर्ग | संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक का नाम एवं दूरभाष संख्या | निर्धारित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एस0एस0 आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र (बालक) खूँटी | हॉकी | बिरसा मुण्डा हॉकी एस्ट्राटर्फ स्टेडियम, खूँटी | बालक | श्रीमती विवियानी कोनगाड़ी मो0नं0–9801348069 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 09.00 बजे पूर्वा0 से |
| 02 | Center of Excellence आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र (बालिका) खूँटी। | हॉकी | | बालिका | श्रीमती लालमिंगकीमी खियांगते मो0नं0–9575710945 | |
| 03 | आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र गिरिडीह। | फुटबॉल | गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह | बालक | श्री आशुतोष कुमार राय जिला खेल समन्वयक गिरिडीह मो0–9934195963 | 27.03.2025 पूर्वा0 08.00 बजे से |

दिशा निर्देश :–
1. संबंधित जिलान्तर्गत संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित खिलाड़ियों की संख्या के अनुरूप रिक्त स्थानों को भरा जायेगा एवं प्रतिक्षा सूची तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पर (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणर्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ी झारखण्ड राज्य का निवासी होनी अनिवार्य होगा।
4. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकण हेतु 01 अप्रैल 2025 का 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र / आधार कार्ड एवं दो पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा)
5. ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने में विचार किया जा सकेगा।
6. मेडिकल फिटनेस–खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामांकन किया जायेगा।
7. खिलाडी को माता / पिता / अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।

उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पर रामगढ़ जिला के वेबासाईट www.ramgarh.nic.in से डाउनलोड कर सकते है। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु उपरोक्त संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक के मोबाईल न0 पर सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,रामगढ़

PR 349131 District(24-25).D

# नफरत, असमानता एवं नस्लीय भेदभाव से लड़ें

नस्लवाद मानवता के माथे पर एक बदनुमा दाग है, यह सिर्फ. उन लोगों के जीवन को ही नुकसान नहीं पहुंचाता जो इसे झेलते हैं, बल्कि पूरे समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। हम सभी भेदभाव, विभाजन, अविश्वास, असहिष्णुता, घृणा और नफरत से भरे समाज में जीतते नहीं, बल्कि हारते हैं। नस्लवाद के खिलाफ लड़ाई हर किसी की लड़ाई है। नस्लवाद से परे एक दुनिया बनाने में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से जनजागृति का माहौल बनाने के लिये प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व स्तर पर नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाते हैं और दक्षिण अफ्रीका में 1960 के शार्पविले नरसंहार के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन लोगों की आवाज एवं दर्द सुनते हैं जो नस्लवाद के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे। यह दिवस नस्लीय भेदभाव को खत्म करने और समानता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है और नस्लवादी विचारों और प्रथाओं के खिलाफ चल रही लड़ाई को रेखांकित करता है, ताकि नस्लीय अलगाव से मुक्त वैश्विक समझ और एकता को बढ़ावा देते हुए नस्लमुक्त आदर्श एवं समानतामूलक दुनिया का निर्माण किया जा सके। किसी व्यक्ति के साथ उसकी त्वचा के रंग, नस्ल, जातीय मूल या जन्म के देश के आधार पर भेदभाव करना नस्लीय भेदभाव कहलाता है। नस्लीय भेदभाव के जरिए लोगों को समान अवसरों से वंचित किया जाता है या उनका अपमान किया जाता है। नस्लवाद, विदेशी लोगों के प्रति घृणा और उससे संबंधित भेदभाव और असहिष्णुता सभी समाजों में, हर जगह मौजूद हैं। 21 दिसंबर, 1965 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प 2106 (एक्सएक्स) के माध्यम से सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को अपनाया, जो नस्लवाद को मिटाने के वैश्विक प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस वर्ष सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की 60वीं वर्षगांठ है। संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों में से पहली के रूप में, नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने भविष्य के मानवाधिकारों की उन्नति के लिए मंच तैयार किया। 60वीं वर्षगांठ नस्लीय भेदभाव के खिलाफ की गई प्रगति पर चिंतन करने और मौजूदा चुनौतियों पर प्रकाश डालने का आह्वान करती है। यह समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और नस्लवाद को खत्म करने के प्रयासों को जारी रखने का समय है, ताकि सभी व्यक्तियों, समाजों के लिए समान व्यवहार एवं समानतामूलक विश्व की संरचना सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में नस्लीय भेदभावमुक्त समाज को निर्मित करने के लिये प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार चाहती है कि नस्लवाद किसी भी स्थिति में और अवश्य ही समाप्त होना चाहिए। और हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर नस्ल, जाति, रंग, लिंग, पंथ में रुचि रखने वाले लोग एक-दूसरे से सुरक्षित और आपस में संबंधित है, जिससे कि हमारा आने वाला कल सौहार्दपूर्ण तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला हो। बावजूद इसके पूर्वोत्तर राज्यों एवं अन्य समाजों में नस्लीय भेदभाव पसरा है। नस्ल प्रभावित लोगों के खिलाफ बढ़ रही आपराधिक घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। ये घटनाएं न सिर्फ राजधानी में इन राज्यों के लोगों के प्रति बढ़ती असहिष्णुता की स्थिति को दशार्ती हैं, बल्कि यहां कानून-व्यवस्था के हालात पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। विगत एक वर्ष में दिल्ली में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में बड़ी संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें जहां हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण जैसे गंभीर आपराधिक मामले बड़ी संख्या में हैं, वहीं महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म, दुष्कर्म के प्रयास, छेड़छाड़, फोन पर फब्तियां कसने व घूरने जैसी घटनाओं को लेकर दर्ज किए गए, मामलों की संख्या भी कम नहीं है। यही नहीं, दिल्ली पुलिस की साइबर सेल के पास सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नस्लीय टिप्पणियां किए जाने संबंधी मामले भी आ रहे हैं। इस तरह तेजी से बढ़ती आपराधिक घटनाएं राजधानी में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों में असुरक्षा का भाव पैदा कर रही हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। ये स्थितियां भारत के नस्लीय भेदभाव के विरोध और अश्वेतों को समान अधिकार और प्रतिष्ठा दिए जाने की वकालत को भी धुंधलाती है। क्या कारण है कि देश के भीतर के सामाजिक विभाजन एवं नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने के बावजूद उसे मिटा नहीं रहे हैं। भले ही ऐसी वारदातें पुलिस की नजर में छोटी हों लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता एवं गौरवपूर्ण संस्कृति के लिये चिन्ताजनक है।

### सूडोकु नवताल- 7380

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7379 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# बांग्लादेश के बदलते सुरों को गंभीरता से लेना होगा

**ललित गर्ग**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर कहा कि हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। बस कुछ गलतफहमियां हैं, जिन्हें दूर करने की कोशिश की जा रही है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली स्थिति में यूनुस किन रिश्तों के मजबूत होने की बात कर रहे हैं, कैसी गलतफहमियां और किनके द्वारा उत्पन्न गलतफहमियों की बात वे कर रहे हैं? यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने भारत से दूरियां बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ी, वहां हिन्दुओं एवं हिन्दू मन्दिरों पर कहर बरपाया गया, पाकिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ाने की कवायद करते हुए भारत को डराने की कोशिशें हुई, कट्टरपंथी एवं जिहादी ताकतों को सहयोग, समर्थन और संरक्षण दिया गया है, इन सब स्थितियों को उग्र से उग्रतर बनाकर अब यूनुस किन रिश्तों की बात कर रहे हैं, वे क्यों बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करना चाहते हैं? बांग्लादेश का भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण बना है। भारत से पंगा बांग्लादेश को कितना महंगा पड़ रहा है, इसका अनुमान बांग्लादेश की बिगड़ती अर्थ-व्यवस्था, शांति-व्यवस्था एवं अराजकता को देखते हुए सहज ही लगाया जा सकता है। इन ज्वलंत होती स्थितियों का सबसे बड़ा कारण भारत से दुश्मनी ही है। बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा एवं जर्जर होते हालात को मोहम्मद यूनुस सरकार नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं। मुल्क अभी भी भीड़ की हिंसा की उन घटनाओं से उबर नहीं रहा है, जो पिछले अगस्त में शेख हसीना को सत्ता से हटाने वाले आंदोलन के बाद शुरू हुई थी। यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है। यदि भारतीय प्रधानमंत्री बैंकाक में यूनुस से वातार्लाप करते हैं तो उन्हें उनके इरादों को लेकर सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए।



भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। बांग्लादेश में भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा गया, वहां हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं पर भारत की तमाम चिंताओं के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई गयी और अल्पसंख्यक हिन्दुओं के दमन को रोकने के लिए वांछित कदम उठाने से इनकार किया गया है। इन सब स्थितियों के कारण आज वहां कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडराने लगा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम रहे हैं और भारत से टकराव मोल लेकर उन्होंने अपने पांवों पर खुद कुल्हाडी चलाई है। बांग्लादेश के हुक्मरानों और विशेषतः यूनुस सरकार ने विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश कर दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूद किया हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं।

बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस भले ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हो, लेकिन उनकी सोच एवं कार्य-पद्धति में कट्टरवाद एवं भारत-विरोधी मानसिकता है। भले ही वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करके भारत से दोस्ती का नाटक करें। लेकिन उनके इरादों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और है। चीन के खासे प्रभाव में आकर बांग्लादेश उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। उसने वहां महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है और वह बांग्लादेशी सेना के हथियारों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। चीन ने ऐतिहासिक रूप से दक्षिण एशिया में भारतीय प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में इस्तेमाल किया है और वह इस्लामाबाद की मदद से बांग्लादेश में भी अपना प्रभाव बढ़ाने का अवसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान को अतिश्योक्तिपूर्ण ढंग से अपने आंतरिक मामलों में जगह दे देकर बांग्लादेश ने खुद खतरा मौल लिया है। पाकिस्तान भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश का उपयोग करता है। वह आतंकवादियों की घुसपैठ के लिए भी बांग्लादेश का उपयोग करता है। इसी के चलते अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में यूनुस ने कई कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटाया है और आतंकी गतिविधियों के लिए आरोपित नेताओं को जेल से रिहा भी किया है। भारत को इसकी भी अनदेखी नहीं करना चाहिए कि बांग्लादेश में पाकिस्तान के दखल का मुख्य ध्येय भारत को कमजोर एवं अशांत करना ही है।

भारत के सहयोग से हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश की यूनुस का कार्य व्यवहार चिंतित करने वाला है। वह यथाशीघ्र चुनाव कराने में रुचि दिखाने के बजाय ऐसे एजेंडे अपने हाथ में ले रहे हैं, जिससे लंबे समय तक सत्ता में बना रहा जाए।

अब तो बांग्लादेश की सेना भी यूनुस के रवैये को लेकर सशंकित दिख रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के विरुद्ध जिन छात्रों के विद्रोह के चलते यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने, उन छात्रों ने पिछले दिनों नेशनल सिटिजंस पार्टी नाम से अपना अलग दल गठित कर लिया और यह आरोप भी लगाया कि सेना शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को फिर से सत्ता में लाने की साजिश रच रही है। यह चकित करने वाला घटनाक्रम है। इसलिए और भी, क्योंकि बांग्लादेश की सेना ने इस पार्टी के आरोपों को हास्यास्पद और निराधार करार दिया। भारत को बांग्लादेश के घटनाक्रम पर इसलिए निगाह रखनी होगी, क्योंकि माना जा रहा है कि छात्रों की इस नई पार्टी के गठन के पीछे यूनुस का ही हाथ है। बांग्लादेश में आंतरिक स्थिति जटिल से जटिलतर होती जा रहा है, स्थितियां विकराल हो रही है, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। भारत के सहयोग से हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही थी और वह जीडीपी वृद्धि कर रहा था। लेकिन उनके तख्तापलट के बाद से विकास में तेजी से गिरावट आई है और देश मंदी की ओर बढ़ रहा है। विश्व बैंक और आईएमएफ का कहना है कि हसीना के सत्ता से हटने के बाद से बांग्लादेश की विकास-दर आधी हो गई है और उसका कपड़ा उद्योग-जो उसके विकास का आधार था-बेरोजगारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लेकिन अंतरिम सरकार मौजूदा स्थिति के लिए हसीना सरकार को दोषी ठहराती है, यह बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति है। लेकिन यह तय है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, वही बांग्लादेश क्या सोचकर भारत से दूरियां बढ़ाई? अब अपनी गलती का अहसास करते हुए वह भारत से दोस्ती चाहता है तो भारत को सतर्कता, सावधानी, दूरगामी सोच, कूटनीतिक सोच से कदम उठाने चाहिए।

# अस्पतालों में बिना जरूरत के बढ़ते सीजेरियन

**प्रियंका सौरभ**

यह सच है कि कुछ निजी अस्पताल अधिक मुनाफे के लिए अनावश्यक सीजेरियन कर रहे हैं, लेकिन सभी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। समाधान के लिए महिलाओं की जागरूकता, डॉक्टरों की नैतिक ज़िम्मेदारी और सरकारी नियमों की जरूरत है। कुछ सवाल है जिनके जवाब सबको मिलकर ढूँढने जरूरी है? क्या यह महिलाओं की जरूरत के हिसाब से बढ़ा है या अस्पतालों की कमाई का जरिया बन गया है? क्या डॉक्टर्स अपनी सुविधा के लिए बिना जरूरत सीजेरियन कर रहे हैं? क्या महिलाएँ खुद सीजेरियन को प्राथमिकता दे रही हैं, क्योंकि वे दर्द से बचना चाहती हैं? क्या महिलाओं को बिना उनके विकल्पों की सही जानकारी दिए सीजेरियन के लिए प्रेरित किया जाता है? सीजेरियन अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन जब यह व्यावसायिक फायदे के लिए या बिना ठोस मेडिकल वजह के किया जाता है, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सही जागरूकता और जिम्मेदारी से इसका उपयोग होना चाहिए।

क्या आपको मालूम है कि सिजेरियन डिलीवरी, या सी-सेक्शन, दुनिया में सबसे अधिक की जाने वाली सर्जरी है? सीजेरियन सेक्शन बनाम नार्मल डिलीवरी का विषय काफी चर्चा में रहता है, खासकर तब जब इसका जरूरत से ज्यादा उपयोग होने लगे। कुछ लोग इसे एक ₹बिजनेस मॉडल₹ मानते हैं, तो कुछ इसे मेडिकल साइंस की उपलब्धि के रूप में देखते हैं। सीजेरियन सेक्शन एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जो तब की जाती है जब सामान्य (नार्मल) डिलीवरी संभव न हो या माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए जोखिम हो। लेकिन आजकल कई जगहों पर यह मेडिकल जरूरत से ज्यादा किया जा रहा है, खासकर निजी अस्पतालों में, जहाँ इसे जल्दी और सुविधाजनक समाधान के रूप में देखा जाता है। सीजेरियन अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन जब यह व्यावसायिक फायदे के लिए या बिना ठोस मेडिकल वजह के किया जाता है, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सही जागरूकता और जिम्मेदारी से इसका उपयोग होना चाहिए। पिछले कुछ सालों में भारत सहित कई देशों में सीजेरियन की दर तेजी से बढ़ी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, केवल 10-15% मामलों में सीजेरियन आवश्यक होता है, लेकिन कई देशों में यह दर 50% या उससे अधिक हो चुकी है। भारत में कई निजी अस्पतालों में यह दर 50-80% तक देखी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निजी अस्पतालों में सीजेरियन डिलीवरी की दर 40-50% तक पाई गई, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह लगभग 20-25% थी। स्वास्थ्य बीमा योजना और जननी-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसी योजनाओं में बिना आवश्यकता के मरीजों की सर्जरी कर दी जाती है, क्योंकि ऐसी योजनाओं में या तो प्रोत्साहन राशि मिलती है, या फिर बीमा कंपनी को लाभ होता है। इनमें सिजेरियन, हार्निया, गॉलब्लेडर, अपेंडिक्स आदि से सम्बंधित मामले अधिक हैं। यह दुखद है, क्योंकि ऐसे मामलों में सबसे ज्यादा शोषण गर्भवती महिलाओं का होता है। सीजेरियन डिलीवरी का खर्च सामान्य डिलीवरी से 2-5 गुना अधिक होता है, जिससे अस्पतालों को अधिक मुनाफा होता है। नार्मल डिलीवरी में घंटों का समय लग सकता है, जबकि सीजेरियन एक तय समय में पूरा किया जा सकता है, जिससे अस्पतालों और डॉक्टरों को कम समय में अधिक डिलीवरी करने का मौका मिलता है। कुछ डॉक्टर निजी अस्पतालों में अपनी सुविधा के अनुसार डिलीवरी शेड्यूल करना पसंद करते हैं। कुछ महिलाओं को लेबर पेन का इतना डर होता है कि वे खुद सीजेरियन करवाने के लिए तैयार हो जाती हैं। कई बार मरीजों को डराकर यह बताया जाता है कि बच्चा खतरे में है, जिससे वे सीजेरियन के लिए मजबूर हो जाती हैं।

कई मामलों में सीजेरियन जरूरी होता है, जैसेः बच्चे की पोज़िशन सही न हो, जैसे ब्रीच पोज़िशन। डिलीवरी के दौरान जटिलताएँ हो जाएँ, जैसे प्लेसेंटा प्रीविया, गर्भनाल का फँसना। माँ को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हो, जैसे हाई बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग। बच्चे को ऑक्सीजन की कमी हो और तुरंत डिलीवरी जरूरी हो। पहले भी सीजेरियन हो चुका हो और नार्मल डिलीवरी सुरक्षित न हो। लेकिन जब बिना किसी ठोस मेडिकल वजह के सिर्फ. पैसे कमाने के लिए सीजेरियन किया जाए, तो यह नैतिक रूप से गलत है। कई प्राइवेट अस्पताल सीजेरियन को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि यह जल्दी हो जाता है और अधिक खर्च आता है। महिलाओं का डर और जागरूकता की कमी के चलते कई महिलाएँ दर्द से बचने के लिए सीजेरियन चुन लेती हैं, जबकि नार्मल डिलीवरी अधिक लाभदायक होती है। महिलाओं को इस बारे जागरूक किया जाए, ताकि वे नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता दें। डॉक्टर्स को ज़िम्मेदारी से काम करना चाहिए, सिर्फ. जरूरत पड़ने पर ही सीजेरियन करना चाहिए। प्राकृतिक तरीकों को बढ़ावा दिया जाए, जैसे गर्भावस्था के दौरान योग और सही डाइट ताकि नार्मल डिलीवरी आसान हो सके।

इन सबके साथ-साथ सरकार को सख्ती से नियम लागू करने चाहिए, ताकि अनावश्यक सीजेरियन कम हों। नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता दें, जब तक कि मेडिकल कारण से सीजेरियन जरूरी न हो। गर्भावस्था के दौरान योग, सही खान-पान और व्यायाम करें, ताकि नार्मल डिलीवरी की संभावना बढ़े। अस्पतालों को अपने सीजेरियन और नार्मल डिलीवरी की दरें सार्वजनिक करनी चाहिए। महिलाओं को सीजेरियन की सिफारिश मिलने पर दूसरे डॉक्टर से सलाह लेने की आदत डालनी चाहिए। सरकार को निजी अस्पतालों में अनावश्यक सीजेरियन रोकने के लिए सख्त नियम बनाने चाहिए। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सही जानकारी दी जानी चाहिए ताकि वे डॉक्टर के निर्णय को समझ सकें और सवाल पूछने में हिचकिचाएँ नहीं। अस्पतालों को नार्मल डिलीवरी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाए। सिजेरियन डिलीवरी के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए तेलंगाना के एक जिले ने तीन मिनट की एक लघु फिल्म बनाई है, 'सीजेरियन ला कू कथेरेधम' (आइए सिजेरियन डिलीवरी को कम करें)। दर्द से बचने के लिए बहुत-सी महिलाएँ नॉर्मल डिलीवरी की जगह सीजेरियन का विकल्प चुनतीं हैं, जो गलत है। सीजेरियन तभी सही है जब यह माँ और बच्चे की सुरक्षा के लिए जरूरी हो। अनावश्यक सर्जरी से बचना चाहिए क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक रूप से माँ के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# 'रागनी' को लुप्त होने से बचाने की जरूरत

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणा की लोक संस्कृति में रागनी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली जरिया रही है। रागनी लोगों को बुराइयों के खिलाफ खड़ा करने का माध्यम भी रही है। इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्व पूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से ही यह लोककला जीवित है, हालांकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की जरूरत है। संकट यह है कि आज यह धीरे-धीरे लुप्त हो रही है।


रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम, भक्ति, सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहां गायक अपनी आवाज और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर जोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ" जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुंचाया। हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को खत्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महती भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों का संदेश है कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुआ और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। मसलन- सुणले रे छोरे, बीड़ी-सिगरेट मत पीजा, तन्ने मां-बाप सूं किट्टे तै प्यारा..। हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी ताकत रही है। इसमें किसानों की समस्याओं और मजदूरों के अधिकारों को आवाज दी गई है।

ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी। लोकगायक अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति की भावना भरते थे और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आह्वान करते थे। आज के दौर में भी रागनी समाज सुधार का माध्यम बनी हुई है। डिजिटल मीडिया और मंचों पर युवा कलाकार सामाजिक मुद्दों पर रागनी प्रस्तुत कर रहे हैं। हरियाणवी लोक संस्कृति की पहचान रागनी समय के साथ लुप्त होती जा रही है। कभी चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूंजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण जिम्मेदार हैं। पहले के समय में गांवों में बैठकर बुजुर्ग अपनी अगली पीढ़ी को लोकगीत और रागनी सिखाते थे, लेकिन अब यह परंपरा समाप्त हो रही है। लोकगीतों और रागनी को नयी शैली में ढालने का प्रयास कम हुआ है, जिससे यह लोगों के लिए कम प्रासंगिक हो गई है। नवीन मनोरंजन साधनों टीवी, इंटरनेट और पॉप संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण युवा पीढ़ी लोककला से दूर होती जा रही है। आधुनिक संगीत उद्योग में रागनी को वह स्थान नहीं मिला जो अन्य संगीत शैलियों को मिला है। युवा पीढ़ी इसे करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित नहीं हो रही है। इस कला को संरक्षित करने के लिए कोई औपचारिक संस्थान या पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं हैं।

अगर रागनी को नए संगीत वाद्ययंत्रों और आधुनिक ध्वनि तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाए तो वह युवाओं को आकर्षित कर सकती है। हरियाणवी फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री में रागनी को स्थान दिया जाए। रैप और हिप-हॉप जैसी आधुनिक शैलियों को मिलाकर फ्यूजन रागनी तैयार की जा सकती है। यदि समय रहते इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को यह विरासत केवल किताबों में ही देखने को मिलेगी। स्कूलों और कॉलेजों में रागनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर इस कला का संरक्षण किया जा सकता है। विश्वविद्यालयों में इस पर शोध को बढ़ावा देने से भी रागनी का भला हो सकता है। बच्चों को पारंपरिक संगीत में रुचि दिलाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकता हैं। सरकार और सांस्कृतिक संस्थानों को भी आगे आना होगा। यू-ट्यूब, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से इसे युवाओं तक पहुंचाया जा सकता है। रागनी केवल एक गीत शैली नहीं, बल्कि हरियाणा की संस्कृति की पहचान भी है।

## दैनिक पंचांग

**25 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.02 बजे से |
| चंद्र | मकर में | वृष | 08.42 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.41 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.54 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 15.10 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.33 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.47 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.03 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 02.09 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 03.55 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.28 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 84 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 03.46 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 03.50 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शिव 14.53 बजे को समाप्त। **करण** बव 16.31 बजे तदनन्तर बालव 03.46 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 49' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872294 **जूलियन दिन** 2460759.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 24 **विशेष** पापमोचनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# दो गांवों का चयन कर 5 स्टार गांव के रूप में विकसित करें : मेघा भारद्वाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिला जल एवं स्वच्छता समिति, कोडरमा के सौजन्य से शिव वाटिका में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज॥ अन्तर्गत मॉडल ग्राम एवं जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल गुणवत्ता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार सिन्हा व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कार्यक्रम में आये सभी जल सहिया को संबोधित करते हुए कहा कि जल सहिया गांव में पेयजल एवं स्वच्छता के लिए एक जिम्मेवार महिला होती है। गांव के लोगों को शौचालय के उपयोग के बारे में जानकारी देने का कार्य करने में आप लोगों की अहम भूमिका है। खुले में शौच करने से लोगों को होने वाली हानि से अवगत करना जल सहिया का कार्य है। उन्होंने कहा कि जल जनित बीमारियों, कूड़ा-कचरा के निबटान, पेयजल का रख-रखाव, जलस्त्रोतों के संरक्षण और उसकी सुरक्षा के बारे में प्रेरित करें। गांव समुदाय में पेयजल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता लायें। पेयजल स्त्रोत का सर्वेक्षण एवं नमूनों की जाँच करें, सभी पेयजल स्त्रोत का स्वच्छता सर्वेक्षण और सरकारी पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता जांच के लिए नमूना का संकलन करें। उपायुक्त ने अपने संबोधन में मुखियागण से अपील किये कि आप लोग अपने अपने पंचायत अंतर्गत दो गांवों का चयन करें और उन्हें 5 स्टार गांव के रूप में विकसित करें। उन्होंने कहा कि गांव में पानी एवं स्वच्छता के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए योजना बनायें । कचरा का बेहतर प्रबंधन ही मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में प्लास्टिक रिसाइकिल प्लांट लगाया जा रहा है और इस प्लांट के माध्यम से सभी लोगों को जोड़ा जायेगा। सभी जल सहिया सक्रियता से कार्य करें। जिला समन्वयक सुमन कुमारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी जल सहिया को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक, ओडीएफ स्वायित्व, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, सुरक्षित माहवारी प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मलीय कचरा प्रबंधन समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दिया गया। उपस्थिति- कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार सिन्हा, प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंकित, कार्यपालक दण्डाधिकारी मनोज कुमार रवि समेत जिला जल एवं स्वच्छता समिति के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।



## एक नजर

### अभिभावक संघ ने उपायुक्त व डिईओ को सौंपा ज्ञापन



**कोडरमा :** अभिभावक संघ, कोडरमा ने जिले के निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी और उइरए के नियमों के उल्लंघन को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्कूलों द्वारा हर साल किताबें बदलने, उनकी कीमतों में बेतहाशा वृद्धि, कमीशनखोरी और विभिन्न शुल्कों की जबरन वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। मौके पर संघ के अध्यक्ष संजय साजन, सचिव भानु प्रताप सिंह,संजय पासवान, असीम सरकार, रमेश प्रजापति,सिकंदर कुमार, अंकित कुमार यादव,कोषाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह,संरक्षक नरेंद्र सिंह चंदेल,अली हैदर बंटी,प्रकाश कुमार, धनजय यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया गया

**कोडरमा :** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सभागार, कोडरमा में विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ रंजीत कुमार अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह उपाधीक्षक, डॉ मनोज कुमार जिला मलेरिया पदाधिकारी, डॉ अभिषेक कुमार चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल कोडरमा, महेश कुमार डीपीएम, विनित अग्निहोत्री यूडीपीएम, पवन कुमार डीडीएम शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कुमार रवि एसटीएलएस द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार द्वारा जिले में चल रहे यक्ष्मा से संबंधित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में अभी लगभग 480 टीबी के मरीज ईलाजरत है। फिलहाल जिले में संभावित टीबी मरीजों की जॉच माइक्रोस्कोप, ट्रूनेट एवं सीबीनेट से बलगम की जॉच के साथ-साथ एक्स-रे जॉच की भी नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही समय-समय पर यक्ष्मा जारूकता के तहत गॉव/समाज विभिन्न वर्गो, सामाजिक संगठन के साथ-साथ पीआरआई सदस्यों से संपर्क कर यक्ष्मा के प्रति जागरूक किया जाता रहा है एवं उनसे अनुरोध भी किया गया है कि किसी भी व्यक्ति में टीबी के संभावित लक्षण होने पर अवश्य स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जॉच कराने के लिए प्रेरित करे। उन्होने बताया कि यक्ष्मा से संबंधित लक्षण वाले मरीजों का शत-प्रतिशत बलगम जॉच के साथ-साथ ब्लड शुगर जॉच, एचआईवी जॉच एवं तम्बाकू की स्क्रीनिंग किया जाता है एवं टीबी के उपचाररत मरीजों का निरंतर मॉनिटरिंग एवं समय-समय पर जॉच सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त किया जाता है।

### पलामू ने गढ़वा को 111 रन से हराया

**कोडरमा :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे हैं । इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट प्लेट ग्रुप का मैच सोमवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में पलामू और गढ़वा के बीच खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए पलामू ने 36.2 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 193 रन बनाए । जिसमें प्रकाश ने 33 रन अभिनव ने तीस रन और दीप प्रकाश ने 27 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए गढ़वा की ओर से अंकित राज ने तीन विकेट जसवंत और कुमार गौरव ने दो-दो विकेट तथा रोहित और निशांत ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी गढ़वा की टीम 20.01 ओवर में मात्र 82 रन ही बना पाई। गढ़वा की ओर से कुमार गौरव ने 21 रन और रोहित ने 20 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए पलामू की ओर से अनिकेत ने चार विकेट अभिनव ने तीन विकेट और सुदीप में दो विकेट लिए।

## भारत सरकार शिक्षकों को कराएगी स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** भारत सरकार एवं प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के सौजन्य से नई शिक्षा नीति के तहत देश के लाखों शिक्षकों को कराया जाएगा। स्किल डेवलपमेंट टीचर्स ट्रेनिंग बिहार बना वह पहला राज्य जहाँ एक लाख से अधिक शिक्षकों को मिलेगी इसमें प्रशिक्षण पटना के होटल चाणक्य में एसोसिएशन द्वारा टीचर्स ट्रेनिंग कार्य का प्रारंभ किया गया जिसके अंतर्गत देश के शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए बच्चों को साक्षर व शिक्षित करने के लिए शिक्षकों को स्किल डेवलपमेंट कि ट्रेनिंग दी जाएगी और एक विकसित और विकासशील देश का निर्माण किया जाएगा। इस प्रारंभ कार्यक्रम का उद्घाटन विकास वैभव आईपीएस अधिकारी मुख्य अतिथि कर्नल पोखरियाल सीईओ सेंट टएढरउ भारत सरकार पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद,सेंट माइकल हाई स्कूल के प्राचार्य फादर क्रिस्टी,सेंट जेवियर हाई स्कूल के प्राचार्य फादर डोमिनिक एवं झारखंड प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य रूप से दीपप्रज्वलित कर प्रारंभ किया और कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन कि राष्ट्रीय कार्यालय सचिव फौजिया खान ने किया। स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत इस टीचर्स ट्रेनिंग कार्य की शुरूआत बिहार से हुई जिसमें एसोसिएशन से जुड़े 38 जिला के जिला अध्यक्ष एवं शिक्षाविदों ने संकल्प लेते हुए कहा भारत सरकार के साथ मिलकर पासवा के अंतर्गत देश में शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर बच्चों को साक्षर बनाया जाएगा ये हमारे लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता विकास वैभव ने अपने संबोधन में कहा एसोसिएशन कि ये सार्थक पहल है जिस पर बिहार ही नहीं बल्कि पूरा देश गर्व महसूस करेगा।

## नियम को ताक पर रख कर चलते हैं कोयला कंपनियों की ओवरलोड हाइवा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** चंदवारा प्रखंड मुख्यालय सह चंदवारा थाना से लगभग दो किलोमीटर दूरी पर स्थित पिपराडीह रेलवे रैक प्वाइंट से शिवम आयरन फैक्ट्री व रेलवे ठिकेदार के मिली भगत के कारण हाइवा से ओवरलोड कोयले की ढुलाई की जा रही है। हाइवा में ओवरलोड कोयला लोड होने के कारण रोड पर गिरते हुए जाने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। चंदवारा एनएचआई 20 रोड में के अगल बगल के घरों वा दुकानदारों कोयले की धूल से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों व घरों का कहना है कि कोयला की उड़ती धूल से हरी भरी सब्जियां बिक्री के जो लेकर आते है वह कोयले की उड़ती धूल से काला हो जाता है। ग्रामीण सब्जी लेने से इंकार करते है या सब्जी खाने से बीमारी का डर सता रहा है ग्रामीणों का यह है इसकी शिकायत लिखित तौर पर उपयुक्त कोडरमा डीजीपी झारखंड एवं झारखंड सरकार के सभी जनप्रतिनिधियों को देंगे ओर उनसे अपील करेंगे कि ओवरलोड हाइवा के उपर कम से काम तिरपाल ढक कर एवं पानी छिड़ककर कोयले की ढुलाई की जा सके। जिससे हम सभी चंदवारा ग्रामीणों को उड़ती जहरीले कोयले की धूल से बच सकते है बताते चले कि बगैर तिरपाल ढके नियम विरुद्ध ढंग से कोयला परिवहन किया जा रहा है। कार्रवाई के अभाव में क्षेत्रवासी आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। तेज रफ्तार से वाहन चल रही है प्रशासन को भी शायद मौतों का इंतजार है प्रशासन की लापरवाही से क्षेत्र वीडियो में व्याप्त आक्रोश है जब शिकायत का सिलसिला तेज होता है विभागीय अधिकारी कुछ वाहनों को ओवरलोड के नाम पर चालान कर देते हैं उड़ने वाली धूल से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं सड़क में नियमित पानी छिड़काव नहीं किया जाता इसके अलावा रैक पॉइंट में चल रहे वाहनों में बहुत तेज से वहां अनफिट होने के बाद भी परिवहन में लगे हैं।

## कोडरमा जिले में होल्डिंग टैक्स निर्धारण और निबंधन में भारी विसंगति : डॉ नीरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के झुमरीतिलैया, कोडरमा और डोमचांच में होल्डिंग टैक्स निर्धारण और फ्लैट व संरचना के निबंधन में विसंगति को लेकर विधायक डॉ नीरा यादव ने विधानसभा में तथ्यों के साथ सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों और बड़े शहरों से अत्यधिक दर निर्धारित है जिससे लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। विधायक डॉ नीरा यादव ने बताया कि होल्डिंग टैक्स को सर्किल रेट के आधार पर तय करने, विलम्ब शुल्क और फाइन लगाने के कारण लोग परेशान हैं। मामले में एक बार फिर सरकार की ओर से समाधान का आश्वासन मिला है। विधायक डॉ नीरा यादव ने बताया कि राज्य के कोडरमा में अन्य बड़े शहरों और जिलों से कच्चा, पक्का मकान, फ्लैट / संरचना का न्यूनतम मूल्य अधिक है। तुलनात्मक निधारित न्यूनतम मूल्य इस प्रकार है- अन्य मार्ग पर खपरैल (कच्चा) में कोडरमा और झुमरीतिलैया में 2360 रुपये जबकि धनबाद में 1416, गिरिडीह में 1585, बोकारो में 1669 और हजारीबाग में 1380 रुपये है। अन्य मार्ग पक्का मकान (आवासीय) के लिए कोडरमा में 2930, झुमरीतिलैया में 3900 रुपये जबकि धनबाद में 1888, गिरिडीह में 2154, बोकारो में 2870 और हजारीबाग में 2060 रुपये है। अन्य मार्ग पक्का मकान (व्यावसायिक) के लिए कोडरमा में 3920, झुमरीतिलैया में 6530 रुपये जबकि रांची में 3972, धनबाद में 2264, गिरिडीह में 2481, बोकारो में 3982 और हजारीबाग में 2430 रुपये है। मुख्य मार्ग पर पक्का छतदार (आवासीय) के लिए कोडरमा में 3510, झुमरीतिलैया में 4890 रुपये जबकि रांची में 3641, धनबाद में 2264, गिरिडीह में 2589, बोकारो में 3444, हजारीबाग में 2580 और चतरा में 1790 रुपये प्रति वर्ग फीट है। वहीं मुख्य मार्ग पर पक्का छतदार (व्यावसायिक) के लिए कोडरमा में 4890, झुमरीतिलैया में 7220 रुपये जबकि धनबाद में 2956, गिरिडीह में 2977, बोकारो में 4778, हजारीबाग में 3100 और चतरा में 3577 रुपये प्रति वर्ग फीट है। आवासीय अपार्टमेंट (फ्लैट) निबंधन के लिए न्यूनतम मूल्य कोडरमा में 4290, झुमरीतिलैया में 7020 रुपये जबकि रांची में 7014, धनबाद में 3396, गिरिडीह में 3412, बोकारो में 3725, हजारीबाग में 3900 और चतरा में 3672 रुपये है। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर जुलाई में दर निर्धारण समिति की बैठक कर निर्णय लिए जाने का आश्वासन मिला है। इधर झुमरीतिलैया में मनमाने ढंग से होर्डिंग लगाने पर भी उन्होंने संज्ञान लिया है। बढ़ती आबादी, कम चौड़े सड़क, झुमरीतिलैया शहर में लोग जाम की समस्या से परेशान हैं। ऊपर से शहर के प्रशासक ने कई जगहों पर बोर्ड लगाने की अनुमति दे दी। इससे यातायात और प्रभावित होने तथा जाम की समस्या बढ़ने को लेकर प्रशासक अंकित कुमार को फटकार लगाते हुए तुरन्त सम्बंधित संरचना को हटाने का निर्देश दिया।

## मसनोडीह शाखा के सभापति सच्चिदानंद मेहता एवं मंत्री संजय मेहता बने

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति कोडरमा,प्रधान कार्यालय डोमचांच का 22 वां त्रैवार्षिक चुनाव का शाखा बीघा का चुनाव 23 मार्च को रात्रि में मध्य विद्यालय मसनोडीह के प्रांगण में रामचंद्र मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समिति का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु समर्पित है। 1959 ई से लगातार समिति लोगों की सुख-दुख सेवा में तत्पर है। चुनावी सभा के दौरान कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर अपना बहुमूल्य विचार दिया। मुख्य चुनाव प्रभारी बलराम भारती, सहायक चुनाव प्रभारी संजीत कुमार मेहता, केंद्रीय समिति के सभापति, उपसभापति, संरक्षक, अंकेक्षक, अंकेक्षक, महामंत्री, उप महामंत्री, क्षेत्रीय मंत्री, व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी एवं विभिन्न शाखा के मंत्री एवं सभापति की उपस्थिति में मसनोडीह शाखा समिति का चुनाव बड़े गहमा गहमी के साथ संपन्न हुआ। चुनावी सभा में सर्वसम्मति से व्यवस्थापिका सभा सदस्य के लिए विमला देवी, वीरेंद्र प्रसाद मेहता,बबन कुमार मेहता, पवन कुमार मेहता,आशीष कुमार मेहता का चयन किया गया। वहीं शाखा सभापति सच्चिदानंद मेहता, उप सभापति स्वीटी देवी, मंत्री संजय मेहता, उप मंत्री कृष्णकांत मेहता,कोषाध्यक्ष ब्रज किशोर मेहता, शिक्षा मंत्री आनंद मेहता, सदस्य मुन्नी देवी, लालचंद मेहता, गटी महतो द्वारिका मेहता का चयन सर्वसम्मत से किया गया। शाखा संगठन मजबूत के लिए शांति सुरक्षा दल का भी चयन किया गया चयनित शाखा समिति के पदाधिकारी एवं शांति सुरक्षा दल के सभी सदस्यों को अपने-अपने पद की गोपनीयता का शपथ दिलाया गया।



## शिवम आयरन एंड स्टील लिमिटेड फैक्ट्री से प्रदूषण का मामला गरमाया, विधायक ने विस में की जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिले के चंदवारा स्थित मेसर्स शिवम आयरन एंड स्टील लिमिटेड फैक्ट्री से भारी मात्रा में प्रदूषण फैलने का मामला सामने आया है। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने सदन में बताया है कि फैक्ट्री में इलेक्ट्रो स्टैटिक प्रेसीपीटेटर (ईएसपी) सही तरीके से संचालित नहीं होने के कारण हवा में धूलकण और जहरीला धुआं फैल रहा है। इससे आसपास के ग्रामीणों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विधायक बताते है कि स्थानीय किसानों के अनुसार, इस प्रदूषण से फसलों की पत्तियों पर काली परत जम जाती है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा, तालाबों और कुओं में कोयले की काली परत जमा हो रही है, जिससे पानी भी प्रदूषित हो गया है। विधायक बताते है कि ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कथित मिलीभगत के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले को लेकर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मंत्री सुदिव्य कुमार व सदन को बताया कि उक्त फैक्ट्री से आस-पास के गांव काफी प्रभावित हो रहे है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उन्हें सर्टिफिकेट तो दे दिया जाता है लेकिन वस्तुस्थिति कुछ और होती है। विधायक यादव ने सदन से आग्रह किया कि मंत्री स्वयं या कोई वरीय पदाधिकारियों से जांच करवा सकते है ताकि मामला उजागर हो। जिसके बाद माननीय मंत्री सुदिव्य कुमार ने आश्वस्त किया कि मामले को प्रदूषण नियंत्रण परिषद को भेज दिया जा रहा है। जिसकी गहनता से जांच की जाएगी। इस गंभीर मुद्दे को झारखंड विधानसभा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि एक समिति गठित कर स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में फैक्ट्री की जाँच की जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए।



**ग्रामीणों में असंतोष, निष्पक्ष जाँच की मांग**

हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण के कारण उनकी परेशानी बनी हुई है। वे सरकार से निष्पक्ष जाँच और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को नुकसान से बचाया जा सके। बरही विधायक मनोज यादव द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने उनका आभार प्रकट किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोडरमा रामनवमी महासमिति की हुई बैठक, अध्यक्ष बने मनोज कुमार



**कोडरमा :** सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित गुरुकृपा विवाह भवन में रामनवमी महासमिति कोडरमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता गोपाल यादव ने की जबकि संचालन प्रवीण चंद्रा ने किया। बैठक में रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासमिति की ओर से कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में विभिन्न अखाड़ा समितियों पर पुष्पवर्षा करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। उपरांत कार्यक्रम स्थल पर शोर्य प्रतियोगिता के आयोजन की शुरूआत होगी। झांकी और शोर्य प्रदर्शन में बेहतर करनेवालों अखाड़ा समिति एवम प्रतिभागियों को निर्णायक मंडली द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। रामनवमी को लेकर गठित नई कमेटी में संरक्षक केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव, समाजसेवी अमिताभ चौधरी एवं प्रवीण चंद्रा बनाए गए वहीं सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार अध्यक्ष मनोज कु झुन्नू एवम महासचिव अजय पांडेय को बनाया गया जबकि उपाध्यक्ष – सूरज प्रताप, अजीत वर्णवाल, प्रवीण पांडेय,सचिव– महेश भारती, उत्तम चंद्रा, संजय सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक नवीन, सह कोषाध्यक्ष राजा सिंह अक्षय रंजन, व्यवस्था प्रमुख विनय सिंह, सह प्रमुख आदित्य पांडेय एवं अखाड़ा प्रमुख शशि सिंह बनाए गए। वहीं कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुखदेव यादव, पत्रकार दीपक सिंह महेश यादव ,दिनकर कृष्णा, प्रभाकर सिंह , सिकंदर दास बादल सिंह, सुबोध सिंह,पवन यादव, राजू यादव, संदीप यादव,मोती यादव,राजू विश्वकर्मा,संदीप यादव, मुकेश यादव, गणेश राम, लालू यादव, शिवम सिंह, पवन यादव समेत 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कमेटी की अगली बैठक कल 25 मार्च दिन मंगलवार अपराह्न 4 बजे गुरुकृपा विवाह भवन में होगी।

### उ छो क्षत्रिय महासंघ के सभी जोन के नव चयनित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत




**कोडरमा :** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ की एक बैठक केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक रामनाथ सिंह सह पर्यवेक्षक विजय सिंह और रणजीत सिंह की मौजूदगी में क्षत्रिय धर्मशाला कोडरमा में हुई। बैठक में क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह महासचिव राम लखन सिंह परामर्श दात्री संस्था के रामचंद्र सिंह ,राजेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने उतरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के सभी 17 जोन के नव चयनित पदाधिकारियों का बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उम्मीद जताई की नव चयनित पदाधिकारी समाज के हित में बढ़ चढ़कर कार्य करेंगे और एक आदर्श स्थापित करेंगे। बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक रामनाथ सिंह, विजय सिंह और रंजीत सिंह ने केंद्रीय कमेटी के चुनाव की तिथि 31 मार्च को तय की। उन्होंने कहा की 31 मार्च को कोडरमा स्थित सहाना गार्डन में प्रात: 11 बजे से चुनावी प्रक्रिया आरंभ होगी जो देर शाम तक चलेगा। पर्यवेक्षको ने सभी जोन से कुल 164 मतदाताओं की सूची भी जारी कर दी। मौके पर उपरोक्त वरीय पदाधिकारि के अलावा विजय सिंह, नारायण सिंह, शिवलाल सिंह, प्रदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, महेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, अशोक सिंह, सुनील सिंह, अभिषेक सिंह, विनोद सिंह, रामकृपाल सिंह, सुरेश सिंह, वकील सिंह, भुनेश्वर सिंह, सकलदेव सिंह, आदित्य सिंह, आनंद सिंह, मदन मोहन सिंह, शैलेंद्र सिंह, राम धवल सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, हरे कृष्णा सिंह, प्रशांत सिंह, मनोज सिंह, प्रभु सिंह प्रवीण सिंह, अर्जुन सिंह, जय मंगल सिंह ,सुभाष सिंह, सहित सैकड़ो क्षत्रिय बंधु शामिल थे।

### आयुष ने परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 76 लाकर शहर का गौरव बढ़ाया



**कोडरमा :** आयुष चौधरी ने एनआईटी नागपुर से बी. टेक. करने के बाद गेट की परीक्षा में ऑल इंडिया 76 रैंक लाकर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। पिता अशोक चौधरी ने कहा कि आयुष ने खूब मेहनत से पढाई की थी और अपने संघर्षशील जीवन की मैं इसे उपलब्धि मानता हूँ। ज्ञातव्य है कि गेट परीक्षा में आल इंडिया टॉपर के लिए संभावनाओं के द्वार खुलते हैं। उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2018 के दौरान तत्कालीन अध्यक्ष दीनदयाल केडिया की अगुवाई में समाज की एक बैठक में सर्वसम्मति से एक छात्रवृत्ति कोष बनाने का निर्णय लिया था। जिसके तहत समाज के मेधावी बच्चों को आवश्यकतानुसार छात्रवृत्ति देने की शुरूआत की गई थी। गोपाल सर्राफ उमाशंकर जगनानी एवं प्रदीप हिसारिया जो छात्रवृत्ति योजना के पैरोकार रहे हैं, ने आयुष की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्ति की है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं सचिव कैलाश चौधरी संजीव खेतान के अलावा महेश दारूका अशोक चौधरी को बधाई दी और आयुष चौधरी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान समाज से मिली छात्रवृत्ति को याद करते हुए आयुष चौधरी ने अंग्रेजी में एक भावुक कर देने वाला नोट लिखकर सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है और आयुष का कृतज्ञता बोध सर्वत्र चर्चा में है।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल की अदिति गुप्ता ने खेलो इंडिया में जीता स्वर्ण पदक



**कोडरमा :** बी आर इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह, कोडरमा की छात्रा अदिति गुप्ता ने खेलो इंडिया अस्मिता योगासन सिटी लीग में झारखंड राज्य के लिए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। अदिति ने अंडर-10 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता धनबाद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज, शक्ति नगर कोऑपरेटिव कॉलोनी, धनबाद में आयोजित की गई थी, जिसमें झारखंड राज्य से कुल 148 बालिका एवं महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। अदिति ने अपनी शानदार योग प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विद्यालय में आयोजित विशेष असेंबली में अदिति गुप्ता को विद्यालय के निदेशक ओपी राय ने स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके माता-पिता को भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के योग शिक्षक आकाश कुमार सेठ को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक श्री ओपी राय ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बी आर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी हमेशा नए कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे।

## एक नजर

### कुंदन सिंह बने रामभक्त सेवा दल के प्रदेश महा सचिव

**पाकुड़** : ज़िले में सोमवार को रामभक्त सेवा दल संगठन के एक अहम बैठक में पूर्व में कई संगठनों, धर्म- कर्म में सक्रिय समाजसेवा रहे कुंदन सिंह जी ने राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल की सदस्यता ग्रहण की एवं संगठन की और से उन्हें झारखण्ड प्रदेश का महा सचिव बनाया। इस बात की जानकारी देते हुए संगठन के सागर चौधरी ने बताया की कुंदन सिंह बड़े भाई गार्जन स्वरूप एक मार्गदर्शिक के रूप में हमेशा हम लोग के साथ रहे हैं और आज उनके द्वारा संगठन में आने से संगठन बहुत तेजी से विकास करेगी। वही कुंदन सिंह जी ने संगठन के बड़े अधिकारियों एवं कार्यकताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सौभाग्य है कि उन्हें एक राष्ट्रीय संगठन में प्रदेश स्तर पर जगह मिला। वे निष्ठा पूर्वक संगठन के हित में जमीनी स्तर पर संगठन के मुख्य धारा एवं विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का पुरजोर मेहनत करेंगे एवं समाज के उत्थान के साथ-साथ राज्य,राष्ट्र एवं धर्म की तरक्की, रक्षा के लिए उनका योगदान हमेशा सकारात्मक रूप से करूंगा।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल

**साहिबगंज/राजमहल** : तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव में बीते रात्रि आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोनू कुमार की 27 वर्षीय पत्नी मुनिला देवी का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर बात विवाद होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। उक्त महिला बुरी तरह घायल हो गई। परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**पाकुड़** : जिले में संचालित ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में आज 24 मार्च सोमवार को सत्र 2024-25 के अंतिम अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने अभिभावकों को हाल में सम्पन्न हुए वार्षिक परीक्षा का अंक पत्र प्रदान किया एवं मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा किया तथा बच्चों के बेहतर विकास के लिये मार्गदर्शन दिया साथ ही उनकी शिकायत एवं सुझावों को सुना। विद्यालय के प्रधानाचार्य गौतम बेपारी ने अपने संबोधन में आज की संगोष्ठी में उपस्थित सभी अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका है, इससे अभिभावक एवं शिक्षक दोनों को साथ मिलकर बच्चों के विकास हेतु प्रेरणा मिलती है।

### प्री-पेरेटरी सेंटर अमड़ापाड़ा के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**पाकुड़** : सोमवार को जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड में संचालित प्री-पेरेटरी सेंटर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हाई स्कूल अमड़ापाड़ा प्रांगण में करवाया गया। क्या होता है मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी एनसीएसएम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान का संचार करने के लिए मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है, जो बसों पर विज्ञान प्रदर्शनी होती है। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रदर्शन और मॉडल देखें और मॉडल के बारे में गहराई से जानकारी भी प्राप्त की।

# गर्मी में पेयजल आपूर्ति और हीट वेव से बचाव को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले में सोमवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में गर्मी में पेयजल आपूर्ति और हिट वेव से बचाव को लेकर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने गर्मी को लेकर जिला, प्रखंड, पंचायत व नगर परिषद क्षेत्र में पेयजलापूर्ति को लेकर की गई व्यस्थाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए जलमीनार, चापाकल व अन्य जलस्त्रोत की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही गर्मी को लेकर सभी चापाकलों, जलमीनारों, पानी टैंकर एवं पेयजल के अन्य स्त्रोतों की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को दिया। उन्होंने पंचयात स्तर पर 15 वें वित्त के माध्यम से जलमीनार को ठीक कराने का निर्देश जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दिया गया। उन्होंने गर्मी के मौसम में हीट वेव, लू से बचाव के लिए आमजनों को जागरूक करते हुए सुरक्षात्मक उपायों का उचित प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। साथ ही गर्मी के दौरान बच्चों की सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी स्कूलों में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने श्रम अधीक्षक को श्रमिकों के हित मे कार्य करते हुए गर्मी से बचाव को लेकर सभी निर्माण स्थलों व कार्य करने वालों जगहों और प्रतिष्ठान के ऑनर के माध्यम से जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही हिट एंड बेब को लेकर कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया गया।

## मिष्ठान दुकान, होटल, रेस्टोरेंट का कराया जा रहा हाइजिन रेटिंग सर्वे



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले में सोमवार को खाद्य प्रतिष्ठानों तथा होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों में हाइजीन रेटिंग कराई जा रही है। इस रेटिंग के तहत 1 से 5 तक रेटिंग दिया जाएगा। इससे उपभोक्ता इन दुकानों में उपलब्ध खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता एवं सफाई के स्तर को जान पाएंगे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा बताया गया की एफएसएसएआइ द्वारा सुचीबद्ध एडिटिंग एजेंसी ए मार्क रेटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड से कराया जा रहा है। इससे खाद्य प्रतिष्ठानों में अच्छी प्रतियोगिता शुरू होगी जिसका फायदा आमलोगों को होगा। जब लोग होटल या किसी रेस्टोरेंट में खाना खाने जाएंगे तो उस खाद्य प्रतिष्ठान के हाइजीन रेटिंग को भी देख सकेंगे। हाइजीन रेटिंग मिलने से पाकुड़ के लोगों को अब यह जानकारी मिल सकेगी कि शहर के जिस होटल में वह खाना खाने जा रहे हैं। वहां के खाना की क्वालिटी एवं साफ सफाई का कितना ध्यान दिया जा रहा है। अच्छे रेटिंग के लिए खाद्य संचालकों को इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है कि रेस्टोरेंट व होटल में मिलने वाले खाने की शुद्धता, किचन के साफ सफाई, ग्राहक को पीने के लिए दिए जाने वाला और खाना बनाने में प्रयुक्त किए जाने वाला पानी की गुणवत्ता, कच्ची सामग्री की गुणवत्ता, पेस्ट कंट्रोल प्रोग्राम की उपलब्धता, फुड हेन्डलर की मेडिकल फिटनेस एवं फोस्टेक प्रशिक्षण के साथ साथ खाद्य जांच को भी रखा गया है।

## विकास परिषद ने किशोरियों को प्रखंड के सभी विभागों का करवाया भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़** : जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में सोमवार को झारखण्ड विकास परिषद द्वारा एक दिवसीय किशोरियों का प्रखंड के सभी विभागों का भ्रमण कार्यक्रम करवाया गया। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी अमड़ापाड़ा प्रमोद गुप्ता सभी किशोरियों से मिले एवं उन्होंने कहा कि प्रखंड में दो तरह के मुख्य विभाग हैं, जिसमें से अंचल का काम रेवेन्यू एवं जाति आवासीय से संबंधित है एवं प्रखंड का काम विकास से संबंधित है जैसे मनरेगा, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग आदि के बारे में किशोरियों को अवगत कराया। प्रखंड अंचलाधिकारी मो. औसफ अहमद आलम ने अंचल के कार्यक्रमों के बारे में जैसे जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, भूमि संरक्षण, रिवेन्यू के बारे में किशोरियों को अवगत कराया और कहा कि कोई भी दिक्कत हो तो आप बेझिझक हमारे कार्यालय में आकर हमसे मिलकर समस्या का समाधान करवा सकते हैं। उसके बाद मनरेगा विभाग के सुमन कुमार ने मनरेगा कानून के बारे में बताया कि यह 100 दिन काम का अधिकार हमें कानून देता है। इसके लिए जॉब कार्ड का आवेदन, बैंक खाता पासबुक, आधार कार्ड के साथ आप काम का आवेदन अपने नजदीकी पंचायत में रोजगार सेवक के पास कर सकते हैं एवं रोजगार सेवक द्वारा 15 दिनों के अंदर 1 किलोमीटर के अंदर काम उपलब्ध करवाएगा। काम उपलब्ध नहीं करवाने पर मुआवजा देने का भी प्रावधान है। वहीं शिक्षा विभाग के बीपीओ सनातन मुर्मू ने शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम जैसे छात्रवृत्ति, साइकिल योजना, मध्याह्न भोजन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की नामांकन प्रक्रिया एवं शिक्षा अधिनियम अधिकार 2009 के बारे में बताया। बाल विकास परियोजना के एलएस मोनिका कुमारी ने परियोजना द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में जैसे - किशोरी समृद्धि योजना, मातृ बंधन योजना, मैया सम्मान योजना एवं सावित्रीबाई फुले योजना के लाभुक की पात्रता, उम्र, फॉर्म एवं संलग्न कागजात एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : जिले में सोमवार को सदर अस्पताल सोनाजोड़ी सभागार कक्ष में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, डीएस डॉ मनीष कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के.के. सिंह, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ अमित कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष ने कहा कि अधिक से अधिक निक्षय मित्रों की सहभागिता से इस वर्ष 2025 तक भारत टीबी मुक्त हो जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यक्ष्मा पर बेहतर कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि डीएमएमएफटी मद से मरीजों के बीच निक्षय कीट का वितरण किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के बारे में सहिया दीदियों को गांव-गांव में जाकर प्रचार प्रसार करने हेतु अपील किया। सरकार न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश कर रही है बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि ऐसी सुविधायें दूर-दराज के इलाकों में भी उपलब्ध हों। अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के मरीजों का इलाज उपरोक्त संस्थाओं की ओर से या व्यक्तिगत रूप से जिला, प्रखंड, पंचायत और टोला स्तर पर व्यक्तिगत स्तर पर रोगियों के इलाज के दौरान गोद लेते हुए टीबी मुक्त होने तक या कम से कम छह माह तक इलाज व पोषाहार देकर उन्हें टीबी मुक्त बनाना है। वर्तमान में टीबी के मरीजों को सरकार की तरफ से सहायतार्थ पांच सौ रुपए पोषाहार के लिए मुहैया कराया जाता है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि टीबी लाइलाज नहीं है। समयनुसार इलाज आरंभ किये जाने व नियमित दवा के सेवन से टीबी के रोगी पूर्ण रूप से ठीक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह या उससे ज्यादा समय तक खांसी रहने पर तुरंत टीबी की जांच कराये। यह जांच सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क किया जाता है। टीवी के रोकथाम के लिए टीवी का मुफ्त जाँच, दवाएं, परामर्श सहायता, निक्षय पोषण योजना अंतगर्त सभी टीबी रोगी को उपचार अवधि में पोषण सहायता राशि 500 रुपये प्रतिमाह के दर से दिया जाता है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला आूपर्ति पदाकिरी, सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, उठाव प्रभारी, गोदाम प्रभारी, पी.ई.जी, महेशपुर एवं परिवहन अभिकर्ता, पी.ई.जी. महेशपुर आनलाईन जुड़े हुए थे। बैठक में उपायुक्त के द्वारा माह-मार्च 2025 के खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम पाया गया कि माह-मार्च 2025 में खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण असंजोषजनक है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खाद्यान्न का ससमय उठाव नहीं होने एवं परिवहन अभिकर्ता के द्वारा वाहन कम उपलब्ध कराने से वितरण में प्रभाव पड़ा है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, महेशपुर को निर्देश दिया गया कि पी.ई.जी. गोदाम, महेशपुर का भौतिक निरीक्षण करते हुए फोटोग्राफी के साथ प्रतिवेदन समर्पित करें कि परिवहन अभिकर्ता के द्वारा खाद्यान्न उठाव किये जाने में कितने वाहन को प्रयोग में लाया जा रहा है। साथ ही उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि वाहन की संख्या एवं क्षमता बढ़ाया जाय, जिससे ससमय खाद्यान्न का उठाव हो सके और वितरण बाधित न हो। उठाव प्रभारी एवं परिवहन अभिकर्ता के द्वारा बताया गया कि भारतीय खाद्य गोदाम, पी.ई.जी., महेशपुर में रैक लगने के कारण खाद्यान्न का उठाव बाधित हो जाता है, जिससे ससमय खाद्यान्न उठाव नहीं हो पाता है। इस संबंध में सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि खाद्यान्न उठाव एवं वितरण में व्यक्ति अनुश्रवण एवं निगरानी सुनिश्चित करें।

# सोलर पंप सेट पाकर किसानों के चेहरे खिले किसान समृद्धि योजना के तहत किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : किसान समृद्धि योजना के तहत आज साहेबगंज जिले के 12 लाभुक किसानों को सोलर आधारित पंप सेट का वितरण किया गया। जिला कृषि कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन, साहेबगंज के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने किसानों को पंप सेट प्रदान किए। लाभुक किसानों में साहेबगंज प्रखंड के 09, तालझारी के 02 तथा बोरियो के 01 किसान शामिल थे। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी ने जानकारी दी कि किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत साहेबगंज जिले का कुल लक्ष्य 417 किसानों को लाभ पहुंचाने का है। अब तक 346 किसानों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और शेष किसानों की ई-केवाईसी प्रक्रिया जारी है। साथ ही 131 किसानों द्वारा कृषक अंशदान की राशि जमा कर दी गई है, जिसके उपरांत पंप सेट का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। किसान समृद्धि योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान नजदीकी प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत 2 एचपी सोलर पंप सेट के लिए ए सी पंप सेट हेतु 18,075/- और डी सी पंप सेट हेतु 18,175/- कृषक अंशदान के रूप में जमा करना आवश्यक है। सोलर पंप सेट मिलने के बाद किसानों ने खुशी जाहिर की और इसे कृषि क्षेत्र में एक वरदान बताया। किसानों ने कहा कि पहले सिंचाई के लिए डीजल और बिजली पर भारी खर्च करना पड़ता था, लेकिन सोलर पंप सेट के माध्यम से अब सिंचाई कार्य आसान और सस्ता हो जाएगा। किसानों ने जिला कृषि पदाधिकारी और आत्मा के कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोगता, उप परियोजना निदेशक मंटू कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक कंचन कुमार सुमन, आत्मा कार्यालय के राजदेव प्रसाद सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक सत्येंद्र यादव, श्री अमित कुमार सहित आत्मा, साहेबगंज के अन्य कर्मी एवं लाभुक किसान उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसी ने विश्व टीबी दिवस के अवसर कमलपुर मुखिया जमीनी बेसरा को किया सम्मानित



**पटमदा** : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत 12 पंचायत टीबी मुक्त घोषित किए गए हैं। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा जिला के 12 टीबी मुक्त पंचायतों के मुखियागण को कार्यलय कक्ष में स्मृति चिन्ह, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। पटमदा प्रखंड के कमलपुर पंचायत के मुखिया जमीनी बेसरा को स्मृति चिन्ह, शॉल,प्रशस्ति पत्र देकर उपायुक्त अनन्य मित्तल के हाथों सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ साहिर पॉल, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. ओ.पी केशरी एवं स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।मुखिया ने कहा कि मुझे डीसी अनन्या मित्तल ने जो सम्मान दिया।ये सम्मान कमलपुर पंचायत की जनता को श्रेय जाता हैं।जिन्होंने मुझे इस सम्मान के लायक बनाया।

### धरमू महतो की गेहूं की फसल बारिश के कारण हुई नष्ट, भारी नुकसान



**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित लक्षीपुर गांव के किसान धरमू महतो के गेहूं की फसल नष्ट होने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पंचायत के नहचीबेड़ा में बारह बीघा लीज जमीन लेकर पटमदा लेम्पस सरकार के कृषक अनुदान में मिला अस्सी किलो गेहूं बीज लगाया था। गेहूं की खेती को तैयार करने में लागत करीब चालीस हजार हुआ था। यदि शुक्रवार को हुई भारी बारिश ओर ओला वृष्टि दस दिन बाद आता तो गेहूं फसल की कटाई हो जाती। जिससे फसल नष्ट होने से बच जाता। लेकिन फसल के पकने के क्रम में हुई बारिश से पूरा फसल नष्ट होता दिख रहा हैं। सरकार को किसानों के लिए फसल नष्ट होने पर मुआवजा देने की पहल करनी चाहिए। ताकि किसान को बड़ा घाटा होने से राहत मिले।

### बालू लदे छः ट्रकों को डीटीओ ने किया जब्त

**पाकुड़** : ज़िले में सोमवार को पुराना डीसी मोड़ के पास जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजुर के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान ओवरलोड बालू लदे छः ट्रक को जब्त कर नगर थाना को सुपुर्द किया गया। ज्ञात हो कि पूरे जिले में माफियाओं पर लगाम लगाने हेतु जिला उपायुक्त ने विगत ११ मार्च को हुई जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिए थे। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने भी कहा था कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों पर अर्थ दंड लगायें और उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

### बाहरियों को बसाकर झारखंडियों का हक छीनना चाहती है भाजपा : शुभेन्दु महतो



**सरायकेला** : जमशेदपुर की 86 बस्तियों के संदर्भ में महानगर भाजपा के प्रदर्शन एवं भाजपा नेताओं के बयानों पर पलटवार करते हुए झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा को झारखण्ड विरोधी पार्टी करार दिया है। विदित हो कि जमशेदपुर की 86 बस्तियों के मालिकाना हक के संदर्भ में हाल ही में अपने एक बयान में मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा था कि उक्त 86 बस्तियां अवैध रूप से स्थानीय लोगों की भूमि को अतिक्रमण कर बनाया गया है। इसके बाद से विवादों और बयानबाजियों का दौर चल पड़ा है। मामले पर जमशेदपुर महानगर भाजपा के प्रदर्शन पर तीखा पलटवार करते हुए सोमवार को झामुमो के सरायकेला-खरसावां संयोजक प्रमुख डॉ शुभेन्दु महतो ने कहा कि जबसे भाजपा हारी है तबसे मानसिक संतुलन खो बैठी है। ओछी राजनीति के चक्कर में भाजपा का झारखण्ड विरोधी चेहरा उजागर स्वतः कर रही है। उन्होंने मंत्री श्री बिरूआ के बयान का बचाव करते हुए कहा कि मंत्री जी के कहने के तात्पर्य को भाजपा की मीडिया सेल तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। लेकिन आज के दौर में जनता बेवकूफ नहीं है और सबकुछ भली-भांति समझ रही है। यही कारण है कि जनता ने लगातार दो-दो बार भाजपा को पटखनी देकर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है। अगर भाजपा अपना आचरण नहीं सुधारती है तो आनेवाले समय में सूपड़ा साफ होना तय है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का हुआ आयोजन



**पाकुड़** : निदेशक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण झारखंड रांची के पंत्राक 181 गुरुवार के अलोक में रविवार को ठक्कर द्वारा प्रस्तावित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन परीक्षा में निदेशानुसार पाकुड़ जिला के लिए 30,000 नवसाक्षरों को सम्मिलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। उक्त परीक्षा में वैसे वयस्क नवसाक्षर सम्मिलित हुए जो पूर्व के साक्षरता कार्यक्रमों में शामिल रहे हों, परन्तु अबतक प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किए अथवा वैसे ड्रापआउट वयस्क जिनके पास साक्षर होने का कोई प्रमाण पत्र नही था। अमड़ापाड़ा प्रखंड में परीक्षा का सफल संचालन कुल 114 सेंटरों पर हुआ। जिसमे कुल 2451 अभियर्थियों ने भाग लिया। वहीं जिले में कुल 601 परीक्षा केंद्र में बुनियादी साक्षरता परीक्षा हुई। जहाँ कुल 15832 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसमें 8910 पुरुष और 6622 महिला परीक्षार्थी थे।

### साहिबगंज की बेटियों ने कबड्डी में लहराया परचम



**साहिबगंज** : धनबाद में आयोजित 12वीं झारखंड राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में साहेबगंज की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड और धनबाद कबड्डी संघ द्वारा 22 से 23 मार्च तक किया गया। इस उपलब्धि के बाद टीम के साहेबगंज लौटने पर उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यालय प्रकोष्ठ में खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त हेमंत सती ने बालिकाओं की मेहनत और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि जिले की ये बेटियां न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे साहेबगंज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी इसी लगन और समर्पण के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर खेल शिक्षक वीरेंद्र कुमार, कोच योगेश यादव, गौरव झा और कोशल किशोर मरांडी भी उपस्थित थे।

# मांझी बोले-एच.ए एम से हो सकता है बिहार का अगला सी.एम

## 40 सीटों पर दावा ठोक NDA की बढ़ाई टेंशन, कहा-जीते तो शेरघाटी को जिला बनाएंगे





**गया।** पार्टी के सुप्रीमो और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 40 सीटों पर अपना दावा ठोका है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर उनकी पार्टी चुनाव में 20 से 25 सीट जीतकर आती है तो अगला CM उनकी HAM पार्टी से भी हो सकता है। जीतन राम मांझी ने गया की शेरघाटी सीट पर भी दावा ठोका। कहा- अगर जीते तो शेरघाटी को जिला बनाएंगे। मांझी गया के शेरघाटी में रंगलाल हाई स्कूल मैदान में रविवार को गरीब चेतना सम्मेलन में बोल रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहामांझी ने कहा, 'जब कम पढ़-लिखे लोग मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो आपके यहां वकील, डॉक्टर, इंजीनियर सब हैं। यह बातें उन्होंने मगही भाषा में जनता को संबोधित करते हुए कहीं। उनका इशारा साफ था कि अब हम वोट बैंक नहीं, किंग मेकर हैं। जीतन राम मांझी ने गया की शेरघाटी सीट पर भी दावा ठोका। मांझी ने कहा, ' हमें 20 सीटें मिलीं, तो शेरघाटी को जिला बनाएंगे।' साथ ही ऐलान किया कि 35 एकड़ में ट्रेनिंग सेंटर बनेगा, जिससे 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मांझी ने शेरघाटी और गया की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा यहां की जनता ने हमें लोकसभा में भेजकर केंद्रीय मंत्री बनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने समान शिक्षा कानून लागू करने की बात कही। ताकि अमीर-गरीब का भेद मिट सके। मांझी ने जातीय जनगणना पर भी सियासी तीर छोड़े। कहा कि भुईंया और मुसहर जाति को अलग-अलग गिना गया, लेकिन यादव समाज में कृष्णौत और मंजरौत को एक माना गया। मांझी पत्रकारों को भी साधने से नहीं चूके। कहा, जब मैं मुख्यमंत्री था, तब पत्रकारों के लिए पेंशन और प्रेस भवन की भी योजना बनाई थी। लेकिन अब पता नहीं, वह लागू हुई या नहीं। यानी मांझी सरकार को घेरने के साथ-साथ पत्रकारों के बीच भी सहानुभूति बटोरते दिखे। मंच पर बिहार सरकार में मंत्री और मांझी के बेटे संतोष सुमन भी मौजूद थे। भीड़ देख मंत्री संतोष कुमार सुमन जोश में आ गए। फिर मंच से कहा- 'कोई बोलतई रे...!' साथ में यह भी कहा- 'यह आग लगी रहनी चाहिए।' मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बताया।

## औरंगाबाद में सड़क हादसे में 2 लोग घायल



**औरंगाबाद।** के कुटुंबा थाना क्षेत्र में रविवार रात एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार और एक पैदल यात्री घायल हो गए। घायलों में घेउरा गांव निवासी सुजीत कुमार (22) और नहौना गांव निवासी मंजीत लाल (30) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी निजी क्लीनिक पहुंचाया। बाइक चालक सुजीत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें कुटुंबा रेफरल अस्पताल भेजा गया। वहां से डॉक्टर नवल किशोर सिंह ने उन्हें औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मंजीत लाल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। अस्पताल में चल रहा है इलाज परिजनों के अनुसार, सुजीत किसी जरूरी काम से कुटुंब जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे टहल रहे मंजीत लाल से टकरा गई।

मंजीत अंबा के नबीनगर रोड पर किराए के मकान में रहते हैं और वह बतरे नदी की ओर टहलने गए थे। वर्तमान में सुजीत का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी के घर चिपकाया गया नोटिस



**भोजपुर।** जिले के खवासपुर थाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में फरार मुख्य अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चस्पाया गया है। पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के धनीदास के टोला निवासी रामबदन यादव के पुत्र राहुल कुमार के घर इश्तेहार चस्पाया गया। इसके बावजूद अगर अभियुक्त द्वारा सरेंडर नहीं किया जाता है तो पुलिस द्वारा उसके घर की कुर्की भी की जाएगी। बता दें कि 4 दिसंबर वर्ष 2024 में खवासपुर थाना क्षेत्र के धनीदास के टोला निवासी रामबदन यादव के पुत्र राहुल कुमार, गांव के अंगद नामक लड़के को मार रहा था। तब रोहित कुमार द्वारा उसे रोका जा रहा गया था। जिसे लेकर राहुल कुमार अंगद को छोड़ उसे मारकर जख्मी कर दिया था। जिसके बाद जख्मी रोहित कुमार ने मारपीट कर जख्मी करने को लेकर राहुल कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसी समय उक्त अभियुक्त फरार चल रहा था।ढ राज के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं हथियार व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 36 पकड़े गए। इसमें एससी-एसटी एक्ट में एक, आर्म्स एक्ट में दो, हत्या के प्रयास में छह, वारंट में पन्द्रह एवं अन्य कांड में एक पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान चार अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। इस दौरान शराब पीने में सात एवं बिक्री करने में चार पकड़े गए। करीब 274 लीटर देसी एवं 27 लीटर अंग्रेजी शराब बामद किया गया।

एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल ,चार कारतूस एवं एक मैग्जीन बरामद किया गया। कोईलवर पुलिस ने महुई बाल घाट के पास छापेमारी कर एक पिस्टल, एक मैग्जीन एवं तीन कारतूस बरामद किया है। हालांकि, बालू तस्कर हाथ नहीं लगे। इसे लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। संदेश थाना पुलिस एसी-एसटी एक्ट में एक को धर दबोचा। नवादा थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मील रोड महोल्ला स्थित उसके घर से हो की। गिरफ्तार वारंटी मिल रोड निवासी अभय कुमार गुप्ता उर्फ बंटी है। न्यायालय वारंट जारी किया गया था।

## पूर्व सांसद लालमुनि चौबे की श्रद्धांजलि सभा में आएंगे राज्यपाल



**बक्सर।** में भाजपा के पूर्व सांसद लालमुनि चौबे की श्रद्धांजलि सभा में बिहार के राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने इस दौरान विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। 24 मार्च को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने ज्योति चौक, डीएवी मोड़, अंबेडकर चौक और एलटीजे मोड़ पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है। वैकल्पिक मार्ग के रूप में दो रूट तय किए गए हैं। पहला रूट गोलंबर से दानी कुटिया तक है। दूसरा रूट गोलंबर से ईटाढ़ी गुमटी तक निर्धारित किया गया है। अत्यावश्यक सेवाओं के लिए रहेगी छूट रोगियों, एंबुलेंस और अत्यावश्यक सेवाओं के वाहनों को प्रतिबंध से छूट दी गई है। रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को टिकट साथ रखना होगा। शहर में 24 मार्च को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक रूप से चारपहिया वाहनों का प्रयोग न करने की अपील की है। बक्सर पुलिस ने नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने को कहा है। ये लोग होंगे शामिल लालमुनि चौबे जी के 9 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बक्सर के नगर भवन में किया जा रहा है।

## रामनवमी-ईद को लेकर पुलिस अलर्ट



**सासाराम।** में आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। रविवार की देर रात करगहर चौक पर नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने पुरानी जीटी रोड और चौसा-सासाराम स्टेट हाइवे पर वाहनों की जांच की। इस दौरान कागजात, ट्रैफिक नियमों का पालन और शराबबंदी की जांच की गई। चेकिंग में एक लाख रुपए से अधिक का जुमार्ना वसूला गया।संदिग्ध व्यक्तियों की हो रही जांचएसपी रौशन कुमार ने बताया कि अपराध रोकने और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए सभी थानों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। रामनवमी, रमजान-ईद और चैती छठ को देखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। सभी थानों से नियमित रूप से इनपुट लेकर कार्रवाई की जा रही है।जिला मुख्यालय में ट्रैफिक लाइट लगे होने के बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

## पिकअप ने रेलवे क्रॉसिंग के बूम में मारी टक्कर



**समस्तीपुर।**-दरभंगा रेलखंड पर रविवार शाम 6 बजे मुक्तापुर रेलवे क्रॉसिंग पर एक पिकअप ने गेट की बूम को तोड़ दिया। इस घटना से गुमटी का इनकमिंग और आउटर सिग्नल फेल हो गया।घटना उस समय हुई जब समस्तीपुर से दरभंगा जा रही एक सवारी गाड़ी की क्रॉसिंग होनी थी। गेटमैन द्वारा फाटक बंद किया जा रहा था। इसी दौरान गोदरेज सामान से लदे एक पिकअप ने गेट की बूम को टक्कर मार दी। चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दो ट्रेनों का परिचालन बाधित RPF पोस्ट प्रभारी अभिनाश कुरेशिया ने बताया कि अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से सिग्नल सिस्टम प्रभावित हुआ है। इससे दो ट्रेनों का परिचालन कुछ समय के लिए बाधित रहा। RPF ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिकअप को जब्त कर लिया। रेलवे अधिकारियों ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया। करीब दो घंटे बाद सिग्नल सिस्टम को बहाल कर दिया गया। इस दौरान मुक्तापुर गुमटी के पास जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे RPF ने नियंत्रित किया। घटना की जांच जारी है।

## घर से चोरी मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, गहने बरामद



**गया।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर चोरी के मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों सोहैल थाने के पोखरी टोला भलुवाही निवसी हैं। इनके पास से चोरी हुए सोने-चांदी के गहने बरामद किए गए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बीती 12 फरवरी 2025 की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात लोग घर में घुसे और 50,000 रुपये के साथ सोने-चांदी के गहने चुरा ले गए। इस पर सोहैल थाने में कांड संख्या-09/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू हुई।CCTV के आधार पर धराए तीनों गया के वरीय पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लिया व तत्काल अपराधियों को पकड़ने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इमामगंज के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। इसमें सोहैल थानाध्यक्ष, अन्य पुलिसकर्मी और तकनीकी शाखा के अधिकारी शामिल थे। तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने भलुवाही देवी स्थान के पास से तीन आरोपियों को धर दबोचा। उनकी निशानदेही पर चोरी हुए जेवरात बरामद किए गए।गिरफ्तार आरोपी-:1. सतीश कुमार (पिताः शिवकुमार पासवान)2. अफजल कुमार (पिताः आलम खान)3. गुंजन कुमार (पिताः शंभु पासवान)(तीनों निवासीः पोखरी टोला भलुवाही, थाना सोहैल, जिला गया)बरामद सामानसोने की चेन 1चांदी का पायल 1 जोड़ा सोने की बाली 1 जोड़ासतीश का आपराधिक इतिहास सतीश कुमार पहले भी हंटरगंज थाना कांड संख्या-155/23 में नामजद है। उस पर धारा 395/412 (डकैती) और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# युवक को कनपटी में मारी गोली,परिजन ने पुलिसकर्मी को पीटा





**सीवान।** में एक युवक के अपहरण के दो घंटे बाद ही उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। फिर उसका शव रविवार की रात गांव के एक सरकारी स्कूल के पास फेंक दिया गया। उसके शव को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को देख परिजन आक्रोशित हो गए और एक पुलिसकर्मी की जमकर पिटाई कर दी। पुलिसकर्मी की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग पुलिसकर्मी के साथ धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान पिंक टीशर्ट पहना युवक पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ देता है। इसके बाद कर्मी किसी तरह अपनी जान बचाते हुए वहां से चला जाता है। परिजनों का आरोप है कि घटना के 4 घंटे बाद पुलिस पहुंची, जबकि 7 बजे ही युवक के अपहरण की जानकारी दी गई थी। मृतक की पहचान भगवान यादव के बेटे विशाल यादव के रूप में हुई है। विशाल की हत्या के बाद परिजनों ने सीवान-गुठनी मुख्यमार्ग को जाम कर दिया है। घटना रविवार रात मैरवा के तितरा गांव की है।मृतक के परिजनों ने बताया, 'विशाल शाम 7 बजे ठेपहा बाजार जाने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया। हमने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।' रविवार रात 9 बजे स्कूल के पीछे किसी का शव मिलने की खबर आई। जिसके बाद परिजनों ने शव की पहचान की, और उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस को बहुत पहले ही जानकारी दी गई थी, लेकिन पुलिस रात 11:30 बजे अस्पताल पहुंची। विशाल के परिजनों का दावा है कि, 'विशाल की पहले पिटाई की गई। फिर घसीटा गया है। जिसके कारण उसके पैर के नाखून उंगली से अलग हो गए थे। उसके बाद कान के पीछे गोली मारकर हत्या कर दी गई।' मृतक के पिता भगवान यादव ने बताया, 'समय पर पुलिस कार्रवाई की होती तो मेरे बेटे की जान बच सकती थी।' स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अररिया पुलिस को 12 मार्च की रात वांटेड क्रिमिनल अनमोल यादव के बारे में सूचना मिली थी। अनमोल फुलकाहा बाजार एक शादी में शामिल होने आने वाला था। इस जानकारी पर पुलिस एक्टिव हुई।

रात में ही छापेमारी के लिए फुलकाहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। अरक ने अनमोल यादव को पकड़ भी लिया था, लेकिन कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस पर हमला कर छुड़ा लिया। इसी दौरान छीना-झपट्टी में फुलकाहा थाने में पदस्थापित ASI राजीव रंजन जमीन पर गिर गए। जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मुंगेर में 14 मार्च की रात अरक संतोष कुमार एक शराबी को पकड़ने गए थे। उन्हें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शराब पीकर हंगामा कर रहा है। पड़ोसी के साथ मारपीट भी की। इसके बाद अरकसंतोष कुमार अपने साथ एक ड्राइवर, एक और पुलिसवाले को लेकर गांव पहुंचे थे। पहले तो संतोष ने दोनों पक्षों को समझा दिया था। लेकिन जैसे ही एक पक्ष अपने घर पहुंचा, आरोपी ने अरककी सिर पर पीछे से रॉड से हमला कर दिया। जब तक अरक आरोपी को पकड़ पाते, आरोपी ने लगातार उन पर धारदार हथियार से हमला करना शुरू कर दिया। एक हफ्ते पहले सोनपुर में भी पुलिस टीम पर हमला किया गया था। जिसमें एक सहायक अवर निरीक्षक और दो सिपाही घायल हो गए। यह घटना जैतिया गांव में हुई, जहां दो पक्षों के बीच हो रहे झगड़े की सूचना पर पुलिस टीम पहुंची थी। वहां पहले से घात लगाए करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिसकर्मियों से हथियार छीनने और उनकी वर्दी फाड़ने की भी कोशिश की।

## संक्षिप्त डायरी

### शराबबंदी हटना चाहिए, युवा बर्बाद हो रहे



**आरा।** बिहार में शराबबंदी को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक निजी कार्यक्रम के दौरान कहा कि बिहार में शराबबंदी हटा देना चाहिए। नौजवान बर्बाद हो रहे हैं। वो नशा करने लगे हैं। नौजवान घूम-घूमकर शराब बेच रहे हैं। थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी सभी भ्रष्टाचार में लिप्त होकर शराब बेचने के चक्कर में है। उन्हें कोई दूसरा काम समझ में ही नहीं आता। दरअसल, आरके सिंह रविवार शाम बड़हरा प्रखंड के सरैया में भीखम दास के मठिया प्रांगण में आयोजित एक किसान संगठन के कार्यक्रम में पहुंचे थे। वहां वो किसानों की समस्याओं को सुन रहे थे। इसी दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं भी शराबबंदी हटाने के लिए सहमत हूं.इस दौरान राज कुमार सिंह ने मंच से ही एक कार्यपालक अभियंता को फोन पर जेल भेजने की बात कही। बड़हरा प्रखंड में हो रहे टेंडर में गड़बड़ी के कारण राज कुमार सिंह आग बबूला हो गई। इसके बाद उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन पर जेल भेजने की धमकी दी। आरके सिंह ने कहा कि सुनने में आ रहा है किसी विधायक के कहने पर टेंडर मैनेज किया जा रहा है। ऐसे में अगर मुझे खबर लगी कि आप किसी विधायक के कहने पर टेंडर मैनेज कर रहे हैं, तो मैं लिखकर दे रहा हूं कि मैं तुम्हें जेल भेज दुंगा। कोई विधायक कहता है कि टेंडर मैनेज करो, तो कह दो कि मैं नहीं करूंगा। अगर दबाव बनाता है तो मुझसे कहो मैं देख लूंगा। आधे बूथ पर हमारा एजेंट नहीं था राज कुमार सिंह ने आगे कहा कि चुनाव में मुझे अपने मन से पौने पांच लाख लोगों ने वोट दिया। आधे बूथ पर हमारा एजेंट नहीं था। इसके बावजूद लोगों ने जाकर वोट दिया, अगर 25 हजार वोट इधर से उधर हो जाता तो हम जीत जाते। हो सकता है कि कुछ लोग हमसे नाराज हो या भ्रमित हो, लेकिन जो भी जिम्मेदारी मुझे प्रधानमंत्री के द्वारा दी गई, मैंने उसे अपने सच्चे मन से निभाई है। बिजली की सबसे बड़ी समस्या को हमने दूर करने का काम किया है।

### बच्चा लेकर पड़ोसी के साथ भागी पत्नी



**मुजफ्फरपुर।** में एक शादीशुदा महिला रेखा देवी (30) अपने छोटे बेटे को लेकर पड़ोसी सनोज मुखिया के साथ भाग गई। पूरा मामला 21 मार्च का है, जहां रेखा अपने साथ 2 लाख 30 हजार रुपए और गहने भी ले गई। रेखा के पति राजगीर मुखिया (32) ने बरियारपुर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र का है। दरअसल, बरियारपुर थाना क्षेत्र निवासी तिलक मुखिया का बेटा राजगीर मुखिया कोलकाता में मजदूरी करता है। पत्नी रेखा एक बेटे और दो बेटियों के साथ मुजफ्फरपुर में रहती थी। राजगीर समय-समय पर मुजफ्फरपुर आता-जाता रहता था। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी बीच राजगीर की पत्नी रेखा की पहचान पड़ोस के युवक सनोज से हो गई। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी। वहीं शुक्रवार की देर रात रेखा, सनोज के साथ फरार हो गई। शनिवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी मिली।राजगीर ने बताया कि उसे जानकारी मिली थी कि पड़ोसी सनोज के साथ उसके पत्नी का प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसके बाद वो कोलकाता से घर आया। गांव में पंचायती करवाई गई। इस दौरान सनोज ने धमकी दिया था कि होली के बाद उसकी पत्नी को उठा लेगा। वहीं शुक्रवार की रात पत्नी को लेकर फरार हो गया। इस मामले में बरियारपुर थाना अध्यक्ष चांदनी सांवरिया ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा मामले की जानकारी मिली थी। मौके पर 112 की टीम गई थी, लेकिन किसी पक्ष के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**मोतिहारी।** के बंजरिया थाना क्षेत्र के सिंघिया ओवरब्रिज के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान छतौनी थाना क्षेत्र के अमर छतौनी निवासी अभिषेक कुमार (29) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अभिषेक एसबीआई क्रेडिट कार्ड में काम करता था। वह रक्सौल से ऑफिस के काम को निपटाकर मोतिहारी लौट रहा था। सिंघिया फ्लाईओवर पर एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को रॉन्ग साइड से टक्कर मार दी। इस हादसे में अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। वह दो बेटियों का पिता था और उनकी पत्नी वर्तमान में गर्भवती हैं। छोटे भाई की पढ़ाई से लेकर घर का पूरा खर्च अभिषेक ही उठाता था। पुलिस ने वाहन को किया जब्त बंजरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर थाने लाया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 4500 रुपए के विवाद में महिला की हत्या

**मुंगेर।** के बरियारपुर थाना क्षेत्र में एक सहकारी समिति के पैसों को लेकर हुए विवाद में एक महिला की मौत हो गई। घटना सीतारामपुर नजीरा के सीताराम काली स्थान के पास रविवार की शाम की है। मृतका की पहचान विक्रम सिंह की पत्नी दयावती देवी (30) के रूप में हुई है। इस घटना में साजन कुमार नाम का एक व्यक्ति भी घायल हुआ है। जिसका इलाज मुंगेर सदर अस्पताल में चल रहा है। भाई साजन कुमार ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करता है। वह गांव में कुछ लोगों के साथ मिलकर एक कॉपरेटिव समूह चलाता है। समूह के सदस्य हर महीने पैसे जमा करते हैं। साजन की दो किस्तें बकाया थीं। उसने 4500 रुपए अपनी बहन दयावती के माध्यम से समूह की संचालक राधा देवी को भेजे थे। समूह के पैसे को लेकर हुआ था विवाद राधा देवी का कहना था कि उन्हें पैसे नहीं मिले और उन्होंने खुद बकाया राशि जमा की है। रविवार को जब साजन गांव पहुंचा, तो इसी बात को लेकर राधा देवी और उनके परिवार से विवाद हो गया। राधा देवी का परिवार साजन से 4500 रुपए मांगने लगा।



# हल्के में ना लें छोटे बच्चों में सोशल एंग्जाइटी

12 से 36 महीने तक की आयु सीमा के दौरान एक बच्चे का भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास होने लगता है, जिसके कारण उनके सोशल स्किल्स भी डेवलप होते हैं। यह वह वक्त होता है, जब बच्चा घर से बाहर निकलता है। डेकेयर से लेकर प्ले स्कूल आदि में जाने लगते हैं। ऐसे में वह घर के सदस्यों के अतिरिक्त दूसरे बच्चों व व्यस्क लोगों से मिलते हैं। कभी-कभी इस अवस्था में बच्चे सोशल फीयर्स भी जन्म लेने लगते हैं। हो सकता है कि वह दूसरों के साथ सामाजिक संपर्क होने पर सहज महसूस ना करें। शुरूआती दिनों में नई जगह पर सेट होने में बच्चे थोड़ा समय लगता है, लेकिन अपरिचित लोगों को उसे घबराहट या एंग्जाइटी होती है तो ऐसे में जल्द से जल्द बच्चे की मदद करनी चाहिए, अन्यथा आगे चलकर उसे इस सोशल एंग्जाइटी के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं कि टॉडलरहुड में सोशल एंग्जाइटी को किस तरह दूर किया जाए- बच्चे की मदद करने से पहले आपको उनमें होने वाली सोशल एंग्जाइटी के कारणों के बारे में भी जानना चाहिए। वैसे अभी तक यह पूरी तरह क्लीयर नहीं है कि इतनी छोटी उम्र के बच्चों में सोशल एंग्जाइटी का वास्तविक कारण क्या है। हालांकि इसके लिए अधिकतर मामलों में जेनेटिक्स को कारण माना जाता है, क्योंकि यह एक बच्चे के स्वभाव और व्यक्तित्व में योगदान देता है। इसके अलावा, एक बच्चे का वातावरण भी उन्हें सोशल एंग्जाइटी का शिकार बना सकता है। मसलन, अगर घर में पहले से ही कोई बड़ा बच्चा इस तरह की समस्या से पीड़ित हो तो छोटा बच्चा भी उसे देखकर काफी कुछ सीख जाता है। वैसे एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि छोटे बच्चे अपनी मां से भी सोशल एंग्जाइटी बिहेवियर सीख सकते हैं। मां द्वारा अनजाने में ही अशाब्दिक संकेत बच्चे को यह सिखा सकते हैं कि अजनबी या अपरिचित व्यक्ति चिंता का एक स्रोत हैं।



## यूं करें मदद

अब सवाल यह उठता है कि इतनी कम उम्र के बच्चों की आप किस तरह मदद कर सकती हैं ताकि उनकी सोशल एंग्जाइटी को कम किया जा सके।

- सबसे पहले तो पैरेंट्स घर में हेल्दी सोशल इन्टरैक्शन करें। इससे बच्चा देखता और सीखता है कि बाहरी दुनिया व अजनबी लोगों से बहुत अधिक डरने की आवश्यकता नहीं है।
- बच्चे को नए लोगों से घुलने-मिलने का मौका दें और उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करें। लेकिन कभी भी उसके साथ जबरदस्ती ना करें। इससे बच्चे पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- अगर आपका बच्चा पहली बार बाहर जा रहा है तो ऐसे में पहले घर पर उसकी रिहर्सल करने से बच्चे के मन के डर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मसलन, अगर आप उन्हें डेकेयर या प्ले स्कूल ले जा रही हैं तो पहले घर पर रोल प्ले करें। इससे बच्चे को स्कूल के माहौल की काफी जानकारी पहले ही हो जाती है।
- बच्चे की सोशल एंग्जाइटी को कम करने के लिए पहले खुद को शांत रखें। इससे बच्चे को लगता है कि नई जगहों पर जाना या नए लोगों से मिलने-जुलने में कोई डर नहीं है।
- बच्चे को लेकर ओवर-प्रोटेक्टिव ना हों। इससे उनका आत्मविश्वास बूस्ट अप नहीं होता। जिसके कारण वह अपने मन के डर को दूर नहीं कर पाते।
- अगर किसी भी उपाय से आपको पर्याप्त रूप से लाभ ना हो तो ऐसे में आप प्रोफेशनल हेल्प भी ले सकते हैं।



# रसोई में रखी खाने की ये चीजें नहीं होती कभी खराब, लंबे समय तक कर सकते हैं स्टोर

**बाजार से खाने-पीने की चीजें खरीदकर घर लाते ही सबसे पहले लोग उसे खराब होने से बचाने के लिए स्टोर करने का सही तरीका खोजते और अपनाते हैं। खाने-पीने की चीजें अक्सर जल्दी खराब हो जाती हैं, यही वजह है कि लोग उसे जल्दी खाकर खत्म कर देते हैं। पर क्या आप जानते हैं आपकी किचन में मौजूद खाने पीने की कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें उनके पोषण तत्वों के साथ लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है। आइए जानते हैं किचन में मौजूद ऐसी ही कुछ खाने की चीजों के बारे में जिनकी नहीं होती कभी एक्सपायरी।**

## सफेद चावल

सफेद चावल को अनिश्चित काल तक स्टोर करके रखा जा सकता है। एक शोध की मानें तो सफेद चावल 30 वर्षों तक अपने पोषक तत्व और स्वाद को बनाए रख सकते हैं।

## सरसों के दाने

अगर आप अच्छे ब्रांड के सरसों दाने इस्तेमाल करते हैं तो खुला रहने के बावजूद आप इन्हें एक वर्ष से अधिक समय तक भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## ड्राई बीन्स

अध्ययन के अनुसार, बीन्स का सेवन व्यक्ति 30 साल बाद भी खाने के लिए कर सकता है। बीन्स आपातकालीन भोजन के लिए प्रोटीन से भरपूर भोजन का एक बेहतर विकल्प माना गया है। बीन्स को अच्छी तरह से एयर टाइट कंटेनर में लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।

## चीनी

लंबे समय तक स्टोर की जाने वाली चीजों में चीनी का भी नाम शामिल है। चीनी भी लंबे समय तक अपने पोषण से भरपूर गुणों को खोए बिना स्टोर की जा सकती है। इसके लिए आप चीनी को किसी एयरटाइट कंटेनर में बंद करके लंबे समय तक के लिए रखें।

## नमक

नमक को भी चीनी की ही तरह लंबे समय के लिए अपनी गुणवत्ता खोए बिना स्टोर किया जा सकता है। नमक को ठीक से स्टोर करने से न तो इसमें कभी गुलठियां पड़ती हैं और न ही कभी इसमें कीड़े लगते हैं।

# बैचलर पार्टी के लिए खुद को इस तरह करें रेडी

**फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि यह एक आसान तरीका है बैचलर पार्टी में खुद को तैयार करने का। इन दिनों बैचलर पार्टी में थीम पार्टी काफी चलन में हैं। मसलन, गर्ल्स की पजामा पार्टी आदि। ऐसे में पार्टी में शामिल होने वाली सभी लड़कियां नाइट सूट में नजर आ सकती हैं।**

वो जमाने लद गए, जब केवल पुरूष ही शादी से पहले बैचलर पार्टी किया करते थे। आज के दौर में लड़कियां भी बैचलर पार्टी करना पसंद करती हैं। जिसमें वह अपनी फ्रेंड्स के साथ मिलकर आखिरी बार अपने बैचलर हुड को एन्जॉय करती हैं। वैसे शादी से पहले की जाने वाली यह बैचलर पार्टी लड़कियों के लिए बेहद खास होती है और इसलिए वह इसकी काफी सारी तैयारियां भी करती हैं। इन सभी तैयारियों के बीच एक तैयारी यह भी होती है कि बैचलर पार्टी के लिए खुद को किस तरह रेडी किया जाए। तो चलिए आज हम आपको बैचलर पार्टी के लिए खुद को स्टाइल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि यह एक आसान तरीका है बैचलर पार्टी में खुद को तैयार करने का। इन दिनों बैचलर पार्टी में थीम पार्टी काफी चलन में हैं। मसलन, गर्ल्स की पजामा पार्टी आदि। ऐसे में पार्टी में शामिल होने वाली सभी लड़कियां नाइट सूट में नजर आ सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो कोई कलर कोड या डेस कोड को भी अपनी पार्टी का हिस्सा बना सकती हैं। इससे सिर्फ आपको ही रेडी होने में आसानी नहीं होगी, बल्कि हर गेस्ट खुद को आसानी से स्टाइल कर पाएगा। साथ ही इसमें आप सभी को काफी मजा भी आएगा।

## कंफर्ट को दें प्राथमिकता

बैचलर पार्टी वास्तव में ढेर सारी मौज-मस्ती करने के लिए होती है। इसलिए ऐसे में आप चाहे जो भी पहनें, लेकिन आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि उसमें आप खुद को कंफर्टेबल महसूस कर पाएं ताकि आप खुलकर एन्जॉय कर सके। जरा सोचिए कि अगर आपने बैचलर पार्टी के लिए हैवी लॉन्ग गाउन कैरी किया तो फिर आप पार्टी में खेले जाने वाले गेम्स को किस तरह एन्जॉय करेंगी। इसलिए आपका आउटफिट लाइटवेट और कंफर्टेबल होना चाहिए। फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, अपनी बैचलर पार्टी को रॉकिंग बनाने और उसमें अपने स्टाइल का जलवा बिखेरने के लिए आप अपने लुक में एक एक्स फैक्टर एड कर सकती हैं। अगर आपका कलर कोड या डेस कोड सेम नहीं है तो भी आप अपनी एसेसरीज को एक जैसा रखने की कोशिश करें। मसलन, आप किसी खास तरह के हेडबैंड या कैप्स आदि को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आप सभी फ्रेंड्स अलग-अलग दिखकर भी एक जैसी ही नजर आएंगी। यह देखने में काफी कूल लगेगा।









# गर्मियों में इन्वर्टर का ऐसे रखें ख्याल

गर्मी के मौसम में जब आधी रात को अचानक से बिजली गुल हो जाए और इन्वर्टर भी खराब हो तो मानों कोई बहुत बड़ी विपदा आन पड़ी हो। ऐसी मुसीबत से लगभग हर कोई बचना चाहेगा। गर्मियों के मौसम में जगह-जगह घंटों तक बिजली का गुल होना आजकल आम बात है। कुछ शहरों में तो पूरे दिन बिजली का अता-पता नहीं रहता। ऐसे समय में लगभग सभी घर में इन्वर्टर का महत्व बहुत अधिक हो जाता है। लेकिन, कई बार इन्वर्टर और बैटरी खराब होने की वजह से गर्मी के मौसम में जान निकल जाती है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में इन्वर्टर की बैटरी का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। अगर आप भी घर में इन्वर्टर का इस्तेमाल करती हैं तो आपको भी इस आर्टिकल को जरूर पढ़ना चाहिए। क्योंकि, इस लेख में हम आपको कुछ शानदार टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें फॉलो करके गर्मियों के मौसम में इन्वर्टर की बैटरी को जल्दी खराब होने से आप बचा सकती हैं।

## अधिक लोड न दें

अगर आपको इन्वर्टर और बैटरी को जल्दी खराब होने से बचाना है तो फिर आपको बैटरी पर अधिक लोड देने से बचना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जरूरत से अधिक लाइट्स जलाने या पंखा चलाने से बचें। कई बार घर में लाइट नहीं होने पर महिलाएं इन्वर्टर से ही मिक्सी चलाने लगती हैं या फिर कई बार आयरन भी इन्वर्टर से ही करती हैं जिससे बैटरी जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में अगर आपको इन्वर्टर की बैटरी की हेल्थ को सही रखनी है तो उस पर अधिक लोड न दें। दिन में आप सभी लाइट्स को ऑफ कर सकती हैं।

## एसिड लेवल चेक करते रहें

गर्मियों के मौसम में इन्वर्टर की बैटरी जल्दी खराब न हो इसके लिए समय-समय पर एसिड लेवल चेक करते रहना बहुत जरूरी है। कहा जाता है कि अगर बैटरी में एसिड लेवल सामन्य स्तर से कम है तो बैटरी में मौजूद कार्बन प्लेस्ट पर बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से बैटरी जल्दी खराब हो सकती है। (सोलर इन्वर्टर की देखभाल) ऐसे में समय-समय पर बैटरी में डिस्टिल्ड वाटर को डालते रहना चाहिए, जिससे बैटरी की लॉन्ग लाइफ बरकरार रहे।

## फुल चार्ज होने के बाद करें इस्तेमाल

लाइट नहीं होने पर इन्वर्टर का इस्तेमाल करते हैं और जब बैटरी एकदम से बैठ जाती है तो उसे फुल चार्ज होने में लगभग 5-6 घंटा लगता है। अगर फुल चार्ज होने से पहले ही इन्वर्टर की बैटरी का इस्तेमाल करते हैं तो बैटरी जल्दी खराब हो सकती है। कई बार फुल चार्ज नहीं होने पर वोल्टेज का प्रभाव भी कम रहता है। कई बार लाइट्स भी अप एंड डाउन होने लगती हैं। ऐसे में एक बार बैटरी बैठने के बाद जब तक फुल चार्ज नहीं हो जाए तब तक इन्वर्टर का इस्तेमाल न करें।

## कनेक्शन पॉइंट की करें सफाई

आपको बता दें कि बैटरी में जिस जगह लाइट की तार जुड़ी होती है उस जगह कई बार कार्बन पकड़ लेता है जिससे बिजली का प्रभाव बहुत कम हो जाता है। ऐसे में सबसे पहले स्विच ऑफ करके कनेक्शन पॉइंट की सफाई कर लें। इस प्रक्रिया को महीने में एक से दो बार जरूर करें। इससे बैटरी जल्दी खराब होने से बच सकती है। कई लोग कनेक्शन पॉइंट को टर्मिनल पॉइंट भी बोलते हैं।

इन बातों का भी रखें ध्यान

- इन्वर्टर की बैटरी को किसी नमी वाली जगह रखने से बचें।
- बैटरी को दीवार, दरवाजा आदि चीजों से एक से दो इंच दूर ही रखें।
- अगर आपको सफाई करने या फिर एसिड बदलने में डर लगता है तो आप किसी एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।
- बैटरी को किसी भी चीज से ढककर न रखें।

# शुभ है वास्तु के अनुसार बोनसाई रखना

**समय के साथ लाइफस्टाइल में भी काफी बदलाव आ रहे हैं। कई लोग नेचर में सुकून ढूंढते हैं इसके लिए लोग घरों में पेड़ पौधे लगाने लगे हैं। इन दिनों बोनसाई के पेड़ काफी टेंडिंग में चल रहे हैं। लोग इस छोटे से पेड़ को अपने घर में रखना पसंद कर रहे हैं। कोई अपने शौक के लिए इसे रख रहा है तो कोई प्रकृति प्रेमी होनी की वजह से। लेकिन वास्तु के अनुसार इस पेड़ को रखना शुभ माना गया है। तो आइए जानते हैं कारण -**

- कहते हैं अगर आपको बहुत गुस्सा आता है या आप फ्रस्टेट हो जाते हैं तो इससे आपको बहुत शांति मिलती है।



जी हां, इसे घर में रखने से आपका मन शांत रहेगा और आपको प्रोडक्टिव रहने में भी मदद करेगा।

- बोनसाई के पौधे घर की हवा को प्यूरीफाई करते हैं। यह घर की हवा में मौजूद टॉक्सिन को बाहर करते हैं। इससे सांस लेने में आसानी होती है और हवा को शुद्ध करता है।
- इस पेड़ को घर में रखने से आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। कई बीमारियों से आपको दूर रखता है। इतना ही नहीं यह आपके अंदर सकारात्मकता बढ़ाता है।
- कई बार लोग हड़बड़ी में कोई काम करके या निर्णय लेकर पछताते हैं। ऐसे में बोनसाई पेड़ आपकी मदद करेगा। ह आपको धैर्यवान, तनाव मुक्त रखेगा।



# कुछ हल्का खाने का मन हो तो बनाएं कॉर्न पुलाव

कॉर्न पुलाव बनाना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप पहले एक कुकर लें और उसमें एक बड़ा चम्मच तेल डालकर गर्म करें। अब इसमें लौंग, काली मिर्च, दालचीनी, हरी इलायची डालकर एक मिनट के लिए चलाएं। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का भूनें।

रविवार का दिन हो तो कुछ हल्का और टेस्टी खाने का मन करता ही है। दरअसल, छुट्टी के दिन हम सभी रिलैक्सिंग मूड में होते हैं और इसलिए किचन में बहुत अधिक वक्त बिताने का मन नहीं करता। हो सकता है कि आप भी यही सोच रही हों कि इस संडे क्या बनाया जाए। अगर आप भी कुछ हल्का और डिलिशियस खाना चाहती हैं तो कॉर्न पुलाव तैयार कर सकती हैं। चावल की मदद से बनने वाली यह डिश बनाने में जितनी आसान होती है, खाने में उतनी ही लाजवाब होती है। तो चलिए जानते हैं कि कॉर्न पुलाव बनाने के लिए आपको क्या करना होगा-

**सामग्री-** तीन चौथाई कप मकई के दाने उबले हुए, डेढ़ कप चावल करीबन आधे घंटे तक भिगोए हुए, 1 बड़ा चम्मच तेल, काली मिर्च 5-6, लौंग 4-5, दालचीनी एक छोटा टुकड़ा, हरी इलायची 3-4, 1 बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, प्याज 1 मध्यम कटा हुआ, नमक स्वाद अनुसार, हल्दी पाउडर, हरी मिर्च तिरछी कटी हुई

**विधि-** कॉर्न पुलाव बनाना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप पहले एक कुकर लें और उसमें एक बड़ा चम्मच तेल डालकर गर्म करें। अब इसमें लौंग, काली मिर्च, दालचीनी, हरी इलायची डालकर एक मिनट के लिए चलाएं। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का भूनें। अब इसमें प्याज, हरी मिर्च व हल्दी डालकर चलाएं। प्याज गोल्डन कलर के हो जाने के बाद इसमें चावल डालें और करीबन दो मिनट के लिए हिलाएं। अब इसमें पानी और कॉर्न डालें। साथ ही स्वादानुसार नमक डालकर मिक्स करें। लिड लगाकर कुकर का ढक्कन बंद कर दें। धीमी आंच पर दो सीटी आने तक इसे पकाएं। कॉर्न पुलाव बनाने वालों का कहना है कि इसे कई तरीकों से बनाया जा सकता है। मसलन, आप इसमें कॉर्न के अलावा अपनी पसंद की सब्जी जैसे मटर, टमाटर, शिमलामिर्च, पनीर आदि को भी मिक्स करके इस कॉर्न पुलाव को और भी ज्यादा हेल्दी और टेस्टी बना सकते हैं। वैसे सिर्फ कॉर्न व प्याज के साथ भी इसका टेस्ट गजब का आता है।

# आईपीएल में आज होगा पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। इस बार श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे जबकि गुजरात टाइटंस की कमान शुभमन गिल के पास रहेगी। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में पिछली बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जिससे उनका हौसला बुलंद रहेगा। अब उनका लक्ष्य पंजाब का जीत दिलाना रहेगा। पंजाब का प्रदर्शन पिछले आईपीएल में अच्छा नहीं रहा था। पंजाब टीम आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि उसने 2014 में फाइनल में उसे जगह मिली थी पर पिछले चार साल में टीम शीर्ष पांच में नहीं पहुंच पायी थी। इस बार उसे अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से काफी उम्मीदें हैं। पंजाब की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। टीम के पास अजमतुल्लाह उमरजई, स्टोइनिस, मार्को जानसेन, शशांक सिंह और मुशीर खान जैसे ऑलराउंडर है। तेज गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह के पास रहेगी। इसके अलावा टीम के पास लॉकी फर्ग्युसन, कुलदीप सेन और यश ठाकुर जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन की कमान युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार के पास रहेगी।

वहीं दूसरी ओर गुजरात टीम ने पहली बार हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता था और दूसरी बार उपविजेता रही थी पर हार्दिक के मुम्बई इंडियंस जाने से पिछले सत्र में शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया था। शुभमन हालांकि टीम को सफलता नहीं दिला पाये थे और वह आठवें




स्थान पर रही पर माना जा रहा है कि हाल में भारतीय एकदिवसीय टीम की उपकप्तानी मिलने के बाद से ही उनकी नेतृत्व क्षमता बेहतर हुई है।

गुजरात के पास शुभमन और इंग्लैंड के जोस बटलर जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं मध्यक्रम में उसके पास शेरफेन रदरफोर्ड, साईं सुदर्शन और मसूद शाहरुख खान रहेंगे। टीम के पास राशिद खान, राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और महिपाल लोमरोर जैसे ऑलराउंडर भी हैं।

दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास मोहम्मद सिराज जैसा खिलाड़ी है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएट्जी और अनुभवी इशांत शर्मा जैसे गेंदबाज है। स्पिनर के तौर पर टीम के पास राशिद खान है।

**दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं**

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साईं सुदर्शन, एम शाहरुख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएट्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर

# एकदिवसीय प्रारुप में गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं बचा: मोईन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। मोईन ने कहा, "विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारुप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारुप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। " पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब है। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।" उन्होंने कहा, "जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि वह चौका होता है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने का विकल्प उपलब्ध रहता है।" मोईन ने कहा कि जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी क्रिकेट मोटी रकम देकर लुभा रहा है उससे अधिक से अधिक खिलाड़ी अब संन्यास लेकर इस प्रारुप में खेलते दिखेंगे।

# बीसीसीआई ने 16 महिला खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की




**स्पोर्ट्स डेस्क ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 सत्र के लिए 16 खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची की घोषणा की है। बीसीसीआई ने 2024-25 सत्र के लिए भारतीय महिला टीम के लिए रिटेनरशिप की घोषणा की है जो 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक की अवधि को कवर करेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को लगातार प्रदर्शन की बदौलत ग्रेड ए में रखा गया है।

रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा सभी को ग्रेड बी में बरकरार रखा गया है जबकि यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर 2022/23 सीज़न से केंद्रीय अनुबंध सूची में ग्रेड सी में शामिल हो गए हैं। ग्रेड बी से राजेश्वरी गायकवाड़, मेघना सिंह, देविका वैद्य, सब्बीनेनी मेघना, अंजलि सरवानी और हरलीन देयोल के साथ जो ग्रेड सी में थीं, चूक गईं। श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर और उमा छेत्री ने रिटेनरशिप में जगह बनाई है।

भारत अब श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली वनडे त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका में भिड़ेगा। आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 की उपविजेता टीम महिला विश्व कप 2025 के लिए भी तैयारी कर रही है जिसका आयोजन इस साल के अंत में घरेलू धरती पर किया जाना है।

**सूची**

**ग्रेड ए :** हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा

**ग्रेड बी :** रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, शैफाली वर्मा

**ग्रेड सी :** यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर

# आईपीएल के अपने पहले ही मैच में छाया ऑटो चालाक का बेटा

**चेन्नई (एजेंसी)।** केरल के युवा स्पिनर विग्नेश पुथुर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने डेब्यू मैच में ही शानदार प्रदर्शन कर तीन विकेट लिए हैं। ऑटो चालक के बेटे विग्नेश को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के अपनी शुरुआती में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतारा था। इस कलाई के स्पिनर को बल्लेबाज रोहित शर्मा की जगह पर उतारा गया। रोहित बल्लेबाजी में असफल रहे थे। ऐसे में गेंदबाजी में उनकी जगह विग्नेश को उतारा गया। विग्नेश का डेब्यू अच्छा रहा। उन्होंने आईपीएल के अपने पहले मैच में ही तीन विकेट लिए। पुथुर ने हालांकि घेरेलू क्रिकेट में अबतक सीनियर स्तर पर कोई भी घरेलू मुकाबला नहीं खेला था।

विग्नेश को ने आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए




बुलाया। इसे बाद इस युवा गेंदबाजा ने अपने पहले ही ओवर में सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को पेवेलियन भेज दिया। वहीं अपने दूसरे ओवर में शिवम दुबे को आउट किया। इसके बाद उन्होंने दीपक हुड्डा का विकेट लिया।

विग्नेश के पिता ऑटो चलाते हैं। इस युवा स्पिनर ने केरल के लिए अंडर-14 और अंडर-19 स्तर पर खेला है। पुथुर ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में भी जॉली रोवर्स क्रिकेट क्लब के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद केसीएल टी20 टूर्नामेंट के लिए जगह बनाई। इसके बाद नवंबर 2024 में आईपीएल मेगा नीलामी में मुबई इंडियंस ने उन्हें अपने साथ शामिल किया। विग्नेश ने अपने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। मुम्बई को हालांकि इस मैच में सीएसके से हार का सामना करना पड़ा।

# निकहत जरीन मई से रिंग में वापसी करेंगी


नई दिल्ली । भारत की महिला मुम्केबाज निकहत जरीन मई में खेल में वापसी करेंगी। निकहत घुटने की चोट के कारण पिछ्ल काफी समय से रिंग से दूर थीं। विश्व चैंपियन रही निकहत का कहना है कि अब वह चोटों से मुक्त हैं। हाल ही में 2028 लॉस एंजिल्स ओलपिक में मुक्केबाजी को शामिल किए जाने से ही अब उनका लक्ष्य उसमें पदक जीतना है। निकहत ने यहां महिला मुक्केबाजी के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, मुझे हल्की सी चोट लगी थी। जिसके लिए तीन–चार महीने के रिहैबिलिटेशन की जरूरत थी। अब सबकुछ ठीक है। मेरा मुख्य ध्यान अब विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप पर रहेगा जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है। पेरिस ओलंपिक में जरीन शुरुआत में ही बाहर हो गयीं थी हालांकि अब वह उसे भूलकर आगे के मुकाबलों पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दे रही हैं।



# आईपीएल अंक तालिका में आरसीबी दूसरे नंबर पर खिसकी, सनराइजर्स शीर्ष पर पहुंची


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी (आईपीएल) अंकतालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे नंबर पर खिसक गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद नंबर एक पर पहुंच गयी है। आरसीबी ने लीग में पहला मैच जीतकर नंबर एक स्थान हासिल किया था पर कुछ समय में ही वह नीचे फिसल गयी। सनराइजर्स ने अपने पहले ही मैच में रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाकर जीत हासिल कर ली।

सनराइजर्स का नेट रन रेट आरसीबी से कहीं अच्छा है जिसका लाभ उसे मिला है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीसएसके) मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में जीत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। आठवें नंबर पर मुंबई इंडियंस है, जबकि नौवें पायदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है जिन्हें आरसीबी से ने हराया था। राजस्थान रॉयल्स अंतिम स्थान पर है। ये अभी आईपीएल के 18 सत्र की शुरुआत है। ऐसे में अभी अंकतालिका में कई बदलाव होने हैं क्योंकि अभी तक चार टीमों ने अपना एक भी मुकाबला नहीं खेला है। जब सभी टीमें कम से कम एक-एक मैच खेल लेंगी तो फिर अंकतालिका में




कुछ बदलाव आयेगा।

# आईपीएल में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने क्लासेन



हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे विकेटकीपर–बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। क्लासेन ने 594 गेंदों पर अपने 1000 रन पूरे किये। क्लासेन ने इस प्रकार वीरेंद्र सहवाग, ग्लेन मैक्सवेल और यूसुफ पठान को भी पीछे छोड़ दिया है। वह केवल कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल से पीछे हैं, रसेल ने 545 गेंदों में ही 1000 रन बनाये थे। क्लासेन के शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से सनराइजर्स को 18 वें सत्र के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स पर आसान जीत मिली। इस आक्रामक बल्लेबाज ने आईपीएल में अब तक 28 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 44.14 की औसत और 173.92 की स्ट्राइक रेट से अपने 1000 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और छह अर्धशतक लगाये हैं। सहवाग ने 1000 आईपीएल तक पहुंचने 604 गेंदें खेली थीं जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 610 गेंदें खेलीं थीं।

# धोनी की स्टंपिंग देख पूर्व क्रिकेटर ने की तारीफ, वह अब भी बेहतरीन हैं

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की चुस्त स्टंपिंग को लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनकी तारीफ की हैं। धोनी भले ही 43 साल के हो गए हो लेकिन विकेट के पीछे वह विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन देखने योग्य है।


धोनी ने रविवार को आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में नूर अहमद की गेंद पर जिस तरह से सूर्यकुमार यादव की स्टंपिंग की वह काबिलेतारीफ थी इसके लेकर पूर्व सीएसके टीममेट मैथ्यू हेडन फिर से उनके मुरीद हो गए। यह गुगली गेंद सूर्यकुमार के बाहरी किनारे को बीट करते हुए धोनी के दस्ताने में ज्यों पहुंची वैसे ही धोनी ने गिल्लियों को उड़ाने में सेकंड के आठवें हिस्से से भी कम का समय (0.12 सेकंड) लिया।



इस गेंद पर सूर्यकुमार 29 रनों पर आउट हुए थे और 51 रनों की साझेदारी टूटी थी इसी के साथ सीएसके मैच में वापसी कर ली थी। हेडन ने टी20 टाइमआउट शो में कहा कि धोनी आज बेहतरीन थे। ऐसी गेंदों को कलेक्ट करना भी थोड़ा कठिन होता है क्योंकि गेंद के एंगल में बल्लेबाज भी आ जाता है। लेकिन उन्होंने स्टंपिंग में फुर्ती की तेजी दिखाई। वह अब भी बेहतरीन हैं। सीएसके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि धोनी कठिन कीपिंग का अभ्यास करते हैं। वहीं सीएसके टीममेट रहे पीयूष चावला ने कहा कि इस सत्र के पहले उन्होंने शायद नूर के खिलाफ कीपिंग का अभ्यास किया होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपने किसी गेंदबाज के खिलाफ पहले कीपिंग का अभ्यास नहीं किया हो तो यह कठिन होता है। मुझे लगता है कि उन्होंने सीजन के पहले नूर के खिलाफ कीपिंग का अभ्यास किया होगा। वह नए गेंदबाजो के खिलाफ अक्सर ऐसा करते हैं। हालांकि मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ था क्योंकि मैं उनके खिलाफ पहले भी गेंदबाजी कर चुका था। हालांकि नए और विशेषकर कलाइयों के स्पिनरों के खिलाफ वह ऐसा करते हैं। वह 10-12 गेंद ही ऐसा अभ्यास करके गेंदबाज की रिस्ट पोजिशन को समझ लेते है।

# तमीम इकबाल को मैच के दौरान पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल ले जाया गया

स्पोर्ट्स डेस्क । बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार सुबह ढाका प्रीमियर लीग के दौरान छाती में दर्द होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक तमीम को दिल का दौड़ा पड़ा था। यह घटना पहली पारी के दौरान टॉस के तुरंत बाद हुई। वह सावर में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच खेल रहे थे। शुरुआत में उन्हें हेलीकॉप्टर से ढाका ले जाने की व्यवस्था की गई, लेकिन रास्ते में सीने में तेज दर्द की वजह से उन्हें इलाज के लिए फजीलतुन्नेस अस्पताल ले जाया गया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मुख्य चिकित्सक डॉ. देबाशीष चौधरी ने कहा, 'स्थानीय अस्पताल में उनकी शुरुआती जांच की गई, जहां दिल की हल्की समस्या होने का संदेह था। उन्हें ढाका ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन हेलीपैड के रास्ते में उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ और उन्हें वापस ले जाना पड़ा। बाद में मेडिकल रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि उन्हें दिल का बड़ा दौरा पड़ा था।' चौधरी ने कहा, 'यह हम सभी के लिए मुश्किल समय है। वह फिलहाल निगरानी में है और मेडिकल टीम उसके ठीक होने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है।'



# डेल स्टेन ने की बड़ी भविष्याणी, बताया इस दिन बनेंगे आईपीएल में पहली बार 300 रन

**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डेल स्टेन ने हैरतअंगेज भविष्यवाणी कर डाली है। दरअसल, उन्होंने वह तारीख बता दी है जिस दिन आईपीएल 2025 में पहली बार 300 रन का आंकड़ा पार होगा। बता दें कि, आईपीएल 2025 के दूसरे ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 286 रन बना डाले थे। अभी तक कई टीम आईपीएल में 250 से ज्यादा रन बना चुकी हैं। लेकिन 300 का आंकड़ा किसी ने पार नहीं किाय है। अब डेल स्टेन का कहना है कि 17 अप्रैल को आईपीएल में पहली बार एक पार में 300 रन बनेंगे।

डेल स्टेन ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बताया कि, मेरी एक छोटी सी भविष्यवाणी है। 17 अप्रैल को आईपीएल इतिहास में पहली बार 300 रन बनेंगे। कौन जानता है क्या पता जब ये हो रहा होगा तब मैं भी ये मैच देखने के लिए वहां मौजूद रहूं। डेल स्टेन जाहिर तौर पर सनराइजर्स हैदराबाद की सीजन में आक्रामक शुरुआत से प्रभावित हुए हैं। स्टेन जो खुद 2013-2015 तक हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं।

स्टेन ने खास तौर से 17 तारीख को इस रिकॉर्ड के लिए चुना है। उस दिन आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई




इंडियंस का मैच खेला जाएगा। ये भिड़ंत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगी। बता दें कि, जब हैदराबाद और मुंबई पिछले सीजन आमने-सामने आए थे, तब मुंबई ने 277 रन बना डाले थे। जिसके जवाब में मुंबई ने भी 246 रन बनाए थे लेकिन 31 रन से मैच गंवा बैठी थी।

# उरुग्वे और ब्राजील मैच के खिलाफ विश्वकप क्वालीफायर से बाहर रहेंगे मेसी : फुटबॉल संघ

बार्सिलोना । अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने कहा है कि चोटिल होने के कारण स्टार फुटबॉलर लियोनन मेसी उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले नहीं खेल पायेंगे। फुटबॉल संघ के अनुसार मेसी को फिट नहीं होने के कारा 26 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, मेसी कोकी बाईं जांघ में खिंचाव है। जिसके कारण वह मंगलवार को ब्राजील और शुक्रवार को उरुग्वे के मैच से भी बाहर रहेंगे। मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने क्वालीफायर के लिए पाउलो डिबाला, जियोवानी लो सेल्सो और गोंजालो मोंटीएल को भी टीम में जगह नहीं दी है। अर्जेंटीना इस ने अभी तक 12 मैचों में 25 अंक हासिल किये हैं। वह 10 टीमों वाली दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं उरुग्वे 20 अंकों के साथ ही दूसरे स्थान पर है।



**क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर : एमिलियानो मार्टिनेज, जेरोनिमो रुली, वाल्टर बेनिटेज़।

डिफेंडर : नाहुएल मोलिना, क्रिस्टियन रोमेरो, जर्मन पेज़ेला, लियोनार्डो बालेरदी, जुआन फोइथ, निकोलस ओटामेंडी, . फाकुंडो मेडिना, निकोलस टाग्लियाफिको।

मिडफील्डर : लिआंड्रो पारेडेस, एंज़ो फर्नांडीज़, रोड्रिगो डी पॉल, एक्सेकिएल पालासिओस, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, माक्सिमो पेरोने, जुलियानो सिमेओने, बेंजामिन डोमिंगुएज़, थियागो आल्माडा।

फॉरवर्ड : निकोलस गोंज़ालेज़, निकोलस पाज़, जूलियन अल्वारेज़, लाउतारो मार्टिनेज, सेंटियागो कास्त्रो

# प्रासंगिक बने रहने के लिए मुझे भी खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालना होगा: धोनी

**चेन्नई (एजेंसी)।** करिश्माई क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी सौंपने के बावजूद पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चेन्नई की रविवार की रात को खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट से जीत के बाद जियोस्टार से बात करते हुए धोनी ने गायकवाड़ के नेतृत्व, अपनी फॉर्म और मौजूदा लीग में की जा रही क्षेत्रीय कमेंट्री के बारे में भी बात की।

धोनी ने कहा, 'बल्लेबाज अब जोखिम लेने को तैयार हैं। अब बल्लेबाजों का मानना है कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ वे बड़े स्ट्रोक खेल सकते हैं और साथ ही वे अपने शॉट चयन में सुधार कर रहे हैं फिर चाहे वह तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्कूप हो, स्वीप हो या तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप हो। मैं उनसे अलग नहीं हूं। मुझे भी खुद को ढालना होगा। जहां मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं, वहां मेरे लिए यही जरूरी है। आपको कोशिश करनी होगी और प्रासंगिक बने रहना होगा।'

धोनी ने कहा, 'हमने जिस तरह से 2008 में टी20 खेला था और जिस तरह से हम पिछले साल आईपीएल में खेले उसमें बहुत अंतर था। पहले विकेट काफी टर्न लेते थे लेकिन अब भारत के विकेट पहले की तुलना में काफी बेहतर बन गए हैं। यह बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल है।'

चेन्नई ने धोनी के कप्तान रहते हुए पांच आईपीएल खिताब जीते, लेकिन उन्होंने 2024 के सत्र से पहले गायकवाड को कमान सौंप दी थी। धोनी ने कहा कि हालांकि वह गायकवाड़ के साथ चर्चा करते हैं, लेकिन वह उन पर अपनी सलाह नहीं थोपते हैं। उन्होंने कहा, 'रुतुराज काफी समय से हमारी टीम का हिस्सा हैं। उनका स्वभाव बहुत अच्छा है, वह बहुत शांत हैं, बहुत धैर्यवान हैं। इसलिए हमने उन्हें कप्तान के रूप में चुना।'

धोनी ने कहा, 'मुझे याद है कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मैंने उनसे यह भी कहा था, अगर मैं आपको सलाह देता हूं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको इसका पालन करना होगा। मैं जितना संभव हो सके दूर रहने की कोशिश करूंगा। बहुत से लोगों को लगा कि मैं पर्दे के पीछे से फैसले कर रहा था। लेकिन सच तो यह है कि वह 99 फीसदी फैसले ले रहे थे।'

एक अन्य खिलाड़ी जिसके साथ धोनी का गहरा रिश्ता है, वह हैं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली। धोनी ने कहा कि उनका रिश्ता पिछले कुछ वर्षों में दोस्ती में बदल गया है। उन्होंने कहा, 'यह रिश्ता पहले एक कप्तान और एक युवा खिलाड़ी के बीच था लेकिन समय के साथ हम बहुत अच्छे दोस्त बन गए। अब हम दोनों कप्तान नहीं हैं और इसलिए हमें मैच से पहले बात करने का अधिक समय मिलता है।'

धोनी ने आईपीएल की क्षेत्रीय भाषाओं में कमेंट्री के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत अधिक क्षेत्रीय कमेंट्री नहीं सुनी है, लेकिन मुझे पता है कि बिहारी (भोजपुरी) कमेंट्री में बहुत अधिक जोश होता है। यह मुझे स्कूल के दिनों की रेडियो कमेंट्री की याद दिलाती है, जहां कमेंटेटर पूरी तरह से खेल में डूब जाते थे। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगता है।'



# नए अध्यक्ष के चयन को लेकर संघ का बीजेपी के साथ कोई मतभेद नहीं

## -संघ के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने कहा- फैसला पार्टी पर निर्भर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने साफ कर दिया है कि बीजेपी के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका बीजेपी के साथ कोई मतभेद नहीं है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से बीजेपी पर निर्भर है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया कि बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव जल्द होगा, जिससे इस मामले को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग जाएगा।

शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के दौरान एक संघ के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने बीजेपी अध्यक्ष के लंबित चुनाव के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि संघ के सदस्य 32 संबद्ध संगठनों में काम करते हैं। हर संगठन स्वतंत्र है और उसकी अपनी फैसले लेने की प्रक्रिया है। उनकी अपनी सदस्यता संरचना और स्थापित प्रक्रियाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के लिए समन्वय समिति की बैठक नहीं होगी। बीजेपी और आरएसएस में कोई अंतर नहीं है। हम समाज और देश के लिए मिलकर काम करते हैं। आज भी हम उसी विश्वास और समझ के साथ काम कर रहे हैं। पार्टी की प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और कई स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है. आने वाले दिनों में बीजेपी अध्यक्ष का चुन लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पार्टी के ढांचे के अंदर ही पूरी होगी। बस कुछ दिन इंतजार कीजिए, सब कुछ साफ हो जाएगा। वर्तमान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा जो केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री भी हैं अपने कार्यकाल को विस्तार देते हुए इस पद पर बने हुए हैं। चर्चा यह भी है कि बीजेपी और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं।

अरुण कुमार ने आगे कहा कि हमारे राष्ट्रीय जीवन की एक अलग पहचान है और सभी को इसकी रक्षा करनी चाहिए। इस देश में कई भाषाएं हैं, लेकिन भावनाएं एक ही हैं। सभी भाषाओं का सार एक है। महान व्यक्तित्व कभी भी अपने राज्य तक सीमित नहीं रहे, वे पूरे राष्ट्र से जुड़ाव की भावना रखते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कई धर्म, अलग-अलग खान-पान और अलग-अलग संस्कृतियां हैं, फिर भी मूल्य एक जैसे हैं। हमारी संस्कृति एक है। हमारा विश्वास 'एक लोग, एक राष्ट्र' में है। ऐतिहासिक रूप से जबकि देश के भीतर अलग-अलग राज्य थे, लोग हमेशा स्वतंत्र रूप से घूमते रहे हैं, जहां भी वे चाहते थे, बस गए। यह हमारी विशिष्टता है। भाषा या संस्कृति को लेकर कोई मतभेद नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें ब्रिटिश शासन द्वारा छोड़ी गई कमियों को दूर करना होगा। आखिरकार जैसा कि संविधान की प्रस्तावना में कहा गया है, 'हम, भारत के लोग' 'हम' शब्द परिभाषित करने वाला तत्व है। धर्म, भाषा और अन्य पहलुओं में मतभेद यहीं खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान एक है। संघ का मानना ??है कि हम भारत के लोगों को सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए, आगे बढ़ना चाहिए। हमने इसे स्वीकार किया है और जबकि कोई भी व्यवस्था परिपूर्ण नहीं है, हमने राज्यों और राष्ट्र के साथ एक संरचना बनाई है। मूल विचार हमेशा देश के बारे में सोचना होना चाहिए।

अरुण कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जो देशभक्ति, एकता, निस्वार्थता, अनुशासन और राष्ट्र प्रथम की मानसिकता को बढ़ावा दे। अगर समाज मजबूत और संगठित है, तो चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सकेगा। लोगों की गुणवत्ता देश की नियति तय करती है। कुछ महान व्यक्तियों के कारण कोई राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि महान नागरिक ही राष्ट्र को महान बनाते हैं। यही हमारा काम है। हम जिस समाज की कल्पना करते हैं, वह संघ को आकार देने के हमारे तरीके में झलकता है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे यह भावना बढ़ेगी, परिवर्तन भी होगा। शताब्दी समारोह के दौरान यह प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज की ताकत सर्वोपरि है। जब हम कहते हैं कि आरएसएस पूरे देश में फैल रहा है, तो इसका मतलब सिर्फ संख्यात्मक वृद्धि नहीं है। इसका मतलब है समाज की ताकत का जागरूक होना। आरएसएस का अंतिम लक्ष्य समाज को बदलना है। संघ केवल एक संगठन नहीं है, यह सामाजिक परिवर्तन के लिए एक विशाल जन आंदोलन है। हम लगातार प्रयास करते रहते हैं और उन पहलों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है।

## लेह में कांपी धरती, घबराकर लोग आए घरों से बाहर, नुकसान की जानकारी नहीं

लेह लद्दाख। लेह लद्दाख की धरती कांप गई यहां 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक यह भूकंप सोमवार सुबह 4 बजकर 32 मिनट 58 सेकंड पर आया। भूकंप का केंद्र लेह लद्दाख में 34.35 उत्तरी अक्षांश और 78.06 पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर मापी गई। धरती कांपने से डर कर लोग घरों से बाहर आ गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने बताया कि भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग नींद से जाग गए और घरों से बाहर आ गए। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों ने स्थिति पर नजर रखी हुई है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। लद्दाख हिमालय पर्वत श्रृंखला के पास स्थित है और इस कारण भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्षेत्र में छोटे-मोटे भूकंप आना सामान्य बात है, लेकिन बड़े भूकंप का खतरा भी रहता है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 होने के कारण इसे हल्का माना जा रहा है, जिससे आमतौर पर नुकसान की संभावना कम ही होती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें। भूकंप के बाद मौसम विभाग और भूकंप विज्ञानियों की टीम क्षेत्र में स्थिति का जायजा लेने वहा पहुंच गई। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधियां संभव हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और लोग अपने दैनिक कार्यों को अंजाम दे रहे हैं।

## शिंदे पर कुणाल ने जोक मारा, एफआईआर हुई, शिवसेना ने धमकी दी कहा- भारत से भगा देंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई(ईएमएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लेकर जोक बोलने वाले कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ जहां एफआईआर दर्ज हुई है वहीं शिवसैनिकों ने धमकाते हुए कहा कि कुणाल जहां भी जाएंगे वहीं हमारे शिवसैनिक उनका पीछा करेंगे। एक दिन ऐसा आएगा जब हम उन्हे भारत छोड़ने को मजबूर कर देंगे। कामरा ने सोमवार को एक्स पर एक फोटो पोस्ट की है। इसमें वह भारत के संविधान की प्रति लिए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने लिखा है, आगे बढ़ने का सिर्फ एक यही तरीका है। शिंदे को लेकर उनकी तरफ से की गई टिप्पणी को शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) नेता संजय राउत ने भी शेयर किया था और कहा था, कुणाल का कमाल शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कामरा को चेतावनी दी कि पूरे देश में शिवसेना कार्यकर्ता उनका पीछा करेंगे। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, आपको भारत से भागने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा, कुणाल कामरा एक किराए के कॉमेडियन हैं, और वह कुछ पैसों के लिए हमारे नेता पर टिप्पणी कर रहा हैं। महाराष्ट्र की बात तो दूर, कुणाल कामरा पूरे भारत में कही भी स्वतंत्र रूप से नही जा सकते, शिवसैनिक उन्हें उनकी जगह दिखा देंगे।उन्होंने कहा, हमें संजय राउत और शिवसेना (यूबीटी) के लिए दुख है कि उनके पास हमारे नेता पर टिप्पणी करने के लिए कोई पार्टी कार्यकर्ता या नेता नहीं बचा है, यही वजह है कि ये इस काम के लिए उनके (कुणाल कामरा) जैसे लोगों को काम पर रख रहे हैं... हम बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा का पालन करते हैं, और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कुणाल कामरा न तो महाराष्ट्र में और न ही देश में कहीं भी स्वतंत्र रूप से घूम सके। कुणाल कामरा को करारा जवाब मिलेगा, और वह आकर अपनी गलती के लिए माफी मांगेंगे।वहीं, भारतीय जनता पार्टी विधायक राम कदम ने कहा, कुणाल कामरा ने सस्ती लोकप्रियता के लिए बार-बार देश के बड़े राजनेताओं और पत्रकारों के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। ऐसा क्यों? अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर क्या वह किसी को भी कुछ भी कह सकते हैं? एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं।

## सांसदों की सैलरी और पेंशन बढ़ी : अब हर सांसद को मिलेंगे 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने सांसदों के वेतन में 24प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की, जिसमें बताया गया कि अब प्रत्येक सांसद को 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। पहले यह राशि 1 लाख रुपये थी। यह वेतन वृद्धि कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स (लागत मुद्रास्फीति सूचकांक) के आधार पर की गई है और यह 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी। इससे पहले, 2018 में मोदी सरकार ने सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा करने का नियम बनाया था। यह समीक्षा महंगाई दर को ध्यान में रखते हुए की जाती है।

**डेली अलाउंस और पेंशन में भी इजाफा**

सांसदों के दैनिक भत्ते (डेली अलाउंस) और पूर्व सांसदों की पेंशन में भी वृद्धि की गई है। अब सांसदों को मिलने वाला डेली अलाउंस 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। वहीं, पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 रुपये से बढ़ाकर 31,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इसके अलावा, पांच साल से अधिक समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर अतिरिक्त वर्ष के लिए मिलने वाली पेंशन भी 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इस वेतन और भत्ता वृद्धि का उद्देश्य सांसदों को बढ़ती महंगाई के अनुरूप वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने संसदीय कर्तव्यों को बेहतर ढंग से निभा सकें।

## बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर काला जादू ?

मुंबई (एजेंसी)। हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास, वर्षा बंगले में जादू-टोना किए जाने के शिवसेना (ठाकरे) सांसद संजय राउत के आरोपों से राजनीतिक हलकों में विवाद छिड़ गया था। संजय राउत ने आरोप लगाया कि कामाख्या मंदिर में बलि दिए गए हिरणों के सींग वर्षा बंगले के लॉन में दफनाए गए थे। अब बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर काले जादू का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल हाई कोर्ट के बोर्ड के नीचे नारियल, नींबू और काली गुड़िया पाई गई हैं। इससे हड़कंप मचा है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि यहां किसने काला जादू करने का प्रयास किया। हाई कोर्ट के बाहर काला जादू किए जाने की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं। ज्ञात हो कि राज्य में अंधविश्वास के खिलाफ कई कानून बनाए गए हैं। अंधविश्वास फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाती है। इस बीच, बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर काला जादू किए जाने की चर्चा सुनी जा रही है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में कागज के टुकड़े पर नारियल, नींबू और हल्दी व केसर से लिपटी गुड़िया रखी हुई दिखाई दे रही है। हाईकोर्ट में कई लोगों को न्याय मिलता है और गलत काम करने वालों को सजा भी मिलती है, लेकिन इसी कोर्ट में काला जादू होने की बात सामने आने से हड़कंप मचा है। बहरहाल इसमें कितनी सच्चाई है ये तो जाँच का विषय है।

## तापसी की मूवी हसीन दिलरुबा देख, पति के शव को ठिकाने लगाने का आइडिया मुस्कान को मिला

मुंबई (एजेंसी)। मेरठ में सौरभ हत्याकांड की वारदात ने लोगों का दिल दहला दिया है। सौरभ की पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल संग मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। अब एक-एक कर मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुस्कान ने अभिनेत्री तापसी पन्नू की फिल्म देखकर पति सौरभ को मारने का षडयंत्र रचा। बताया जा रहा है कि सौरभ की हत्या करने के बाद मुस्कान ने यूट्यूब पर खोजा की कैसे लाश को ठिकाने लगाएं। इतने में ही उन्हें तापसी और विक्रांत मैसी की फिल्म हसीन दिलरुबा देखी। पहला पार्ट देखने के बाद दोनों ने दूसरा पार्ट भी देखा। इसके बाद दोनों ने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई।

## अभिमन्यू की तरह छल कपट से केजरीवाल को हराया गया: सौरभ भारद्वाज




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली आम आदमी पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल की हार की तुलना महाभारत में अभिमन्यु के वध से की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली का चुनाव हुआ है। मैं तो जब सुनता हूं मुझे ऐसा लगता है कि जैसे चक्रव्यू के अंदर अभिमन्यु को घेरकर छल-कपट के साथ वध किया गया था, वैसे ही हमारे केजरीवाल जी को नई दिल्ली में घेरा गया। यह सबने देखा है।

विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार के करीब डेढ़ महीने बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल दिल्ली में किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल के सामने दिल्ली के नए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज नई दिल्ली सीट के चुनाव परिणाम का भी जिक्र किया। सौरभ भारद्वाज ने मुस्कुराहट के साथ कहा कि केजरीवाल की किस्मत ऐसी ही है, वह कभी नीचे जाते हैं और कभी ऊपर। हम सब की किस्मत इनके साथ है। ये जितना नीचे जाते हैं, बॉल को नीचे मारो तो वह उतनी ऊपर जाती है, मेरा तजुर्बा है कि अरविंद जी जब जब नीचे गए हैं ये दोगुनी स्पीड से ऊपर गए हैं। पूरी पार्टी और एक-एक कार्यकर्ता की किस्मत इनके साथ जुड़ी है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जब आप की सरकार बनी थी तो लोगों को चेहरों पर खुशी नजर आती थी, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद लोग खुश नहीं हैं। हमारे हारे हुए विधायक जहां जाते हैं वहां लोग पकड़कर खड़े हो जाते हैं गले लगकर रोने लगते हैं। आप कैसे हार गए हमने तो वोट दिया था। यह हमारी बहुत बड़ी जीत है कि हमारी हार का चर्चा उनकी जीत से ज्यादा है। पुलिस का इस्तेमाल, चुनाव आयोग का इस्तेमाल, पैसे का इस्तेमाल, प्रशासन का इस्तेमाल, गुंडागर्दी का इस्तेमाल, सब करके भी यदि आप मान लें कि रिजल्ट सही भी है तो आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच दो फीसदी वोट शेयर का ही फर्क है।

## लालू यादव की इफ्तार पार्टी को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ी, नीतीश कुमार की पार्टी में जो नहीं पहुंचे वो यहां आएंगे नजर



पटना (एजेंसी)। बिहार में मौजूदा साल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले इफ्तार पार्टियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की ओर से आज सोमवार को ही इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। दावा किया जा रहा है कि इसमें वे मुस्लिम धार्मिक संगठन भी शामिल होंगे, जिन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी का बहिष्कार किया था।

सूत्रों का कहना है कि यह इफ्तार पार्टी राबड़ी देवी के सरकारी आवास के बजाय आरजेडी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के सरकारी आवास पर आयोजित की जा रही है। इस पार्टी में महागठबंधन के सभी नेताओं और रोजेदारों को निमंत्रण भेजा गया है।

**नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी का बहिष्कार**

गौरतलब है कि रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी का मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने बहिष्कार किया था। इमारत-ए-शरिया के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती सईदुर्रहमान ने ऐलान किया था कि उनकी संस्था और अन्य मुस्लिम संगठन इस पार्टी में शामिल नहीं होंगे। बहिष्कार करने वाले संगठनों में इमारत-ए-शरिया, जमात इस्लामी, जमात अहले हदीस, खान्काह मोजीबिया, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमियत उलेमा ए हिंद और खान्काह रहमानी शामिल थे। उनका विरोध केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल पर जदयू के समर्थन को लेकर था। यह अलग बात है कि संगठनों के विरोध के बावजूद अनेक रोजेदार इस इफ्तार पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे। यह इफ्तार पार्टी मुख्यमंत्री आवास में आयोजित की गई थी, जहां कैमरा और मोबाइल ले जाने पर पाबंदी थी।

**चिराग पासवान की इफ्तार पार्टी भी चर्चा में**

इसी बीच, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान की ओर से भी आज सोमवार शाम इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। यह पार्टी पटना स्थित एलजेपीआर कार्यालय में आयोजित होगी, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए के अन्य नेताओं को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने चिराग की इफ्तार पार्टी का भी बहिष्कार किया है।

**राजनीतिक समीकरणों पर नजर**

बिहार की राजनीति में इफ्तार पार्टियां केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि राजनीतिक समीकरण साधने का भी जरिया बन चुकी हैं। इस बार के इफ्तार आयोजनों से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि आगामी चुनावों से पहले मुस्लिम वोट बैंक को लेकर राजनीतिक दलों में घमासान तेज हो गया है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा का आरोप, सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने देने की मंशा बना ली

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध को लेकर कहा कि लगता है कि सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने देने की मंशा बना ली है। कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे को लेकर हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, ऐसा लगता है कि उन्होंने (सत्तापक्ष ने) मन बना लिया है कि सदन नहीं चले। अब कई दिन हो गए हैं और वे हंगामा खड़ा करने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ ही लेते हैं।'' कर्नाटक विधानसभा ने विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कड़े विरोध के बीच सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित किया। इस मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान पर सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध की स्थिति बनी रही।

## केएलएच हैदराबाद ने कला उत्सव का किया आयोजन

एजेंसी




**पटना :** केएलएच ने कला उत्सव 2025 की सफल मेजबानी की, जिसने भारत में कला की अभिव्यक्ति को नए आयाम दिए। यह राष्ट्रीय स्तर का महोत्सव 21 और 22 मार्च को केएलएच बच्चुपल्ली कैंपस में आयोजित हुआ। केएलएच स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर (एसएसी) द्वारा आयोजित और तेलंगाना सरकार के भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा समर्थित इस उत्सव ने देश के सांस्कृतिक कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया। हजारों छात्रों और कलाकारों को एक मंच पर लाने वाला यह कला उत्सव सिर्फ एक महोत्सव नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध कला विरासत को पुनर्जीवित और सम्मानित करने का एक आयोजन बना। भारत की लुप्त होती कला शैलियों को पुनर्जीवित करने और युवा प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से, कला उत्सव 2025 का आयोजन हुआ। संगीत, नृत्य, दृश्य कला, साहित्य, फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण जैसी विधाओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने नृत्य-संक्रांति (नृत्य), कला-स्पर्धा (कला), दृश्यांतर (फिल्म निर्माण), प्रतिबिंब-युद्ध (फोटोग्राफी), संगीत-सम्राज्य (संगीत), वाणी-संघर्ष (साहित्य) और वाद-संग्राम (वाद-विवाद) जैसी श्रेणियों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। 1 लाख रुपए की कुल पुरस्कार राशि ने देशभर के कलाकारों को प्रेरित किया और इस महोत्सव को एक यादगार सांस्कृतिक आयोजन बनाया। केएलएच कैंपस दो दिनों के लिए एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र में बदल गया, जहाँ 3,000 से अधिक लोगों ने रोमांचक प्रस्तुतियों, लाइव संगीत और सेलिब्रिटी उपस्थिति का आनंद लिया। महोत्सव की भव्यता को और बढ़ाते हुए भारतीय फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियों ने भी दौरा किया, जिससे छात्रों को सिनेमा और प्रदर्शन कला से जुड़ने का अनूठा अवसर मिला। महोत्सव में ममिडी हरिकृष्ण (निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग, तेलंगाना सरकार), नवीन कुमार (आईएएस), (सचिव, सिंचाई और जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार), प्रसिद्ध अभिनेता प्रणव कौशिक और किशोर इंदुकुरी (संस्थापक एवं सीईओ, सिड्स फार्म) जैसे प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। इन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने उत्सव की भव्यता को और बढ़ाया, जिससे यह सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आयोजन बन गया। कला उत्सव 2025 के सफल आयोजन के पीछे एक दूरदर्शी नेतृत्व टीम रही, जिसने कला की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चेयरपर्सन इंजीनियर पी. साई विजय डॉ. एल. कोटेश्वर राव, डॉ. रामकृष्ण अकेल्ला, डॉ. जी. राधाकृष्ण और संयोजक जी. प्रेम सतीश कुमार के मार्गदर्शन में यह महोत्सव पारंपरिक और आधुनिक कला शैलियों का सुंदर संगम बना।

## सेल ने मैकिन्से एंड कंपनी इंडिया एलएलपी के साथ साझेदारी की

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारत की महारत्न स्टील उत्पादक सार्वजनिक उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने कंपनी में एक व्यापक डिजिटल परिवर्तन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए मैकिन्से एंड कंपनी इंडिया एलएलपी के साथ एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। सेल ने यह सहयोग कंपनी में डिजिटल परिवर्तन के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए किया है, जो परिचालन दक्षता, ग्राहक अनुभव और तकनीकी नवाचार को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते का उद्देश्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना, कंपनी के प्रदर्शन को अनुकूलित करना और तेजी से बढ़ते डिजिटल परिदृश्य में निरंतर विकास को बढ़ावा देना है, जो सेल को अत्याधुनिक डिजिटल क्षमताओं को एकीकृत करने में सक्षम करेगा, यह सुनिश्चित करेगा कि कंपनी प्रतिस्पर्धी बनी रहे और कंपनी के ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता प्रदान करे। सेल और मैकिन्से, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए, अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों को लागू करने के लिए मिलकर काम करेंगे। यह डिजिटल परिवर्तन परियोजना, खदानों से लेकर मार्केटिंग तक की प्रक्रिया की गुणवत्ता श्रृंखला के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगी, सुरक्षा और अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए, इनोवेटिव समाधानों का निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित करेगी और 3 वर्ष की समयावधि में 1000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के गुणवत्ता प्राप्ति के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करेगी।

## देश में गर्मी ने दर्ज करा दी आमद! कुछ दिनों में पारा पहुंचेगा नई ऊंचाई पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले तीन से चार दिनों में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। उत्तर-पश्चिम भारत में यह वृद्धि 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकती है, जिससे गर्मी और भी ज्यादा बढ़ने की आशंका है।

मध्य भारत और आंतरिक महाराष्ट्र में अगले चार से पांच दिनों में तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। गुजरात में अगले तीन दिनों में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है, हालांकि उसके बाद इसमें गिरावट आने की संभावना है। गुजरात के तटीय क्षेत्रों में 25 मार्च तक गर्म और आर्द्र मौसम की स्थिति बनी रहेगी।

**डब्ल्यूएमओ की चेतावनी**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (एब्ल्यूएमओ) ने विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से पूर्व चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणालियां किसी विलासिता की चीज नहीं हैं, बल्कि वे आवश्यक निवेश हैं, जो कई गुना लाभ प्रदान करते हैं।

**जलवायु परिवर्तन का खतरा**

यहां बताते चलें कि वर्ष 2024 को अब तक का सबसे गर्म वर्ष घोषित किया गया है। महासागरों के बढ़ते तापमान और समुद्र के जलस्तर में वृद्धि से दीर्घकालिक प्रभाव हो सकते हैं। तेजी से बढ़ते उष्णकटिबंधीय चक्रवात, विनाशकारी वर्षा, तूफान, बाढ़, सूखा और जंगल की आग जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**